3 राजधानी
एम्स का सर्वर आठवें दिन भी डाउन

6 अभिमत
प्लास्टिक के प्रयोग पर अंकुश जरूरी

10 विदेश
आत्मघाती हमले में चार लोगों की मौत


12 स्पोर्ट्स
भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-3 से हराया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 29
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 1 दिसम्बर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने राजनीति में विश्वसनीयता का संकट पैदा किया

राष्ट्रीय-9

# गुजरात में पिछले चुनाव से 28 गुना ड्रग, नकदी, शराब और उपहार जब्त

- बुधवार को ही 478 करोड़ की दो ड्रग निर्माण इकाइयां व ड्रग्स का भंडाफोड़, 29 नवंबर तक जब्त हुई थी 290.24 करोड़ रुपये की सामग्री

**राजेश कुमार**। नई दिल्ली



**गुजरात** में पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस बार 28 गुना अधिक नकदी, शराब, मुफ्त उपहार, ड्रग्स और ड्रग्स बनाने वाली इकाइयां पकड़ी गई हैं। गुजरात में पहले चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर चुनाव आयोग ने बुधवार को मतदाताओं को लुभाने वाले उपहारों की जब्ती के जो आंकड़े पेश किए हैं, वे बेहद चौंकाने वाले हैं।

दरअसल, बुधवार को ही 478 करोड़ रुपये की दो दवा निर्माण इकाइयां और ड्रग्स का भंडाफोड़ किया गया है। देर शाम तक प्रवर्तन एजेंसियों का वडोदरा (ग्रामीण) और वडोदरा शहर में अभियान जारी रहा। चुनाव आयोग द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, गुजरात एटीएस ने वडोदरा (ग्रामीण) और वडोदरा शहर में लगभग 478 करोड़ रुपये की दो मेफेड्रोन दवा निर्माण इकाइयां और लगभग 143 किलोग्राम मेफेड्रोन (सिंथेटिक दवा) पकड़ी है। एटीएस ने नडियाद और वडोदरा से पांच लोगों को हिरासत में लिया है। एटीएस पुलिस स्टेशन, अहमदाबाद में एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की संबंधित धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने कहा कि ऑपरेशन पूरा होने के बाद जब्ती और गिरफ्तारी का पूरा विवरण साझा किया जाएगा। इस दौरान जब्त की गई प्रतिबंधित सामग्री के अलावा 61.96 करोड़ रुपये की नशीली दवाएं बरामद की गई हैं। वर्ष 2017 के गुजरात विधानसभा चुनाव में कुल जब्ती 27.21 करोड़ रुपये थी। बीते 29 नवंबर, 2022 तक जब्ती चार्ट 290.24 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, पांच साल पहले हुए चुनाव के मुकाबले 10.66 गुना है।

बुधवार को 478 करोड़ की जब्ती इससे अलग है। आंकड़ों से पता चला है कि राज्य में शराबबंदी के बावजूद 14.88 करोड़ रुपये की 4,11851.23 लीटर शराब बरामद की गई है। इसके अलावा, चुनाव आयोग के प्रवर्तन अधिकारियों ने 15.79 करोड़ रुपये मूल्य की कीमती धातुएं और सोना तथा 171.24 करोड़ रुपये के मुफ्त उपहार जब्त किए हैं। इसी प्रकार हिमाचल प्रदेश में नशीली दवाओं, शराब, उपहारों की जब्ती में 2017 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले पांच गुना से अधिक की वृद्धि देखी गई। वर्ष 2017 के विधानसभा (शेष पेज 8)

## पहले चरण में आज 89 सीटों पर होगा मतदान

**विधानसभा** चुनाव के पहले चरण के लिए गुरुवार को सौराष्ट्र-कच्छ और राज्य के दक्षिणी हिस्सों के 19 जिलों में फैली 89 सीटों पर मतदान होगा, जहां 788 उम्मीदवार मैदान में हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि गुरुवार को 14,382 मतदान केंद्रों पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा।

पहले चरण के मतदान में जाने वाली 89 सीटों में से, 2017 के चुनाव में भाजपा ने 48 पर जीत हासिल की थी, कांग्रेस को 40 सीटें मिली थीं, जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने कब्जा जमाया था। इस बार भी मुकाबला कांटे का है। गुजरात में पहले चरण में भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के अलावा, 36 अन्य राजनीतिक संगठन मैदान में हैं। इनमें बहुजन समाज पार्टी (बसपा), समाजवादी पार्टी (सपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी (सीपीआई-एम और भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) शामिल हैं।

बीजेपी और कांग्रेस सभी 89 सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं, जबकि आप 88 सीटों पर मैदान में है। सूरत पूर्व निर्वाचन क्षेत्र से आप के उम्मीदवार ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी, जिससे पार्टी को पहले चरण में चुनाव लड़ने के लिए एक सीट कम मिली थी। अन्य पार्टियों में बसपा ने 57, बीटीपी ने 14 और माकपा ने चार उम्मीदवार उतारे हैं। पहले चरण के मतदान में 339 निर्दलीय (शेष पेज 8)

# कश्मीर फाइल्स पर लापिद ने कहा- कोई तो बोलता

- जूरी के अन्य सदस्यों ने भी मेरे जैसी राय व्यक्त की परंतु खुलकर नहीं बोल सके
- फिल्म शानदार, लेकिन इसे देखने के बाद मैंने जो महसूस किया, वह व्यक्त किया
- यदि किसी को उनकी टिप्पणी से चोट पहुंची तो वह इसके लिए माफी मांगते हैं

**बोले इजराइली फिल्म निर्देशक**




**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**द कश्मीर** फाइल्स फिल्म पर टिप्पणी से देश में बड़ा हंगामा खड़ा होने के बावजूद बुधवार को इजरायली फिल्म निर्माता नादव लापिद अपनी राय पर अडिग दिखे। अपनी टिप्पणी का बचाव करते हुए लापिद ने कहा कि किसी को तो बोलना ही था।

उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म शानदार है, लेकिन इसमें फासीवादी विशेषताएं हैं और पूरी जूरी ने अपने विचार व्यक्त किए। गोवा में दो दिन पहले भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के समापन समारोह के दौरान जूरी प्रमुख और इजराइली फिल्म निर्माता नादव लापिद ने कहा था कि द कश्मीर फाइल्स फिल्म दुष्प्रचार और अश्लील है। उनकी इस टिप्पणी से देशभर में तीखी प्रतिक्रिया हुई थी। विवाद बढ़ने पर नई दिल्ली में इजरायल के राजदूत नौर गिलोन ने सोमवार को ही लापिद से उनकी टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी और मंगलवार को फिल्म निर्माता से माफी मांगने को कहा था।

नौर ने यहां तक कहा था कि उन्हें शर्म आनी चाहिए। फिल्म द कश्मीर फाइल्स के निर्देशक विवेक अग्निहोत्री और इसमें काम कर चुके अभिनेता अनुपम खेर ने भी लापिद की कड़ी आलोचना की थी। नौर ने इस मामले में स्वयं माफी मांगी थी और कहा कि भारत एवं इजरायल के संबंध पहले से मजबूत हुए हैं। इसके बावजूद अपनी टिप्पणी पर अडिग लापिद ने इजराइली समाचार वेबसाइट वाईनेट से फोन पर बात करते हुए कहा कि यह पागलपन है, यहां क्या हो रहा है।

यह एक सरकारी उत्सव है और यह भारत में सबसे बड़ा है। यह (द कश्मीर फाइल्स) एक ऐसी फिल्म है, जिसे भारत सरकार ने भले ही न बनाया हो, लेकिन उसने कम से कम इसे असामान्य तरीके से आगे बढ़ाया। यह मूल रूप से कश्मीर में भारतीय नीति को उचित ठहराती है और इसमें फासीवादी विशेषताएं हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे दावे किए जा रहे हैं कि इस कदम ने बुद्धिजीवियों और मीडिया द्वारा छिपाए गए आयामों को (शेष पेज 8)

# गुजरात में शायद आप का खाता भी न खुले, कांग्रेस संकट के दौर में: शाह

**गुजरात चुनाव**

**भाषा**। अहमदाबाद



**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने गुजरात विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) की चुनौती को तवज्जो न देते हुए दावा किया कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी शायद अपना खाता भी न खोल सके। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई द्वारा अपने संकल्प पत्र में कट्टरपंथ विरोधी प्रकोष्ठ (एंटी-रेडिकलाइजेशन सेल) स्थापित करने के वादे को एक अच्छी पहल करार दिया और कहा कि इस पर केंद्र और अन्य राज्य सरकारें भी विचार कर सकती हैं।भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र को संकल्प पत्र का नाम दिया है।

एक साक्षात्कार में शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता, राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान गुजरात के सर्वांगीण विकास और तुष्टीकरण कतई बर्दाश्त ना करने की नीति को पिछले 27 वर्षों में लोगों द्वारा बार-बार भाजपा पर विश्वास जताने का मुख्य कारण बताया। उन्होंने कहा, गुजरात में भाजपा अप्रत्याशित जीत दर्ज करेगी।

लोगों को हमारी पार्टी और हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरा भरोसा है। गुजरात विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से शाह लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं और तकरीबन हर दिन पांच जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं।गुजरात विधानसभा चुनाव में आप की दस्तक के सवाल पर शाह ने कहा, हर पार्टी को चुनाव लड़ने का अधिकार है, लेकिन यह लोगों पर निर्भर करता है कि वे उस पार्टी को स्वीकार करते हैं या नहीं। उन्होंने कहा, गुजरात के लोगों के दिमाग में आप कहीं नहीं ठहरती है।

चुनाव नतीजों का इंतजार कीजिए, शायद आप उम्मीदवारों का नाम सफल उम्मीदवारों की सूची में आए ही नहीं। गुजरात में आम तौर पर भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला होता रहा है लेकिन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली (शेष पेज 8)

# बिल्कीस बानो की याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

**भाषा**। नई दिल्ली



**बिल्कीस** बानो ने 2002 के दुष्कर्म और हत्या मामले में दोषियों को सजा में छूट देने तथा उन्हें रिहा किए जाने को चुनौती देते हुए बुधवार को उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि वह मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने वकील शोभा गुप्ता की उन दलीलों पर गौर किया कि पीड़िता ने खुद दोषियों को सजा में छूट देने तथा उनकी रिहाई को चुनौती दी है तथा मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। उन्होंने कहा कि सजा में छूट के खिलाफ ऐसी ही अन्य याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली पीठ का हिस्सा रहे न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी अब संविधान पीठ का हिस्सा हैं। सीजेआई ने कहा, सबसे पहले पुनर्विचार याचिका की सुनवाई होगी। इसे न्यायमूर्ति रस्तोगी के समक्ष पेश करने दीजिए। जब बानो की वकील ने कहा कि मामले की सुनवाई खुली अदालत में की जानी चाहिए तो पीठ ने कहा, केवल संबंधित अदालत उस पर फैसला कर सकती है। सीजेआई ने कहा कि वह इस मुद्दे पर शाम को फैसला लेंगे।

इससे पहले, न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ ने कहा था कि वह मामले में दोषियों को सजा में छूट देने तथा उन्हें रिहा करने को चुनौती देने वाली, महिला संगठन नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमेन की याचिका पर सुनवाई करेगी। सामूहिक दुष्कर्म के इस मामले में 2002 में हुए गुजरात दंगों के दौरान बानो के परिवार के सात सदस्यों की हत्या का मामला भी शामिल है। गोधरा ट्रेन अग्निकांड के बाद (शेष पेज 8)

# अफगानिस्तान में विस्फोट कम से कम 10 छात्रों की मौत

**भाषा**। काबुल

**उत्तरी** अफगानिस्तान के एक धार्मिक विद्यालय में बुधवार को हुए बम विस्फोट में कम से कम 10 छात्रों की मौत हो गई। तालिबान के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल नफी ताकोर ने कहा कि उत्तरी समंगान प्रांत की राजधानी ऐबक में हुए इस बम धमाके में कई अन्य घायल हो गए। किसी ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि अगस्त 2021 में तालिबान के अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने बाद बढ़ी हिंसा के लिए इस्लामिक स्टेट (आईएस) को जिम्मेदार बताया जाता है। आईएस अफगानिस्तान की अल्पसंख्यक शिया आबादी को निशाना बनाकर हमले करता रहा है। साथ ही उसने खासतौर पर तालिबान से जुड़ीं सुन्नी मस्जिदों और मदरसों को भी निशाना बनाया है। तालिबान और इस्लामिक स्टेट समूह कट्टर विचारधारा का समर्थन करते हैं, लेकिन दोनों एक दूसरे के चिर प्रतिद्वंद्वी माने जाते हैं।

# जीडीपी वृद्धि दर दूसरी तिमाही में घटकर 6.3 प्रतिशत रही

- विनिर्माण, खनन क्षेत्रों में गिरावट का असर

**भाषा**। नई दिल्ली




**देश** की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में धीमी पड़कर 6.3 प्रतिशत रही। मुख्य रूप से विनिर्माण और खनन क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से वृद्धि दर सुस्त पड़ी है। हालांकि भारत दुनिया में सबसे तीव्र वृद्धि दर हासिल करने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। चीन की वृद्धि दर 2022 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 3.9 प्रतिशत रही है।

राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 8.4 प्रतिशत थी। वहीं पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2022) में यह 13.5 प्रतिशत रही थी। जीडीपी देश की भौगोलिक सीमा में एक निश्चित समय अवधि में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है। दूसरी तिमाही की यह वृद्धि दर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 6.1-6.3 प्रतिशत रहने के अनुमान के अनुरूप ही है।

आरबीआई के इस महीने जारी बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में यह संभावना जताई गई थी। एनएसओ के बयान के अनुसार, वास्तविक यानी स्थिर मूल्य (2011-12) पर देश की जीडीपी 2022-23 की दूसरी तिमाही में 38.17 लाख करोड़ रुपए रही जबकि वित्त वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही में यह 35.89 लाख थी। यह 6.3 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है। स्थिर मूल्य पर जीडीपी 2020 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 33.10 लाख करोड़ (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 63,099 | ↑ 417 | |
| निफ्टी | 18,758 | ↑ 140 | |
| सोना | 53,300 | ↓ 71 | /10g |
| चांदी | 63,199 | ↓ 66 | /kg |

## क्विक न्यूज

### विशेष अदालत ने नवाब मलिक को जमानत देने से किया इनकार

**मुंबई**। मुंबई की एक विशेष अदालत ने माफिया सरगना दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों से जुड़े एक भूमि सौदे से संबंधित कथित धनशोधन मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को बुधवार को जमानत देने से इनकार कर दिया। धनशोधन रोकथाम कानून संबंधी मामलों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायाधीश आर. एन. रोकड़े ने मलिक की जमानत याचिका खारिज कर दी। विस्तृत आदेश बाद में उपलब्ध होगा। अदालत ने आदेश सुनाते हुए कहा कि धनशोधन रोकथाम कानून की धारा 45 के तहत निर्धारित दो शर्तें पूरी नहीं हुईं। धारा 45 के अनुसार पीएमएलए मामलों में किसी आरोपी को अदालत जमानत दे सकती है, अगर यह मानने का उचित आधार है कि आरोपी प्रथम दृष्टया अपराध का दोषी नहीं है, और रिहा होने के बाद वह कोई अपराध नहीं करेगा।

# टोयोटा किर्लोस्कर के वाइस चेयरमैन विक्रम का निधन

**भाषा**। नई दिल्ली/बेंगलुरु



**टोयोटा** किर्लोस्कर मोटर के वाइस चेयरमैन विक्रम एस किर्लोस्कर का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वाहन विनिर्माता कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। वह 64 वर्ष के थे। कंपनी ने बयान में कहा, हमें टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस चेयरमैन विक्रम एस किर्लोस्कर के 29 नवंबर, 2022 को असामयिक निधन की सूचना देते हुए अत्यंत दुख हो रहा है। दुख की इस घड़ी में हम सभी से अनुरोध करते हैं कि दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करें।

कई तरह के वाहनों की बिक्री करने वाली टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) जापान की वाहन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टोयोटा मोटर और किर्लोस्कर समूह का संयुक्त उद्यम है। विक्रम एस किर्लोस्कर, किर्लोस्कर सिस्टम्स लि. के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक तथा टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस चेयरमैन थे। वह 2013 से 2015 तक वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के अध्यक्ष थे।

इसके अलावा 2019 से 2020 तक वह भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष रहे थे। किर्लोस्कर के निधन पर उद्योग जगत से लेकर राजनीतिक दलों ने शोक जताया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने अपने शोक संदेश में कहा, विक्रम किर्लोस्कर भारतीय वाहन उद्योग (शेष पेज 8)

# भारत से रिश्तों में दखल देने से बचे अमेरिका

**चीन की चेतावनी**



**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसियां**। नई दिल्ली/वाशिंगटन

**लद्दाख** में सीमा पर अभी भी बरकरार तनाव के बीच चीन ने बुधवार को अमेरिका को भारत के साथ अपने संबंधों में दखल देने से बचने की चेतावनी दी है। चीनी सैन्य निर्माण पर अपनी नवीनतम रिपोर्ट में पेंटागन ने कहा है कि लद्दाख में भारत के साथ गतिरोध से उपजे संकट की गंभीरता को चीनी अधिकारियों ने बहुत कम करके दिखाने की कोशिश की है। इस रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि मई 2020 से पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास कई इलाकों में भारतीय सेना और चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बीच गतिरोध पैदा हुआ है।

पेंटागन ने मंगलवार को पेश रिपोर्ट में कहा है कि एलएसी पर भारत के साथ टकराव के बीच चीनी अधिकारियों ने संकट की गंभीरता को कमतर दिखाने की कोशिश की है और इस बात पर जोर दिया है कि चीन की मंशा सीमा पर स्थिरता कायम करना और भारत (शेष पेज 8)

## चीन के पास 2035 तक 1,500 परमाणु आयुध भंडार होंगे: पेंटागन

**वाशिंगटन(भाषा)**। चीन के पास 2035 तक करीब 1,500 आयुध भंडार होने की संभावना है। अभी उसके पास अनुमानित रूप से 400 आयुध भंडार हैं। पेंटागन ने यह जानकारी दी। चीन के महत्वाकांक्षी सैन्य कार्यक्रम पर संसद में दी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में पेंटागन ने मंगलवार को कहा कि अगले दशक तक बीजिंग का उद्देश्य अपनी परमाणु ताकतों का आधुनिकीकरण करना, उसमें विविधता लाना और उसका विस्तार करना है। उसने कहा कि चीन की मौजूदा परमाणु आधुनिकीकरण की कवायद पहले की आधुनिकीकरण की कोशिशों के मुकाबले कहीं ज्यादा बड़े पैमाने पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन जमीन, समुद्र और वायु आधारित परमाणु मंचों की संख्या बढ़ा रहा है और अपने परमाणु बलों का विस्तार करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है। पेंटागन ने कहा कि उसका अनुमान है कि चीन का संचालनात्मक परमाणु आयुध भंडार 400 के पार चला गया है। रिपोर्ट के अनुसार, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की 2035 तक अपने राष्ट्रीय रक्षा और सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण पूरा करने की योजना है। इसमें कहा गया है, अगर चीन इसी गति से परमाणु विस्तार करता है तो 2035 तक करीब 1,500 आयुध भंडार कर सकता है।

# ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े जबरन वसूली मामले में पिंकी ईरानी गिरफ्तार

**भाषा**। नई दिल्ली

**दिल्ली** पुलिस ने ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े जबरन वसूली मामले में पिंकी ईरानी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। ईरानी ने ही कथित तौर पर अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज का ठग सुकेश चंद्रशेखर से परिचय कराया था। दिल्ली पुलिस की प्रवक्ता सुमन नलवा ने कहा कि मुंबई निवासी ईरानी, आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) कार्यालय में जांच में शामिल हुई। नलवा ने कहा, (ईरानी के खिलाफ) पर्याप्त सबूत होने के बाद उसे इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है और अदालत में पेश किया गया है, जहां से उसे तीन दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। आगे की जांच जारी है। दिल्ली की एक अदालत ने चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ (शेष पेज 8)

# यमुना सिटीः जापानी-कोरियन इंडस्ट्रियल टाउनशिप बसेगी

● रोजगार के अवसर पैदा होंगे, निवेश जुटाने के लिए विदेश जाएंगे अफसर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास जापानी और कोरियन इंडस्ट्रियल टाउनशिप बसाई जाएगी। इन दोनों टाउनशिप में हजारों लोगों को रोजगार के अवसर पैदा होंगे। यमुना प्राधिकरण एरिया में मेडिकल डिवाईस पार्क, डाटा सेंटर पार्क, इलैक्टिानिक्स मैन्यूफैक्करिंग हब और सैमी कंडेक्टर हब बनने जा रहा है। इन चारों इंडस्टियल सेक्टरों में विदेशी पूंजी निवेश के लिए यूपी के अफ सरों की टीम कनाडा, जापान और कोरिया समेत कई देशों में रोड शो करने जा रहे हैं।

रोड शो 9 दिसंबर से लेकर 18 दिसंबर तक चलेगा। इन अफ सरों के साथ यमुना अथॉरिटी और नियाल के सीईओ डॉ अरूणवीर सिंह भी जा रहे हैं। डॉ. अरूणवीर सिंह 10 से 14 दिसंबर तक जापान और कोरिया समेत कई देशों में रोड शो के जरिए उधमियों को निवेश के लिए आमंतित्र करेंगे। मेडिकल डिवाइस पार्क में अभी तक देशी.विदेशी कंपनियों को 37 प्लॉट अलॉट किए जा चुके हैं। डाटा सेंटर पार्क, सैमी कंडेक्टर पार्क और इलेक्टिानिक्स मैन्यूफैकचरिंग पार्क के लिए विदेशी निवेशकों को आमंत्रित करेंगे।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास अलग से जापानी और कोरियन सिटी बसाई जाएगी। जापान और कोरिया देशों के उघमियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया जाएगा। जिससे दोनों देश बड़ी संख्या में विदेशी पूंजी निवेश कर सकेंगे। इससे लाखों लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

## 62 परियोजनाओं में बकाया का नोटिस किया जारी

**नोएडा।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नोएडा प्राधिकरण ने कुल 62 बिल्डरों परियोजनाओं पर बकाया जमा करने का नोटिस जारी किया है। प्राधिकरण ने साफ कहा कि पैसे जमा नहीं करने वाला डिफाल्टर बिल्डरों की संपत्ति जब्त की जाएगी। आरसी के जरिये वसूली की जाएगी। उधर, बिल्डरों का कहना है कि पैसा फ्लैट वाइस रजिस्ट्री या टावर वाइस लिया जा सकता है।

## नोएडा एयरपोर्ट के पास बनेगा जिले का सबसे बड़ा साइबर क्राइम थाना



**नोएडा।** जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास जिले का सबसे बड़ा साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन बनाया जाएगा। इसके लिए यमुना अथॉरिटी 3500 वर्ग मीटर जमीन अलॉट करने जा रही है। यह साइबर क्राइम कोतवाली नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बनाई जाएगी। यमुना अथॉरिटी साईबर कोतवाली के निर्माण के लिए जमीन से लेकर निर्माण कार्य कराने के लिए तैयारी कर रही है। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन बनने का प्रस्ताव यमुना अथॉरिटी की ओर से शासन के पास भेजा गया है। यहा पर साइबर क्राइम से संबंधित सभी समस्याओं का हल होगा। एक ही छत के तले साइबर क्राइम से जुड़े पुलिस कर्मचारी तैनात होंगे। साइबर क्राइम से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। गौतमबुद्ध नगर जिले में सबसे अधिक साइबर क्राइम से संबंधित अपराध सामने आ रहे हैं।

# पुलिसिंग को और अधिक प्रभावशाली व भावनात्मक बनाया जाएगाः लक्ष्मी सिंह

● महिला आईपीएस ने नोएडा पुलिस आयुक्त का संभाला कार्यभार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्धनगर जिले की नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बुधवार को कार्यभार संभाल लिया है। इस दौरान उन्होने कहा कि पुलिस को और अधिक प्रभावशाली व भावनात्मक बनाया जाएगा।

यहां के संसाधनों को और अधिक सशक्त करने की आवश्यकता है। उस दिशा में काम करना उनकी प्राथमिकता होगा। सेक्टर 108 स्थित आयुक्त मुख्यालय पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लक्ष्मी सिंह ने कहा कि उन्होंने पहले भी इस रीजन में काम किया है, इसलिए कई प्रकार की ऐसी समस्याएं हैं, जिन्हें जानती हैं। पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यहां 10 थाने प्रस्तावित हैं। मुझे जानकारी मिली है कि वे थाने फिलहाल पुलिस चौकियों में चल रहे हैं।

इन थाना भवनों का निर्माण कराना उनकी प्राथमिकता होगा। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों को बेहतर संसाधन दिलाना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उनका मानना है कि यदि पुलिसकर्मी सही प्रकार से अपना जीवन यापन करेंगे, वह बेहतर आवास में रहेंगे तो बेहतरीन परिणाम आने की संभावना होगी। श्रीमती सिंह ने एक सवाल के जवाब में दिए कहा कि नोएडा प्राधिकरण के साथ और बेहतर तालमेल बनाए जाएंगे, ताकि जनपद गौतमबुद्ध नगर को और बेहतर बनाया जा सके। पुलिस का काम आम लोगों को सुरक्षित माहौल देने का होता है। यह उनकी प्राथमिकताओं में शामिल होगा।

उन्होंने कहा कि मैं जनता को भरोसा देना चाहूंगी कि नोएडा एक अत्याधुनिक शहर है। इसे और बेहतर पुलिसिंग मिलेगी। नोएडा एनसीआर रीजन में स्थित होने की वजह से कई मायनों में अहम है। यहां कई अत्याधुनिक संस्थाएं कार्यरत हैं, इसलिए यहां होने वाली आपराधिक वारदात का असर देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के अन्य देशों में भी जाता है। एक बेहतरीन सुरक्षा कवच देना पुलिस की प्राथमिकता है।

उनकी प्राथमिकता यहां महिलाओं को सुरक्षा और बेहतर माहौल दिया जाए। पुलिस आयुक्त का कार्यभार संभालने के बाद कमिश्नर ने बताया कि संवाद के जरिए बात बनती है। मुखबिर तंत्र को और सशक्त बनाया जाएगा। इसके लिए वह स्वयं अपनी पूरी टीम के साथ रणनीति बनाकर अन्य विभागों के साथ भी बेहतर तालमेल बनाया जाएगा। पुलिस का मकसद आम लोगों को सुरक्षित माहौल देना होता है। उसे संवाद के जरिए ही स्थापित किया जा सकता है।

## पहले पुलिस कमिश्नर अजय ने लिया चार्ज

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के पहले पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा ने बुधवार सुबह कार्यभार संभाल लिया। वे रात 2 बजे ही गाजियाबाद पहुंच गए थे। पुलिस कमिश्नर फि लहाल एसएसपी ऑफिस में ही बैठेंगे। आज देर शाम को वे पुलिस महकमे के राजपत्रित अधिकारियों की पहली बैठक ले सकते हैं। 2003 बैच के आईपीएस ऑफि सर अजय कुमार मिश्र को सोमवार देर रात ही शासन ने गाजियाबाद का पहला पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया था। इससे पहले वे लखनऊ मुख्यालय से संबद्ध थे। हाल ही में वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे थे। केंद्र में वे इंटेलिजेंस ब्यूरो में तैनात थे।

# नोएडा में अवैध फार्म हाउस पर चला बुलडोजर

● 124 फार्म हाउस ध्वस्त किए थे, 6 महीने बाद फिर हुई कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्राधिकरण की कार्रवाई लगातार जारी है। डूब क्षेत्र में बने फार्म हाउस पर आज एक बार फिर नोएडा प्राधिकरण का बुलडोजर चला। इस दौरान अवैध रूप से बने हुए फ ार्म हाउस को ध्वस्त कर दिया गया।

इस दौरान डेढ़ लाख वर्ग मीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है। नोएडा में अवैध फ ार्म हाउस पर नोएडा प्राधिकरण की कार्रवाई लगातार जारी है। गौरतलब है कि नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित इलाके वाले खादर क्षेत्र में अवैध रूप से भू.माफ्यिा और बिल्डरों ने सैकड़ों फ ार्म हाउस बनाकर खड़े कर दिए। जिनके खिलाफ करीब 6 महीने पहले नोएडा प्राधिकरण ने अभियान छेड़ा था। प्राधिकरण के एक्शन पर आपत्ति जाहिर करते हुए फार्म हाउस मालिक हाईकोर्ट गए थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नोएडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी को इन लोगों की आपत्तियां सुनने के बाद कार्रवाई करने का आदेश दिया।

# रूट पर दौड़ने को तैयार 14 नई ई-बसें, आरटीओ में हुआ रजिस्ट्रेशन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

हाल ही में गाजियाबाद को मिली 14 ई–बसों को रूट पर उतारने का रास्ता साफ हो गया है। इन सभी बसों को आरटीओ में रजिस्ट्रेशन करा दिया गया है। इसके साथ ही अब सभी 14 नई ई–बसें रूट पर दौड़ने के लिए तैयार हो गई हैं।

गाजियाबाद सिटी के पास अब 44 ई.बसें हो गई हैं। इनमें से अभी जो बसें रूट पर चल रही हैं उनकी संख्या केवल 30 है। रोडवेज के आरएम एके सिंह ई.बस संचालन समिति के सीईओ है। उनका कहना है कि नई ई–बसें किस रूट पर चलाई जाएंगी इसके लिए बाकी सदस्यों को सूचना जारी कर दी गई है।

उनका मानना है कि जल्दी ही इस को लेकर डीएम की अध्यक्षता में बैठक हो सकती है। बैठक में संचालन समिति में शामिल नगर निगम, आरटीओ, यातायात पुलिस आदि के अधिकारी भी शामिल रहेंगे।

Piramal Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) [पूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात] का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई है, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (एलसी नंबर : 19000000016 राजनगर शाखा) जयंती प्रसाद शर्मा (कर्जदार) राहुल शर्मा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 33,97,381 /– (रूपए तेतीस लाख सत्तानवे हजार तीनसौ इक्यासी मात्र) एनपीए (01–08–2022) | फ्लैट नंबर 605, छठा तल, टावर टी-3, दि अरण्या, सेक्टर–119, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201301 |
| (एलसी नंबर : 24900000139 दिल्ली जनकपुरी शाखा) सचिन वर्मा (कर्जदार) पूनम वर्मा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 32,95,830 /– (रूपए बत्तीस ख पिच्यानवे हजार आठ सौ तीस मात्र) एनपीए (04–07–2019) | फ्लैट नंबर 701, सातवां तल, टावर–जुपिटर एलियन कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच सी3/1, सेक्टर–सी–3, ट्रोनिका सिटी, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201011 |
| (एलसी नंबर : 19500041191 दिल्ली–सीपी शाखा) आशीष कुमार घोषाल (कर्जदार) सागरिका घोषाल (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 32,62,159 /– (रूपए बत्तीस लाख बासठ हजार एक सौ उनसठ मात्र) एनपीए (12–11–2021) | फ्लैट नंबर 106, प्रथम तल, टावर–ए, ऑक्सीरिच न्यू दिल्ली एक्सटेंशन जीएच–7ए, कोयल एन्क्लेव योजना, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201011 |
| (एलसी नंबर : 19800041204 दिल्ली–पीतमपुरा शाखा) आयुष मिशेल (कर्जदार) सुमन मिशेल (सह–कर्जदार 1) अरुण मिशेल (सह–कर्जदार 2) | 04–11–2022 / रू. 32,31,325 /– (रूपए बत्तीस लाख इकत्तीस हजार तीन सौ पच्चीस मात्र) एनपीए (04–07–2017) | फ्लैट नंबर 604, छठा तल, टावर–वीनस, एलियन कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच/1, सेक्टर–सी–3, ट्रोनिका सिटी, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201011 |
| (एलसी नंबर : 20000041966 नोएडा – सेक्टर 2 शाखा) सुनील कुमार वर्मा (कर्जदार) सुधा देवी (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 32,07,187 /– (रूपए बत्तीस लाख सात हजार एक सौ सत्तासी मात्र) एनपीए (03–11–2018) | ए–1502, ब्लॉक–ए, 15वां तल, एलीगेंट विले, प्लॉट नंबर जीएच–06 बी, टेक जोन–4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 13300000552 कनॉट प्लेस शाखा) पूजा सेठिया (कर्जदार) राकेश शर्मा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 31,62,154 /– (रूपए इकतीस लाख बासठ हजार एक सौ चौवन मात्र) एनपीए (04–12–2019) | फ्लैट नंबर 203, एफएच–17, द्वितीय तल, जीटीएम फोरेस्ट ऐंड हिल्स, ग्राम मोहकमपुर खुर्द, देहरादून, उत्तराखंड–248001 |
| (एलसी नंबर : 20000042953 नोएडा – सेक्टर 2 शाखा) बिरेंदर प्रसाद (कर्जदार) विजय लक्ष्मी (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 31,38,811 /– (रूपए इकतीस लाख अड़तीस हजार आठ सौ ग्यारह मात्र) एनपीए (01–01–2020) | फ्लैट नंबर जे–908, 9वां तल, टावर–जुपिटर एलियन कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 3/1, सेक्टर–सी–3, ट्रोनिका सिटी, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 |
| (एलसी नंबर : 20000041715 नोएडा – सेक्टर 2 शाखा) हिना शुक्ला (कर्जदार) गम्भीर सिंह (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 30,61,323 /– (रूपए तीस लाख इकसठ हजार तीन सौ तेईस मात्र) एनपीए (03–11–2018) | फ्लैट नंबर एफ–2201, 22वां तल, एलीगेंट विले, प्लॉट नंबर जीएच–06 बी, टेक जोन–4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 27900000450 ग्रेटर नोएडा शाखा) राम नारायण सिंह (कर्जदार) कविता सिंह (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 30,23,122 /– (रूपए तीस लाख तेईस हजार एक सौ बाईस मात्र) एनपीए (03–11–2018) | फ्लैट नंबर यूनिट नंबर ए–1801, टाइप–1, टावर ब्लॉक–ए, 18वां तल, एलीगेंट विले, नोएडा एक्सटेंशन, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201306 |
| (एलसी नंबर : 24900000248 दिल्ली जनकपुरी शाखा) बृज किशोर (कर्जदार) माया देवी (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 29,61,098 /– (रूपए उनतीस लाख इकसठ हजार अट्ठानवे मात्र) एनपीए (04–10–2016) | फ्लैट नंबर 604, छठा तल, टावर–जुपिटर एलियन कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच/1, सेक्टर–सी–3, ट्रोनिका सिटी, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 |
| (एलसी नंबर : 19800041236 दिल्ली–पीतमपुरा शाखा) दीपिका दास (कर्जदार) संजय टोप्पा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 29,46,742 /– (रूपए उनतीस लाख छियालीस हजार सात सौ बयालीस मात्र) एनपीए (05–04–2018) | फ्लैट नंबर 302, तृतीय तल, टावर–जुपिटर एलियन कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच/1, सेक्टर–सी–3, ट्रोनिका सिटी, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 |
| (एलसी नंबर : 19800041328 दिल्ली–पीतमपुरा शाखा) सईद असरार जमाल (कर्जदार) जैबुन्निसा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 29,42,142 /– (रूपए उनतीस लाख बयालीस हजार एक सौ बयालीस मात्र) एनपीए (04–12–2019) | फ्लैट नंबर 2008, 20वां तल, टावर जी, सेक्टर–1, मंगल्या ऑफिरा, प्लॉट नंबर 16 एफ, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेश–201301 |
| (एलसी नंबर : 20000041712 नोएडा – सेक्टर 2 शाखा) नवीन चन्द (कर्जदार) पूजा बवारी (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 29,39,652 /– (रूपए उनतीस लाख उनतालीस हजार छह सौ बावन मात्र) एनपीए (04–08–2019) | एलीगेंट विले, प्लॉट नंबर जीएच–06 बी, टेक जोन–4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201301 |
| (एलसी नंबर : 07100001179 रेवाड़ी शाखा) बिजेन्द्र सिंह (कर्जदार) रीता सिंह (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 29,14,275 /– (रूपए उनतीस लाख चौदह हजार दो सौ पचहत्तर मात्र) एनपीए (04–12–2019) | अपार्टमेंट नंबर 108, प्रथम तल, टावर–बी, ईड्योर, बीपी स्पेसेज, सेक्टर–56, भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान–301019 |
| (एलसी नंबर : 20000041871 नोएडा – सेक्टर 2 शाखा) बिष्णु साहू (कर्जदार) संध्या साहू (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 29,11,346 /– (रूपए उनतीस लाख ग्यारह हजार तीन सौ छियालीस मात्र) एनपीए (03–11–2019) | फ्लैट नंबर जी 1203, 12वां तल, मंगल्या ऑफिरा, प्लॉट नंबर 16 एफ, सेक्टर–1, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 27400000838 भिवाड़ी शाखा) आशुतोष कुमार (कर्जदार) दिनेश्वर प्रसाद सिन्हा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 28,83,467 /– (रूपए अट्ठाईस लाख तिरासी हजार चार सौ सड़सठ मात्र) एनपीए (30–09–2020) | यूनिट नंबर 3701, भू तल, ब्लॉक सी, आरएलएफ "दि पार्क सेक्टर–54, भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान–301019 |
| (एलसी नंबर : 20000041820 नोएडा – सेक्टर 2 शाखा) जैदेव शर्मा (कर्जदार) अपर्णा शर्मा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 28,46,625 /– (रूपए अट्ठाईस लाख छियालीस हजार छह सौ पच्चीस मात्र) एनपीए (04–10–2019) | फ्लैट 802, 8वां तल, ब्लॉक नंबर टावर जी, मंगल्या ऑफिरा, प्लॉट नंबर 16 एफ, सेक्टर–1, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 20000042039 नोएडा – सेक्टर 2 शाखा) दया शंकर मिश्रा (कर्जदार) रामादेवी दयाशंकर मिश्रा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 28,26,177 /– (रूपए अट्ठाईस लाख छब्बीस हजार एक सौ सतहत्तर मात्र) एनपीए (03–02–2019) | यूनिट नंबर जी–2102, 21वां तल, टावर जी, मंगल्या ऑफिरा, प्लॉट नंबर 16 एफ, सेक्टर–1, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 27400000607 भिवाड़ी शाखा) अजीत कुमार (कर्जदार) प्रियंका कुमारी (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 28,08,517 /– (रूपए अट्ठाईस लाख आठ हजार पांच सौ सत्रह मात्र) एनपीए (30–09–2020) | यूनिट नंबर 3603, भूतल, ब्लॉक सी, आरएलएफ "दि पार्क सेक्टर–54, भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान–301019 |
| (एलसी नंबर : 20000041901 नोएडा – सेक्टर 2 शाखा) निखिल केन (कर्जदार) सरला केन (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 27,87,989 /– (रूपए सत्ताईस लाख सत्तासी हजार नौ सौ नवासी मात्र) एनपीए (03–11–2018) | फ्लैट नंबर 1006, एलीगेंट विले, प्लॉट नंबर जीएच–06 बी, टेक जोन–4, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 13000000480 गुरुग्राम शाखा) दिनेश नेगी (कर्जदार) राधा बिष्ट (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 25,81,495 /– (रूपए पच्चीस लाख इक्यासी हजार चार सौ पिच्यानवे मात्र) एनपीए (03–02–2018) | फ्लैट नंबर जी 3, भू तल, टावर सी, प्लॉट नंबर जीएच–3 ए, सेक्टर–16 सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 19800041808 दिल्ली–पीतमपुरा शाखा) दीपक डबराल (कर्जदार) संदीप डबराल (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 25,81,399 /– (रूपए पच्चीस लाख इक्यासी हजार तीन सौ निन्यानवे मात्र) एनपीए (11–03–2022) | तृतीय तल (बैकसाइड आरएचएस बिना छत) प्लॉट नंबर 402, केएच नंबर 86(0–12) विस्तारित लाल डोरा, सेक्टर–23, ग्राम पोचनपुर तहसील द्वारका, नई दिल्ली–110075 |
| (एलसी नंबर : 27400000606 भिवाड़ी शाखा) अजीत कुमार (कर्जदार) प्रियंका कुमारी (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 24,43,915 /– (रूपए चौबीस लाख तैतालीस हजार नौ सौ पंद्रह मात्र) एनपीए (30–09–2020) | यूनिट नंबर 3602, एफएफ, ब्लॉक सी, आरएलएफ "दि पार्क सेक्टर–54, भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान–301019 |
| (एलसी नंबर : 25600000178 कड़कड़डूमा नोएडा शाखा) पंकज अरोड़ा (कर्जदार) अनिल अरोड़ा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 23,62,538 /– (रूपए तेईस लाख बासठ हजार पांच सौ अड़तीस मात्र) एनपीए (04–08–2019) | फ्लैट नंबर सी4–2004, प्रतीक ग्रैंड सिटी, स्थित 4/सीएस–01 एवं 4/सीएस–05, सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 |
| (एलसी नंबर : 19600043133 दिल्ली – सफदरजंग शाखा) नितिन गौतम (कर्जदार) मनीषा राज (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 23,18,281 /– (रूपए तेईस लाख अठारह हजार दो सौ इक्यासी मात्र) एनपीए (10–07–2022) | प्लॉट 11 द्वितीय तल, रियर एलएचएस केएच नंबर 89/16 17 24 25 90/4/1 4/2 5/1 5/2 एवं 6 रेक्ट नंबर 90 दयाल सर रोड हस्तसाल उत्तम नगर, नई दिल्ली–110059 |
| (एलसी नंबर : 25600000026 कड़कड़डूमा नोएडा शाखा) विकास (कर्जदार) सोनिया भाम्बरी (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 22,62,712 /– (रूपए बाईस लाख बासठ हजार सात सौ बारह मात्र) एनपीए (30–09–2021) | फ्लैट नंबर 1749, ब्लॉक एफ 16वां तल, गौड़ अटुल्यम प्लॉट नंबर जीएच 01 ए, सेक्टर–ओमीक्रोन 1, गौतमबुद्ध नगर ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 25500000486 नेताजी सुभाष प्लेस शाखा) चेतना शर्मा (कर्जदार) शशि शर्मा (सह–कर्जदार 1) दिनेश (सह–कर्जदार 2) | 04–11–2022 / रू. 22,45,135 /– (रूपए बाईस लाख पैंतालीस हजार एक सौ पैंतीस मात्र) एनपीए (30–09–2021) | फ्लैट नंबर जे–1001, 10वां तल, टावर–जुपिटर एलियन कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच/1, सेक्टर–सी–3, ट्रोनिका सिटी, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 |
| (एलसी नंबर : 27400000605 भिवाड़ी शाखा) कृपाल सिंह रौतेला (कर्जदार) माया रौतेला (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 21,93,822 /– (रूपए इक्की स लाख तिरानवे हजार आठ सौ बाईस मात्र) एनपीए (31–08–2021) | यूनिट नंबर 4101, भू तल, ब्लॉक सी, आरएलएफ "दि पार्क सेक्टर–54, भिवाडी, अलवर, राजस्थान–301019 |
| (एलसी नंबर : 20000041927 नोएडा – सेक्टर 2 शाखा) परिवार पांडेय (कर्जदार) अलका अंशु (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 21,88,374 /– (रूपए इक्कीस लाख अठासी हजार तीन सौ चौहत्तर मात्र) एनपीए (30–09–2021) | सी–706, 7वां तल, केविनोज, प्लॉट नंबर 5 बी, सेक्टर–16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 25500000570 नेताजी सुभाष प्लेस शाखा) अनूप सिंह बिष्ट (कर्जदार) जसप्रीत कौर (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 21,88,059 /– (रूपए इक्कीस लाख अठासी हजार उनसठ मात्र) एनपीए (04–10–2019) | यूनिट नंबर 8, 7वां तल, टावर –18, जाग आवास, सेक्टर–104, गुरुग्राम, हरियाणा–122001 |
| (एलसी नंबर : 13000001810 गुरुग्राम शाखा) सुदीप चौधरी (कर्जदार) मौली चौधरी (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 21,16,929 /– (रूपए इक्कीस लाख सोलह हजार नौ सौ उन्तीस मात्र) एनपीए (30–09–2020) | फ्लैट नंबर डी 2 803, 8वां तल, टावर डी–2, डिलाइट रेजीडेंसी, भिवाडी, अलवर, राजस्थान–301019 |
| (एलसी नंबर : 19000001507 राजनगर शाखा) शंकर कुमार (कर्जदार) रेखा कुमारी (सह–कर्जदार 1) कांति देवी (सह–कर्जदार 2) | 04–11–2022 / रू. 10,90,323 /– (रूपए दस लाख नब्बे हजार तीन सौ तेईस मात्र) एनपीए (31–05–2021) | फ्लैट नंबर 2208, 22वां तल, टावर जी, चार्म्स कैसल, राजनगर एक्सटेंशन, ग्राम नूर नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201101 |
| (एलसी नंबर : 19600043957 दिल्ली – सफदरजंग शाखा) जितेन्द्र तिवारी (कर्जदार) कमलावती देवी (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 10,72,890 /– (रूपए दस लाख बहत्तर हजार आठ सौ नब्बे मात्र) एनपीए (01–07–2022) | के–642, तृतीय तल, रियर साइड, मिडिल पोर्शन, छत के अधिकार सहित, केएच नंबर 643, गली नंबर 9, नासिरपुर, इंदिरा पार्क, नई दिल्ली–110045 |
| (एलसी नंबर : 200एनओडी37459 नोएडा – सेक्टर 2 शाखा) प्रवेश रोहिल्ला (कर्जदार) | 04–11–2022 / रू. 9,73,213 /– (रूपए नौ लाख तिहत्तर हजार दो सौ तेरह मात्र) एनपीए (01–08–2022) | एच/फ्लैट नंबर 0104, प्रथम तल, प्लॉट नबर जीएच–02, सुपरटेक जार, सेक्टर–ओमीक्रोन–1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201301 |
| (एलसी नंबर : 27900001015 ग्रेटर नोएडा शाखा) प्रमोद कुमार गुप्ता (कर्जदार) आशाराम गुप्ता (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 9,45,174 /– (रूपए नौ लाख पैंतालीस हजार एक सौ चौहत्तर मात्र) एनपीए (09–08–2022) | फ्लैट नंबर एफएफ–3, प्रथम तल, रियर एलएचएस प्लॉट नंबर सी–4/2, डीएलएफ अंकुर विहार, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 |
| (एलसी नंबर : 25600000556 कड़कड़डूमा नोएडा शाखा) स्नेह गुप्ता (कर्जदार) द्वारिका प्रसाद (सह–कर्जदार 1) रोहित कुमार (सह–कर्जदार 2) | 04–11–2022 / रू. 8,97,268 /– (रूपए आठ लाख सत्तानवे हजार दौ सौ अड़सठ मात्र) एनपीए (01–09–2022) | फ्लैट नंबर एल–1204, 12वां तल, टावर एल, नियोटाउन, प्लॉट नंबर जी एच 3, टेक जोन–4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 19000000336 राजनगर शाखा) मोहम्मद परवेज (कर्जदार) रूबीना खातून (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 8,37,096 /– (रूपए आठ लाख सैंतीस हजार छियानवे मात्र) एनपीए (01–07–2022) | फ्लैट नंबर 228–सी, तृतीय तल, कामना, सेक्टर–1, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 |
| (एलसी नंबर : 014वाई0000058 नई दिल्ली शाखा) वंदना बजाज (कर्जदार) हेमंत कुमार (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 6,22,727 /– (रूपए छह लाख बाईस हजार सात सौ सत्ताईस मात्र) एनपीए (12–05–2022) | यूनिट नंबर417, टावर–बी, चतुर्थ तल, प्लॉट नंबर 235, अनंत राज आश्रय एनआईसी (एम), नीमराणा बहरोड़ अलवर राजस्थान –301705 |
| (एलसी नंबर : 19700044333 गुरुग्राम–सोहना रोड शाखा) नम्रता सागर (कर्जदार) मोहित सागर (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 5,70,068 /– (रूपए पांच लाख सत्तर हजार अड़सठ मात्र) एनपीए (30–09–2020) | फ्लैट नंबर 1302, 13वां तल, टावर–3, ग्लोबल हिल व्यू,सेक्टर–11, गुरूग्राम, हरियाणा–122001 |
| (एलसी नंबर : 01400004797 नई दिल्ली शाखा) अमृत लाल ऐंड सन्स (कर्जदार) अमृत सन्स ट्रेडेक्स प्राइवेट लिमिटेड (सह–कर्जदार 1) यशु गोयल (सह–कर्जदार 2) गीता गोयल (गारंटर 1) पुनीत गोयल (गारंटर 2) अनिल गोयल (गारंटर 3) | 04–11–2022 / रू. 4,25,36,893 /– (रूपए चार करोड़ पच्चीस लाख छत्तीस हजार आठ सौ तिरानवे मात्र) एनपीए (09–08–2022) | प्लॉट नंबर 12, 12ए, एवं 13, ब्लॉक यूए जवाहर नगर म्युनिसिपल नंबर 5844/57, सब्जी मंडी जवाहर नगर, नई दिल्ली–110007 |
| (एलसी नंबर : 09600000894 नई दिल्ली वेस्ट शाखा) मुख्त्यार सिंह यादव (कर्जदार) कांता देवी (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 1,43,83,162 /– (रूपए एक करोड़ तेतालीस लाख तिरासी हजार एक सौ बासठ मात्र) एनपीए (06–06–2019) | फ्लैट नंबर 002, ड्यूपलेक्स, भू तल, टावर एफ, हैबीटैट क्लाउड 9 प्लॉट आर/सी 1/2, सेक्टर–1, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 |
| (एलसी नंबर : 01400003922 नई दिल्ली शाखा) सतीश कुमार (कर्जदार) अंजू पोपली (सह–कर्जदार 1) शिवम एंटरप्राइजेज (सह–कर्जदार 2) | 04–11–2022 / रू. 1,32,53,603 /– (रूपए एक करोड़ बत्तीस लाख तिरेपन हजार छह सौ तीन मात्र) एनपीए (03–09–2019) | बंगला नंबर 7, 7वां तल, टावर वीएस–6, स्काईबंगलोज, प्लॉट नंबर जीएच–02, ग्राम सराय ख्वाजा, सेक्टर–41, फरीदाबाद, हरियाणा–121007 |
| (एलसी नंबर : 09600000987 नई दिल्ली वेस्ट शाखा) मृदुल गुप्ता (कर्जदार) सुभाष चंद्र गुप्ता (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 1,28,92,975 /– (रूपए एक करोड़ अठ्ठाईस लाख बानवे हजार नौ सौ पचहत्तर मात्र) एनपीए (06–06–2019) | फ्लैट नंबर आई–2302, 23वां तल, टावर आयकोनिक 9, क्लाउड 9 ग्रुप हाउसिंग, प्लॉट आर/सी 1/2, सेक्टर–1, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201012 |
| (एलसी नंबर : 07700001657 गाजियाबाद शाखा) राजेश्वर साह (कर्जदार) सारदा देवी (सह–कर्जदार 1) रमा शंकर (सह–कर्जदार 2) | 04–11–2022 / रू. 1,03,88,341 /– (रूपए एक करोड़ तीन लाख अठासी हजार तीन सौ इकतालीस मात्र) एनपीए (06–05–2018) | फ्लैट नंबर 1204, 12वां तल, टाइप–3, टावर–सी, कैपिटल गेटवे, सेक्टर–111, गुरूग्राम, हरियाणा–122001 |
| (एलसी नंबर : 09200001948 रोहिणी शाखा) अनिल कुमार मलिक (कर्जदार) आरती मलिक (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 85,11,559 /– (रूपए पिचासी लाख ग्यारह हजार पांच सौ उनसठ मात्र) एनपीए (12–05–2022) | ए–68, प्रथम तल, सेक्टर–7, टी एच ए कालोनी, सूर्य नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 |
| (एलसी नंबर : 27900000841 ग्रेटर नोएडा शाखा) वेदगर्भा खुंदराक्पम (कर्जदार) | 04–11–2022 / रू. 80,84,947 /– (रूपए अस्सी लाख चौरासी हजार नौ सौ सैंतालीस मात्र) एनपीए (06–03–2018) | यूनिट नंबर जी–1502, 15वां तल, टावर जी, मैफेयर रेजीडेंसी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 07700001743 गाजियाबाद शाखा) सुशीला देवी (कर्जदार) सौरभ जैन (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 79,93,468 /– (रूपए उनासी लाख तिरानवे हजार चार सौ अड़सठ मात्र) एनपीए (06–03–2018) | फ्लैट नंबर 703, 7वां तल, टावर–एच, प्लॉट आरसी–1/2, हैबीटैट 9 प्रोजेक्ट क्लाउड 9, सेक्टर–1, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 |
| (एलसी नंबर : 25600000950 कड़कड़डूमा नोएडा शाखा) पूर्ति (कर्जदार) कुशल कुमार (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 76,95,327 /– (रूपए छहत्तर लाख पिच्यानवे हजार तीन सौ सत्ताईस मात्र) एनपीए (11–04–2022) | फ्लैट नंबर 168, तृतीय तल, पाकेट–2, व्यास कुंज अपार्टमेंट, पप्पन कलां, सेक्टर–11, द्वारका, नई दिल्ली–110075 |
| (एलसी नंबर : 09600002139 नई दिल्ली वेस्ट शाखा) तरूण मनचंदा (कर्जदार) विनोद बाला मनचंदा (सह–कर्जदार 1) सुरेन्द्र कुमार मनचंदा (सह–कर्जदार 2) | 04–11–2022 / रू. 74,52,894 /– (रूपए चौहत्तर लाख बावन हजार आठ सौ चौरानवे मात्र) एनपीए (09–09–2022) | पी नंबर 123 एवं 123 ए, जो 5/123ए जाना जाता है, प्रथम तल, गली नंबर 5, प्लॉट नंबर 270 सी, केएच नंबर 161 निरंकारी कालोनी, ग्राम धीरपुर ओल्ड पेशावर नगर, नई दिल्ली–110009 |
| (एलसी नंबर : 19000000493 राजनगर शाखा) हेमंत गोयल (कर्जदार) निधि मित्तल (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022 / रू. 65,50,897 /– (रूपए पैंसठ लाख पचास हजार आठ सौ सत्तानवे मात्र) एनपीए (03–09–2017) | फ्लैट नंबर 1804, 18वां तल, टावर बी 1, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच–1डी, सेक्टर–16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 01–12–2022
स्थान : दिल्ली

हस्ता./–
(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

## संक्षिप्त समाचार



राष्ट्रीय नारी स्वास्थ्य जन आंदोलन यात्रा यशोदा हॉस्पिटल पहुंचीं।

### यशोदा अस्पताल में अनीमिया जांच शिविर लगाया

**गाजियाबाद।** फोग्सी की अनिमिया नेशनल राइड यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशाम्बी पहुंची और हॉस्पिटल में एक विशाल अनीमिया जांच शिविर लगाया गया। इंडियन मेडिकल असोसिएशन के नेशनल प्रेसिडेंट डॉक्टर हृषिकेश डी पाई की प्रेरणा से फोग्सी द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत खोड़ा मकनपुर ऑब्स एन्ड गायनी सोसाइटी ने यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशाम्बी के विशेष सहयोग से किया। इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोशिएशन् के नेशनल प्रेसिडेंट डॉ हृषिकेश डी पाई ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी की निदेशिका डॉ उपासना अरोड़ा ने डॉ ऋषिकेश पाई का स्वागत किया एवं फोग्सी के नॉर्थ ज़ोन की वाइस प्रेसिडेंट डॉ यशोधरा प्रदीप एवं डॉ अल्का पाण्डेय के साथ साथ डॉ प्रियाँकुर राय चेयरपर्सन फोग्सी अवेयरनेस कमिटी का भी हॉस्पिटल में उनके आगमन पर उनका अभिनंदन किया। शिविर में डॉक्टर गुंजन गुप्ता, डॉ सोमना गोयल, डॉ दीपा, डॉ मोनिका अग्रवाल, डॉ गरिमा त्यागी, डॉ वंदना जैन ने परामर्श भी दिया

### सुरक्षाकर्मी पड़ोस की बंद पड़ी कंपनी में करता रहा चोरी

**नोएडा।** नोएडा की थाना 58 पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। दोनों ही चोरों के द्वारा बंद पड़ी हुई कंपनी में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पकड़े गए चोरों में से एक चोर पड़ोस की कंपनी में ही गार्ड की नौकरी करता था। उसने एक कबाड़ी के साथ मिलकर इस चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया है और जेल भेज दिया है। नोएडा की थाना सेक्टर 58 पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर 57 में एक बंद पड़ी हुई कंपनी में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस उन चोरों की तलाश में जुट गई। इसके बाद पुलिस ने दो चोरों को सेक्टर 57 से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया। पुलिस ने इस दौरान अजय और शाहनवाज को गिरफ्तार किया। अजय ने पूछताछ में बताया कि वह सेक्टर 57 के बी 55 में एक कंपनी में रात के समय गार्ड की नौकरी करता था।

### प्लॉट बेचने के नाम पर रिटायर्ड अफसर से ठगी

**नोएडा।** थाना नॉलेज पार्क में एक रिटायर्ड आईआरएस अधिकारी ने दो लोगों को नामित करते हुए प्लॉट बेचने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने का मामला दर्ज करवाया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि रिटायर्ड आईआरएस अधिकारी अबरार अहमद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने तुगलपुर गांव में आबादी की जमीन 2 लोगों से खरीदा था। नफीस मंसूरी और साजिदा बेगम ने उनसे जमीन के एवज में एक करोड़ 20 लाख रुपया ले लिया। कुछ पैसे और देने थे। बाद में पता चला कि जमीन पर बैंक का लोन है। उन्होंने बताया कि इन लोगों ने धोखाधड़ी कर उनके पैसे हड़प लिए है।

### 14वीं मंजिल से गिरा पॉलिटेक्निक का छात्र, मौत

**गाजियाबाद।** पॉलिटेक्निक के छात्र द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पूरा मामला गाजियाबाद की आशियाना सोसायटी का है और जान गंवान वाला छात्र मूलरूप से हापुड़ का रहने वाला था। वह गाजियाबाद के नामी संस्थान से पढ़ाई कर रहा था। पुलिस को अब तक कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं है। कविनगर थाना क्षेत्र के लैंडक्राफ्ट स्थित आशियाना सोसायटी की 14वीं मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में गिरकर पॉलिटेक्निक के एक छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान हापुड़ आर्य नगर के वरदान शर्मा के रूप में हुई है। मूलरूप से हापुड़ के आर्यनगर का रहने वाला वरदान गाजियबाद स्थित हाईटैक कालेज का छात्र था। सोसायटी में वह क्यों आया और किससे मिलने आया, पुलिस अभी जांच कर रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–110002, दूरभाषः 011–40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी–9 सेक्टर–3, नोएडा–201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# नगर निगम को भ्रष्टाचार मुक्त करेंगे सारा काम होगा ऑनलाइन : सीएम

- अरविंद केजरीवाल ने मलकागंज में किया मेगा रोड शो



मलकागंज में आयोजित रोड शो में लोगों का अभिवादन करते केजरीवाल। फोटो: रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम का चुनाव अंतिम दौर में पहुंच गया है। ऐसे में राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को मलकागंज इलाके में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो कर सभी उम्मीदवारों जीताने की अपील की। इस दैरान उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि दिल्ली वाले काम रोकने वालों को नहीं, बल्कि काम करने वालों को चुनेंगे। इन लोगों ने मोहल्ला क्लीनिक और सीसीटीवी कैमरे की फाइल रोक दी, तो बड़ी मुश्किल से इसे मंजूरी दिलाई। एलजी ने योगा क्लासेज रोक दी, तो चंदा इकट्ठा कर योगा क्लासेज फिर शुरू कराई। केजरीवाल ने दावा किया कि वह दिल्ली का कोई काम रूकने नहीं देंगे।

रोड शो के दौर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चारों तरफ कचरा देखकर उनका दिल पसीज जाता है। वह मुख्यमंत्री होकर भी कुछ नहीं कर सकते क्योंकि एमसीडी भाजपा के पास है।

दिल्ली वालों ने आम आदमी पार्टी को स्कूल-अस्पताल, बिजली-पानी की जिम्मेदारी दी, तो उन्होंने सब ठीक कर दिया। उनकी सरकार ने सबका इलाज व बिजली मुफ्त कर दी। लोगों ने भाजपा को एक ही काम सफाई करने का सौंपा था, लेकिन 15 साल में ये साफ-सफाई नहीं कर पाए। अब भाजपा ने एमसीडी चुनाव में 17 केंद्रीय मंत्री और सात मुख्यमंत्री उतारे हैं। अगर ये 15 साल में एक काम कर लेते तो इतने मंत्री नहीं उतारने पड़ते। सीएम ने कहा कि दिल्ली सरकार व एमसीडी की सड़कों-नालों को लेकर कंफ्यूजन था, लेकिन अब एमसीडी में भी आप सरकार होगी तो आप की सरकार, आप का विधायक और मेरा पार्षद काम करेंगे। अगर आपने उनका पार्षद चुन लिया तो वो पांच साल आपकी जिंदगी नरक बना देगा।

इसलिए इस बार सभी आप का पार्षद चुनिए। मलका गंज में रोड शो के दौरान सीएम ने इलाके के लोगों से आप उम्मीदवारों को भारी मतों जीत दिलाकर नया इतिहास रचने की अपील की। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा नेता पिछले पांच साल से रोना रो रहे हैं। नगर निगम के कर्मचारियों को तनख्वाह नहीं मिलती है। ये लोग नर्स, डॉक्टर और सफाई कर्मचारियों का पैसा खा जाते हैं। अगर आपको अगले पांच साल भी इनका रोना सुनना है, तो इनको वोट दे देना, ये आगे भी रोते ही रहेंगे कि केजरीवाल ने फंड नहीं दिया। जबकि हमने सारा फंड दे दिया है और ये लोग सारा पैसा खा गए हैं। इनको काम नहीं करना है। केंद्र सरकार दिल्ली सरकार को एक नया पैसा नहीं देती है। फिर भी मैं कभी नहीं रोया। केंद्र सरकार से बिना फंड मिले ही मैंने आपका स्कूल बनवा दिया, सबका इलाज मुफ्त कर दिया। अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिक बना दिए, बिजली और तीर्थ यात्रा मुफ्त कर दी।

नगर निगम में बहुत ज्यादा भ्रष्टाचार है। नगर निगम में बिना पैसे का कोई काम नहीं होता है। निगम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर सभी कर्मचारियों को समय पर वेतन मिलेगा और अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी किया जाएगा। निगम भ्रष्टाचार मुक्त होगा और सारा काम ऑन लाइन होगा।

# करोड़ों दिए, साफ नहीं हुई यमुना : गडकरी

- भाजपा के स्टार प्रचारकों ने जनसभाओं को किया संबोधित



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एमसीडी चुनाव के लिए चंद ही दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार को धार देने के मकसद से बुधवार को स्टार प्रचारकों को मैदान में उतार दिया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली भर में विजय संकल्प रोड शो में 100 छोटी-बड़ी जनसभाओं को संबोधित किया और भाजपा के विकास के मुद्दे पर मतदान करने की अपील की।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा केजरीवाल सरकार को यमुना को शुद्ध करने के लिए हजारों करोड़ रुपये दिए पर अफसोस यमुना नदी पहले से ज्यादा मैली हो गई है क्योंकि दिल्ली सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए और केंद्र सरकार द्वारा मिले पैसों का क्या किया, किसी को नहीं पता। गडकरी ने बताया कि दिल्ली की दो समस्या है। पहला ट्रैफिक जाम और दूसरा प्रदूषण। इन दोनों समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र सरकार का परिवहन विभाग 60,000 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है।

केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज मंडोली में विजय संकल्प रोड शो के दौरान कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दूसरे राज्यों में जाकर कई तरह की बातें करते हैं, लेकिन आज पूरी दिल्ली पूछ रही है कि वे अपने कार्यकाल में किए गए दो काम गिनवा दें। उन्होंने कहा कि प्रचार आधारित सरकार चलाने वाले केजरीवाल ने दिल्ली को लूटने का काम किया है और निगम को फंड ना देकर आर्थिक रुप से पंगु बनाने की कोशिश की लेकिन बावजूद उसके भाजपा शासित ने दिल्ली नगर निगम में अभुतपूर्व कार्य करके दिखाया है।

इसके अलावा पीयूष गोयल, भूपेन्द्र यादव, डॉ जितेन्द्र सिंह, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद तेजस्वी सूर्या व दिल्ली के सातों सांसद रोड शो में शामिल हुए।

## जंतर-मंतर में धरने पर बैठे दिल्ली पंचायत संघ के ग्रामीण

**नई दिल्ली।** एमसीडी चुनाव में राजनीतिक दलों ने अपने घोषणा पत्र में गांवों व अनधिकृतत कालोनियों की अनदेखी करने के विरोध में दिल्ली पंचायत संघ के पंचों ने जंतर मंतर पर धरना दिया।

संघ के प्रमुख थान सिंह यादव की अगुवाई में पूर्व परिवहन एवं विकास मंत्री देवेंद्र सिंह शौकीन व पालम 360 खाप के प्रधान चौ. सुरेंद्र सोलंकी, पंच प्रमुख सुनील शर्मा, राजकुमार यादव, वेद प्रकाश, सुरेश अहलावत आदि व्यक्ति शामिल हुए। इस दौरान संघ के पंचों ने गांवों व अनधिकृत कालोनियों के मसले लिखी तख्तियां हाथों में लेकर और उनके समर्थन में नारेबाजी करके राजनीतिक दलों को सजग करने के साथ-साथ उनको चेतावनी दी।

थान सिंह यादव ने कहा कि एमसीडी चुनाव के मद्देनजर भाजपा, आप व कांग्रेस को गांवों व अनधिकृत कॉलोनियों से जुड़ी 18 सूत्री मांग पत्र भेजा गया था। साथ ही उनसे अनुरोध किया गया था।

# केजरीवाल की कर्म भूमि में आप को लगाना पड़ रहा जोर

एमसीडी का रण

## सुंदर नगरी वार्ड

ज़ाहिद अली। नई दिल्ली



मोहिनी जीनवाल (आप)



रेनू (भाजपा)



पूजा रानी (कांग्रेस)

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कर्मस्थली रही सुंदरनगरी वार्ड का चुनाव बड़े दिलचस्प मोड पर है। इस सीट पर नए सीमाकंन के बाद बदले जातीय समीकण के चलते केजरीवाल को जोर लगाना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी ने अपनी मौजूदा पार्षद विमलेश कोली का टिकट काटा और सीमापुरी सीट की पार्षद रही मोहिनी जीनवाल को टिकट थमाया है। वहीं पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम के इस्तीफे के बाद आप उम्मीदवार को अलग चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। जीनवाल वाल्मीकी समाज से आती है। इस सीट पर मुस्लिम समुदाय के बाद वाल्मीकी समुदाय की तादाद सबसे ज्यादा है। सुंदरनगरी भाजपा की कभी परंपरागत सीट नहीं रही है। यहां सिर्फ 2012 में भाजपा के कमलेश गर्ग ने जीत दर्ज की थी। इस बार भाजपा की रेनू इस सीट पर दमदार ताल ठोंक रही है। वह अपने प्रचार अभियान में प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर वोट मांग रही है। वहीं कांग्रेस की पूजा रानी इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला बनाये हुए है। पूजा को उम्मीद है आप और भाजपा से नाराजगी के चलते मतदाता कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेंगे। इस पूरी चुनाव में औवेसी की पार्टी एमआईएम ने चुनाव और भी दिलचस्प बना दिया है। यहां पर निर्दलीय चुनाव लड़ रही चित्रा शालिनी को एमआईएम ने समर्थन दिया है। मुस्लिम समुदाय के भरोसे शालिनी तीनों बड़ी पाटियों को कड़ी टक्कर दे रही है।




### सुंदरीनगरी के मुख्य मुद्दे

क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, पार्कों का सौंदर्यकरण, स्ट्रीट लाइट का सुधार, नालियों व नालों की नियमित सफाई आदि।

### जातीय समीकरण

मुस्लिम- 34000
वाल्मीकि-12000
जाटव - 9000
कोली- 7000
अन्य: 3000




### वार्ड 218 सुंदर नगरी, महिला

पूर्व पार्षद

| | |
|---|---|
| 1997- | शिमला बेनीवाल, कांग्रेस |
| 2002- | किरणवती टांक, कांग्रेस |
| 2007- | संतोष कुमार, निर्दलीय |
| 2012- | कमलेश गर्ग, बीजेपी |
| 2017- | विमलेश कोली, आप |

## चौहान बांगर वार्ड



शगुफ्ता चौधरी (कांग्रेस)



आसमां (आप)



सबा गाजी (भाजपा)

लगभग 99 प्रतिशत मुस्लिम बाहुल्य इलाका चौहान बांगर वोर्ड में इस बार चुनावी मुकाबला अलग रंग में है। यहां पर मौजूदा विधायक अब्दुल रहमान की पत्नी आसमां रहमान और पूर्व विधायक चौधरी मतीन की पुत्र वधु शुगफ्ता चौधरी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है।

पिछले उपचुनाव में शगुफ्ता चौधरी के पति जुबैर चौधरी ने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी हाजी भूरे को इस कदर करारी हार दी जिससे पार्टी अभी तक उभर नहीं पाई है। आप ने इस बार विधायक की पत्नी पर दांव खेला है। वहीं कांग्रेस की प्रत्याशी मरकज, दिल्ली दंगा और कोरोना के मुद्दे उछालकर चुनावी प्रचार को गरमा रही है। नए सीमाकंन के बाद जो नई गलियां जुड़ी है उसमें स्थानीय होने के कारण मौजूदा विधायक का खासा प्रभाव है। यहां आम आदमी पार्टी नाली, खरांजे और सफाई का मुद्दे उठाकर मतदाताओं को फिर आपने पाले में लाने का प्रयास कर रही है। चौहान बांगर सीट पर भाजपा ने भी मुस्लिम उम्मीदवार उतारा है। सबा गाजी को भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर काफी चर्चा है। इस चर्चा के पीछे जो बड़ी वजह है वह है गैंगस्टर इरफान उर्फ छेनू पहलवान। सबा गाजी छेनू पहलवान की सगी भाभी हैं। सबा छेनू के भाई सलमान की पत्नी हैं।

### वार्ड 227 महिला सुरक्षित

पूर्व पार्षद

| | |
|---|---|
| 2007- | रजिया सुल्तान, कांग्रेस |
| 2012- | आसमां रहमान, निर्दलीय |
| 2017- | अब्दुल रहमान, आप |
| 2021- | चौधरी जुबैर, कांग्रेस |

### जातीय समीकरण

मुस्लिम- 44000
अन्य: 500

### चौहान बांगर वार्ड के मुख्य मुद्दे

खराब नगर निगम स्कूलों की व्यवस्था, निजामुद्दीन मकरज प्रकरण, कोरोना में दिल्ली सरकार के आरोप, क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, पार्कों का सौंदर्यकरण, स्ट्रीट लाइट का सुधार, नालियों व नालों की नियमित सफाई आदि, लगातार खराब हो रही सड़कें, ब्रहमपुरी में हर समय लगने वाला जाम।



# चुनाव से पहले भाजपा का पक्का घर देने का वादा

- दिल्ली मास्टर प्लान 2041 के तहत साकार होगा लोगों का सपना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि झुग्गी बस्ती में रहने वाले 10 लाख लोगों समेत करीब 1.35 करोड़ दिल्लीवासियों को केंद्र सरकार द्वारा शहर में चलाई जा रही जहां झुग्गी वहीं मकान समेत अन्य पुनर्विकासात्मक पहलों से फायदा मिलेगा।

केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी में लैंड पूलिंग नीति के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए संसद के आगामी सत्र में दिल्ली विकास कानून-1957 में संशोधन करेगी। दिल्ली नगर निगम चुनाव से पहले पुरी ने भाजपा सांसदों के साथ संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्र दिल्ली सरकार के तहत आने वाली 299 झुग्गी बस्तियों के पुनर्विकास के लिए भी काम शुरू करेगा। दिल्ली की मौजूदा आबादी दो करोड़ के आसपास बताते हुए पुरी ने कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों में करीब 50 लाख लोगों को पीएम-उदय जैसी केंद्र की पुनर्विकास पहलों का फायदा मिलेगा, जबकि लैंड पूलिंग नीति का लाभ राष्ट्रीय राजधानी के 75 लाख लोगों को हासिल होगा।

ग्रुप हाउसिंग सोसायटी और डीडीए कॉलोनियों का पुनर्विकास भी हो रहा है तथा इसे शहर के मास्टर प्लान में शामिल किया गया है। दिल्ली में 675 झुग्गी बस्ती हैं। 210 झुग्गी बस्तियों में निवासियों ने जहां झुग्गी वहीं मकान योजना के तहत फॉर्म भर दिए हैं और बाकी की 166 झुग्गी बस्तियों में अगले साल मार्च तक यह काम पूरा कर लिया जाएगा।

पुरी ने बताया कि कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान भवन से कालका जी में बनाए गए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 3000 से अधिक फ्लैट्स की चाबी लाभार्थियों को सौंपी।

जेलरवाला बाग में भी एक प्रोजेक्ट है जिसमें बड़ी संख्या में फ्लैट्स बनाए गए हैं। इसके अलावा कठपुतली कॉलोनी व अन्य प्रोजेक्ट्स पर भी काम चल रहा है।

# हर घर आरओ, हाउस टैक्स में राहत

कांग्रेस का वादा

- घोषणा पत्र जारी कर पार्टी ने की कई लुभावनी घोषणाएं



घोषणापत्र जारी करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल व अन्य कांग्रेसी नेता।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए प्रचार चरम पर पहुंच गया है। आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है।

इस दौरान बुधवार को बदहाल ध्वस्त दिल्ली की तकदीर और तस्वीर को संवारने के लिए कांग्रेस ने निगम चुनाव के लिए मेरी चमकती दिल्ली घोषणा पत्र पेश किया। इसमें कांग्रेस नगर निगम की सत्ता में आते ही राजधानी दिल्ली की तस्वीर और तकदीर को संवार कर मेरी चमकती दिल्ली, शीला दीक्षित वाली दिल्ली बनाऐगी। हाउस टैक्स पिछला माफ, अगला हाफ, गांव व 32 गज से कम क्षेत्र के फ्लैट का पूर्ण टैक्स माफ की नीति को लागू किया जाऐगा।

हर गरीब के घर मुफ्त आर.ओ. देकर औसतन 10,000 रुपये वार्षिक आर्थिक मदद मुहैया कराने का वादा किया है।कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी करते हुए प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार, एआईसीसी के दिल्ली प्रभारी डा. अजय कुमार, सोशल मीडिया एवं डिजीटल प्लेटफॉर्म अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनते कहा कि उनकी पार्टी के निगम की सत्ता में आने पर कचरे का सौ फीसदी घर-घर कलेक्शन करके दिल्ली को ढलाव मुक्त और प्रदूषण मुक्त दिल्ली बनाऐंगे।

# श्रम विभाग ने अज्ञात मजदूरों को बांटे रुपये

- भ्रष्टाचार रोधी शाखा की शुरुआती जांच में पता चला है श्रम विभाग ने 900 करोड़ के कोष वितरित किए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की भ्रष्टाचार रोधी शाखा की शुरुआती जांच में पता चला है कि आम आदमी पार्टी की सरकार के श्रम विभाग ने अज्ञात मजदूरों के बीच 900 करोड़ रुपए के कोष वितरित किए हैं। हालांकि इसपर आप की तरफ से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

वर्ष 2018 में एसीबी को दिल्ली भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के तहत कर्मचारियों के फर्जी पंजीकरण के बारे में पता चला था, जिसके बाद उसने एक मामला दर्ज किया था। सूत्रों के अनुसार कि दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार रोधी शाखा की जांच में श्रम विभाग की तरफ से फर्जी और अज्ञात श्रमिकों को 900 करोड़ रुपए वितरित किए जाने के बारे में पता चला। दिल्ली भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड ने ऐसे श्रमिकों के रूप में कुल 17 लाख व्यक्तियों का पंजीकरण किया, जिनमें से 800 व्यक्तियों के पंजीकरण की जांच की गई। जांच में पता चला कि 800 में से 424 पंजीकरण फर्जी थे।

कुछ मामलों में, बी.टेक और एम.कॉम की डिग्री हासिल कर चुके व्यक्तियों ने खुद को निर्माण श्रमिक के रूप में पंजीकृत करवाया और 15,000 रुपए तक की राशि हासिल की। इसी तरह कभी दिल्ली नहीं आए गोरखपुर, संत कबीर नगर, मुजफ्फरपुर, जौनपुर और बाड़मेर जिलों के सैकड़ों लोगों ने दिल्ली भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकरण कराकर वित्तीय लाभ हासिल किया। कंप्यूटर के जरिए पड़ताल करने के दौरान 424 पंजीकरण फर्जी पाए गए, जिनमें से 206 के मोबाइल नंबर और पते संदिग्ध थे। पंजीकरण प्रपत्रों के सत्यापन के बाद लाभार्थियों से संपर्क किया गया, जो अलग-अलग राज्यों, विभिन्न व्यवसायों और आर्थिक रूप से अच्छी पृष्ठभूमि के संबंध रखते थे। अधिकतर पंजीकृत श्रमिकों का निर्माण कार्य से कोई लेना-देना नहीं था। बोर्ड के सदस्यों ने 22 सितंबर को कथित अनियमितताओं के सिलसिले में उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना से शिकायत की थी।

## राजधानी के सरकारी स्कूलों में 15 दिसंबर से प्री-बोर्ड परीक्षाएं

**नई दिल्ली।** सरकारी स्कूलों में 10वीं और 12वीं कक्षा के लिए प्री-बोर्ड परीक्षाएं 15 दिसंबर से 28 दिसंबर तक होंगी। शिक्षा निदेशालय के कहा कि किसी भी छात्र को परीक्षा पूरी होने से पहले उत्तर पुस्तिका जमा करने नहीं दी जाएगी और एक कक्षा में केवल 24 छात्रों को ही बैठने की अनुमति होगी।

शिक्षा निदेशालय ने बुधवार को दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि स्कूलों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि हर कक्षा में एक निरीक्षक हो।

सुबह की पाली के लिए प्री-बोर्ड परीक्षा सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े 12 बजे तक और शाम की पाली के लिए दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी।

# एम्स का सर्वर आठवें दिन भी डाउन, मरीजों की लंबी कतारें

- ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या 20 प्रतिशत बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




साइबर हमले के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का सर्वर बुधवार को लगातार आठवें दिन भी ठप रहा जिससे ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट प्रणाली बंद है। वहीं ओपीडी में आने वाले रोगियों की संख्या में 20 प्रतिशत की वृद्धि होने से लंबी कतारें लग गईं।

मरीजों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अस्पताल प्रशासन ने अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया है। बाह्य रोगी, भर्ती रोगी और प्रयोगशाला सहित सभी अस्पताल सेवाओं को कागजी रूप से किया जा रहा है। ओपीडी के अलावा डायग्नोस्टिक केंद्रों और बिलिंग काउंटरों के बाहर लंबी कतारें देखी गईं। अस्पताल के अधिकारियों के साथ ही अन्य एजेंसियां सर्वर को बहाल करने के लिए प्रयासरत हैं। इससे पहले मंगलवार को, अधिकारियों ने बताया कि सर्वर पर ई-अस्पताल डेटा बहाल कर लिया गया है। एम्स ने एक बयान जारी कर बताया कि डेटा बहाली और सर्वर को दुरुस्त करने का कार्य प्रगति पर है और डेटा की मात्रा तथा अस्पताल सेवाओं के लिए सर्वर की बड़ी संख्या के कारण कुछ समय लग रहा है। साइबर सुरक्षा के लिए उपाय किए जा रहे हैं। आपातकालीन मामलों में व्हाट्सऐप की मदद ली जा रही है। क्योंकि डॉक्टर रोगियों की जांच रिपोर्ट साझा करने के लिए इस ऐप का उपयोग कर रहे हैं।

एक डॉक्टर ने कहा, अगर भौतिक रूप से किया जाता है, तो मरीजों की बड़ी संख्या को देखते हुए घंटों लग जाएंगे। सूत्रों ने कहा कि जांच एजेंसियों की सिफारिशों के अनुसार अस्पताल में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल (सर्ट-इन), दिल्ली पुलिस और गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि रैंसमवेयर हमले की जांच कर रहे हैं। रैंसमवेयर हमले के कारण कंप्यूटर तक पहुंच बाधित हो जाती है। करीब 2400 कंप्यूटर में एंटीवायरस मैन्युअल तरीके से डाला गया है।

# जनता सरकार मोर्चा ने सामाजिक मुद्दों पर आवाज की बुलंद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### कमला नेहरू पार्क में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

**यहां** कमला नेहरू पार्क में जनता सरकार मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की ओर से राजीव दीक्षित की जयंती और पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में एडवोकेट साहिल गोयल ने शिरकत की। जनता सरकार मोर्चा की स्थापना से लेकर अभी तक की उपलब्धियों पर चर्चा यहां की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय परंपरा के मुताबिक हवन यज्ञ से हुई। तदपश्चात राजीव दीक्षित की प्रतिमा को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत मोर्चे की विशेषता पर बात करते हुए मोर्चे के कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र सोलंकी, योगेश अरोड़ा, विवेक भांभू, निर्मला पांडे, आशीष डबास, अशोक गुज्जर ने उपस्थित कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि बिना किसी नेता और पद की औपचारिक घोषणा के पूरे प्रदेश में जिला स्तर से ब्लॉक स्तर पर स्वानुशासित होकर निस्वार्थ कार्य किया जा रहा है। इतना ही नहीं, हरियाणा से प्रेरणा लेकर देशभर में लोग संगठित होकर अंतरराष्ट्रीय षडयंत्रों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने लगे हैं। जनता सरकार मोर्चा के गठन के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए मोहित खटाना ने कहा कि इस संगठन का उद्देश्य केवल सरकारों की गलत नीतियों के विरोध तक सीमित ना होकर, समाज और देश के लिए रचनात्मक कार्य करने का भी है। देश को बचाने के लिए गांव को बचाना होगा।


गुरुग्राम के कमला नेहरू पार्क में जनता सरकार मोर्चा के कार्यक्रम में मौजूद मोर्चा के पदाधिकारी।

मोहित तोमर ने कहा कि यह ज्ञान युद्ध है। यहां केवल जागृत लोग ही बच पाएंगे। जीतने के लिए आपको संघर्ष अपने स्वयं, अपने घर, रसोई, खेत, समाज के स्तर को ऊपर उठाने के लिए करना होगा। कुलदीप डबास ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही असली सरकार होती है। अधिकारियों का असली दायित्व है जनता के अधिकारों की रक्षा करना। कोरोना की आड़ में अधिकारियों ने जनता के मौलिक अधिकारों का हनन होने पर जेएसएम ने ही विरोध किया था।

भविष्य की योजनाओं पर योगेश अरोड़ा ने कहा कि आने वाले समय में मोर्चे के साथी अपने सभी सदस्यों के लिए सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक स्वावलंबन, ग्राम उद्योग, शिक्षा सुधार, चिकित्सा सुधार, न्याय व्यवस्था में समाज की भागीदारी सुनिश्चित करेंगें। इस अवसर पर प्रदीप कटारिया, नरेंद्र सिंह, डा. राजा राम सैनी, भाग सिंह, विवेक भांभू वी समेत काफी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सेक्टर-37 में बनेगा 66केवी सब-स्टेशन, मंत्री ने दी अनुमति


दीपक मैनी।

**गुरुग्राम।** फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रयासों से सेक्टर-37 औद्योगिक क्षेत्र में नया 66 केवी सब-स्टेशन बनाया जाएगा। बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने इसकी अनुमति दे दी है। फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी ने बताया कि इस पर जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री इस सब-स्टेशन की मांग पिछले 1.5 वर्ष से लगातार उठा रही थी। दो महीने पहले फेडरेशन के एक कार्यक्रम में बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने जल्द ही इस सब-स्टेशन के कार्य को शुरू करने की बात कही थी। अब बिजली विभाग की तरफ से इसके बारे में फेडरेशन को एक लेटर भी भेजा गया है, जिसमें इस सब-स्टेशन के कार्यों की पूरी जानकारी है। फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी ने कहा कि फेडरेशन माननीय बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती है। जल्द ही फेडरेशन के सदस्य मंत्री से मिलकर उनका धन्यवाद करेंगे। यह सब-स्टेशन बनने के बाद बिजली आपूर्ति के मामले में सेक्टर-37 के उद्योगों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। 24 घण्टे उद्योगों की निर्बाध बिजली की आपूति होने से जरनेटर उपयोग करने की जरूरत नही होगी। साथ ही प्रदूषण का स्तर भी घटेगा।

### आयुष्मान व अंत्योदय योजना का सभी को मिलेगा लाभ

**सोहना।** स्थानीय नागरिक अस्पातल में प्रदेश सरकार की आयुष्मान और अंत्योदय योजना को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। योजना के तहत उम्र के अनुसार आयुष्मान श्रेणी में आने वाले नागरिकों का उम्र के अनुसार उपचार होगा। जिसको छह श्रेणियों में नागरिकों को रखा गया है। अंत्योदय और आयुष्मान श्रेणी में आने वाले नागरिक का उपचार के क्षेत्र में लाभ देने का कार्य शुरु कर दिया है। इसका लाभ अधिक से अधिक नागरिकों को मिल सके। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्वे भी किया जा रहा है। सर्वे में नागरिकों को 6 अलग-अलग श्रेणी में रखा है। 0 से 6 माह, 6 माह से 5 वर्ष, 5 से 18 वर्ष, 18 से 40 वर्ष और 40 से 60 वर्ष की उम्र प्राप्त नागरिकों को उपचार सुविधा की श्रेणी सर्वे के बाद रखा जाएगा। जिनका उपचार के साथ-साथ रोग की जांच वाले सभी प्रकार के टेस्ट फ्री होंगे। स्वास्थ्य विभाग के एसएमओ दशरथ राव ने कहा कि नागरिक अस्पताल में आयुष्मान श्रेणी में आने वाले रोगियों की जांच के लिए डॉक्टरों की अलग से टीम स्थापित की है। जिनके लिए विषेश जांच रुम बनाया है। जिससे आयुष्मान श्रेणी में आने वाले नागरिक को लाइन में अधिक समय तक खड़ा न रहना होगा। नागरिक अस्पातल क्षेत्र में 15 हजार नागरिक आयुष्मान कार्ड धारक है। जिनकी उम्र जांच को लेकर सर्वे का कार्य शुरु कर दिया है। प्रदेश सरकार के आदेशानुसार इस श्रेणी में आने वाले नागरिकों के रोग का उपचार समय पर और अच्छी देखरेख में किया जाएगा।

# निर्माण गतिविधियों के लिए मॉडल कोड तैयार करे नारेडको : पी. राघवेन्द्र



एक होटल में नारेडको हरियाणा रियल एस्टेट समिट 2022 और बायर-सेलर इंटरफेस कार्यक्रम में बोलते हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) के चेयरमैन पी. राघवेंद्र राव।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### नारेडको हरियाणा रियल एस्टेट समिट-2022 और बायर-सेलर इंटरफेस कार्यक्रम में कही यह बात

**हरियाणा** राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) के चेयरमैन पी. राघवेंद्र राव ने नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (एनएआरईडीसीओ) से प्रदूषण नियंत्रण के लिए मानदंड तय करने के लिए एक मॉडल कोड लाने का आग्रह किया, ताकि व्यवहार्य औद्योगिक गतिविधियां हो सकें, जो सरकार द्वारा प्रतिबंधित नहीं हों। इससे पूरे सेक्टर का विकास तेज हो सकेगा और पूरा काम तय नियमों के तहत प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा।

यहां एक होटल में नारेडको हरियाणा रियल एस्टेट समिट 2022 और बायर-सेलर इंटरफेस कार्यक्रम में पी. राघवेंद्र राव ने कहा कि सुझाए गए मॉडल कोड को अनुसंधान से संबंधित संस्थानों द्वारा मान्य किया जाना चाहिए ताकि उनकी वैधता पर सवाल न उठाया जाए। श्री राव ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए आदर्श संहिता (कोड ऑफ कंडक्ट) का विवरण भी डेटा द्वारा समर्थित और मान्य होना चाहिए, ताकि आचार संहिता में सुझाए गए मापदंडों पर बिना किसी अड़चन के विचार किया जा सके।

उन्होंने उद्योग और नारेडको को सलाह दी कि वे अपने सदस्यों और सभी पहलुओं को दोहरी ईंधन सेटों जैसे गैस सेट और जनरेटर सेट के उपयोग को अपनाने के लिए प्रेरित करें, ताकि निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सके। जिसमें गैस आधारित सेट का योगदान 60 प्रतिशत से कम न हो। जनरेटर सेट हो सकते हैं। साथ ही 40 प्रतिशत के अनुपात के लिए निर्माण गतिविधियों के लिए उपयोग किया जाता है।

एचएसपीसीबी के चेयरमैन ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण उपायों का उद्देश्य प्रदूषित जल के पुन: उपयोग और रीसाइक्लिंग को कम करना होना चाहिए। यहां तक कि नालों में जाने वाले पानी का भी ट्रीटमेंट किया जाना चाहिए। श्री राव ने यह भी बताया कि सरकार निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर अनावश्यक प्रतिबंध नहीं लगाती है, लेकिन जब स्वास्थ्य कारणों की बात आती है तो कड़े उपायों की आवश्यकता होती है।

श्रीराव ने इंडस्ट्री सेक्टर से यह कहते हुए आग्रह किया कि प्रदूषण का मुकाबला करने के लिए सरकार गर्मियों और सर्दियों के दौरान जो भी कदम उठाती है, वह सही भावना के साथ होती है। इसकी जांच नहीं की जानी चाहिए। क्योंकि सरकार के फैसले अच्छी तरह से विचार-विमर्श के बाद सामने आते हैं। नारेडको के चेयरमैन प्रवीण जैन ने सरकार को आश्वासन दिया कि सरकार द्वारा नारेडको से प्रदूषण कम करने के उपाय सुझाने के लिए जो कुछ भी मांगा जाएगा, उसे संगठन द्वारा एकत्र कर भेजा जाएगा।

# आम, गरीब आदमी को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रही हैं संस्थाएं : सुधीर सिंगला

**गुरुग्राम।** सबका सहयोग चैरिटेबल क्लीनिक की मंगलवार को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्लीनिक के डॉ. विवेक चुग संस्थापक व आलोक अरोरा अध्यक्ष, नितिन वाधवा उपाध्यक्ष, सचिव दीपक ठक्कर, कोषाध्यक्ष अमित खन्ना मौजूद रहे।

क्लीनिक के शुभारंभ के बाद उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि आम, गरीब आदमी के स्वास्थ्य के लिए समाजसेवी संस्थाओं की ओर से चलाए जाने वाले चैरिटेबल अस्पताल, क्लीनिक गुरुग्राम में सेवाएं दे रहे हैं। इनमें हजारों लोग स्वास्थ्य लाभ लेते हैं। उन्होंने शहर की संस्थाओं का इस बात के लिए आभार भी जताया। विधायक ने कहा कि सबका सहयोग चैरिटेबल क्लीनिक भी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे, ताकि यहां अधिक से अधिक लोग उपचार कराने आएं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है। गुरुग्राम के हिसाब से यहां पर नागरिक अस्पताल का विस्तार किया जा रहा है। आने वाले समय में यहां पर पुराने नागरिक अस्पताल की नई भव्य इमारत खड़ी होगी। इस अस्पताल को अब 400


सबका सहयोग चैरिटेबल क्लीनिक के शुभारंभ पर विधायक सुधीर सिंगला को स्मृति चिन्ह देते आयोजक।

बेड का बनाया जाएगा। इमारत को तोड़े जाने का काम अंतिम चरण में हैं। इसके बाद निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी। इसी तरह से सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल का भी विस्तार किया जा रहा है। अस्पताल की इमारत के ठीक पीछे नई इमारत बना दी गई है। अब उसके अंदर-बाहर निर्माण का काम किया जा रहा है। वह इमारत भी जल्द ही अस्पताल को सौंप दी जाएगी। इस तरह से गुरुग्राम शहरी क्षेत्र में दो बड़े अस्पताल हो जाएंगे, जहां पर दोनों क्षेत्रों के लोग अपने घर से दूरी के हिसाब से आकर उपचार करा पाएंगे। कार्यक्रम में विकास मदान दीपा गांधी, गौरव सरदाना कार्यकारणी सदस्य, राजेंद्र सिरोहा नरेंद्र दुआ, यशपाल पुलानी, सचिन टूटेजा, चन्द्र प्रकाश थरेजा, अंजलि, नीरू अरोरा, मंजुल आहूजा, लाजपत बघेल, दक्ष आहूजा, संजय गुलाटी, अदेश आदि मौजूद रहे।

# तीन दिसंबर को शपथ लेंगे पंचायती राज संस्थाओं के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि

प्रवीण शर्मा। गुरुग्राम

### पंच-सरपंच संबंधित गांव, खंड समिति सदस्य ब्लॉक मुख्यालय और जिप पार्षद जिला मुख्यालय पर लेंगे शपथ

**पंचायती** राज संस्थाओं के नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों को शनिवार तीन दिसंबर को शपथ दिलवाई जाएगी। पंच-सरपंच को संबंधित गांव के ग्राम सचिवालय/स्कूल या फिर अन्य सार्वजनिक स्थल पर शपथ दिलवाई जाएगी। खंड समिति सदस्यों को संबंधित ब्लॉक मुख्यालय और जिला परिषद सदस्यों के लिए जिला मुख्यालय पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन होगा।

डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह तीन दिसंबर को सुबह दस बजे से शुरू होगा। इसके लिए ग्रामवार और ब्लॉकवार अधिकारी नियुक्त किए जा रहे हैं। जिला परिषद के सदस्यों को वे स्वयं गुरुग्राम मुख्यालय पर पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। वहीं संबंधित एसडीएम अपने-अपने खंड में प्रभारी अधिकारी होंगे जबकि फरूखनगर ब्लॉक में अतिरिक्त श्रम आयुक्त कुशल कटारिया प्रभारी अधिकारी होंगे। संबंधित बीडीपीओ अपने-अपने ब्लॉक में शपथ ग्रहण कार्यक्रमों की पूरी व्यवस्था करेंगे। डीसी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और पंचायती राज विभाग के मंत्री देवेंद्र बबली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे।

उन्होंने कहा कि पंचायती राज सस्थाओं के लिए नव-निर्वाचित सभी पंच, सरपंच, खंड समिति सदस्य और जिला पार्षदों को शपथ दिलाई जाएगी। सभी नव-निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों को पंचायती राज विभाग द्वारा शपथ कार्यक्रम के बारे में सूचित किया जाएगा।

# महाराष्ट्र में हंसराज गंगाराम अहीर एक बड़ा नाम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### ओबीसी आयोग के अध्यक्ष बने हंसराज अहीर का सुंदरलाल ने किया स्वागत

**भारतीय** जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री हंसराज अहीर को ओबीसी आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। इस खुशी में सरपंच एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष सुंदर लाल ने महेश चौहान बोहड़ाकलां, प्रवीन यादव मानेसर, दयाराम चेयरमैन, दमन यादव नखड़ौला, दारा सिंह रामपुरा के साथ उनका स्वागत किया और बधाई दी। सुंदर लाल यादव ने बताया कि महाराष्ट्र की राजनीति में हंसराज गंगाराम अहीर एक बड़ा नाम है। वे अपने प्रशंसकों के बीच हंसराज भैया के नाम से जाने जाते हैं। वे 2016 से 2019 तक केंद्रीय गृह राज्य मंत्री रहे। गंगाराम महाराष्ट्र के चंद्रपुर से 4 बार बीजेपी से सांसद रहे हैं। पार्टी में उनका विशेष स्थान है। उन्हें भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए अब ओबीसी आयोग के अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह दायित्व देकर शीर्ष नेतृत्व ने ओबीसी वर्ग का सम्मान बढ़ाया है। सुंदर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में हर वर्ग को सम्मान दिया जाता है। पार्टी के लिए मजबूती से काम करने वाले नेताओं, कार्यकर्ताओं को पार्टी, सरकार की ओर से पूरा सम्मान मिलता है। यादव समाज से निकले नेता हंसराज अहीर ने हर मंच से बिरादरी का मस्तक ऊंचा किया है। उनकी बेहतर कार्यशैली के चलते उन्हें इस पद पर नियुक्ति मिली है।

**कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाला उठाते रहे :** हंसराज अहीर वर्ष 2004 से 2006 तक यूपीए सरकार में कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाले को लगातार उठाते रहे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री, चीफ विजिलेंस कमिश्नर (सीवीसी) और सीएजी को लगातार पत्र लिखे। उनकी कोशिशों का ही यह नतीजा निकला कि कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाला सामने आ सके। उस समय हंसराज अहीर कोयल, स्टील और खानों पर संसद की स्थायी समिति के सदस्य थे। तभी उन्होंने घोटाले की


ओबीसी आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष हंसराज अहीर का स्वागत करते सरपंच सुंदर लाल व उनके साथी।

भनक लगी। वर्ष 2006 में उन्होंने इस बाबत पहला पत्र लिखा और इतने बड़े घोटाले को उजागर करके भ्रष्टाचार पर चोट करने का काम किया।

# जाह्नवी कपूर का पसंदीदा सिग्नेचर मेकअप किट अब उपलब्ध!

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### 'नायका कॉस्मेटिक' ने पहली बार जाह्नवी कपूर के तीन लिमिटेड एडिशन ब्यूटी किट-हैंडबैग हीरोज, लिप वार्डरोब और ग्लैम स्क्वाड को बिक्री के लिए उतारा!

**इस** सीजन में एक फिल्मी सितारे की तरह खूबसूरत दिखने के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि, जाह्नवी कपूर और नायका कॉस्मेटिक्स आपके साथ हैं। अपने अल्ट्रा-ग्लैम मेकअप लुक्स के लिए पहचानी जाने वाली ब्यूटी आइकॉन जाह्नवी ने पहली बार अपने तीन लिमिटेड एडिशन मेकअप किट को आपके लिए साथ रखा है। इस किट में उनके सभी पसंदीदा 'नायका कॉस्मेटिक्स' उपलब्ध हैं।

ये किट को जाह्नवी के मेकअप लुक से महिलाओं को प्रेरित करने के लिए खासतौर पर डिजाइन किया गया है। ये किट शादी और पार्टी के लिए खासतौर पर डिजाइन की गई। इसे नायका की पिंक फ्राइडे सेल में खास रूप से पेश किया गया है। इसलिए अपने आपको इस पार्टी सीजन के लिए इन तीन किट से तैयार रखें, क्योंकि, इन विशेष किट में नायका के कुछ सबसे खास प्रोडक्ट मौजूद हैं, जो होंठ और आंखों के लिए जाह्नवी के पसंदीदा हैं। जैसे ब्लैक मैजिक लिक्विड आईलाइनर, सो क्रीम लिपस्टिक, लैश टॉक वॉल्यूमाइजिंग मस्कारा और 4-इन-1 स्क्वाड आई शैडो पैलेट। छुट्टियों का मौसम हो या शादियों का उत्सव, ये किट्स हर समय के लिए आपका सबसे अलग लुक देने में अव्वल रहेंगे। नायका की ब्रांड एम्बेसडर जाह्नवी कपूर ने अपनी इन तीन सिग्नेचर किट के बारे में बात करते हुए कहा कि नायका के साथ उनकी फैशन यात्रा बेहद रोमांचक यात्रा रही है। मैं नायका कॉस्मेटिक्स के लिए अपनी लिमिटेड एडिशन किट लॉन्च करने के लिए बहुत रोमांचित हूं। मैंने ऐसे प्रोडक्ट चुने हैं, जो मेरे सबसे पसंदीदा हैं। ये शादी से लेकर पार्टियों तक और काम से लेकर हर अवसर पर मेरे मेकअप लुक में मेरी मदद करते हैं। मैंने अपनी किट के लिए लिपस्टिक के जो रंग चुने हैं, उनमें सभी जरुरी रंग है। चाहे वह न्यूड, रेड हो या पिंक। वाइन एंड डाइन आईशैडो पैलेट में वे सभी शेड्स हैं जिनकी आंखों के कम्प्लीट मेकओवर के लिए जरूरत होती है। जहां तक आईलाइनर की बात है, तो मैं पिग्मेंटेशन और उस वेंड की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं, जो मुझे परफेक्ट



ब्लैक विंग का अहसास देती है।

नायका ब्रांड के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट विशाल गुप्ता कहते हैं कि जाह्नवी कपूर फिल्मों में अपने ग्लैमरस लुक के लिए जानी जाती हैं। यही कारण है कि वे फैशन कंज्यूमर को प्रेरित भी करती रही हैं। उनके साथ जुड़ने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है कि उन्हें कुछ ऐसा करने का अवसर दिया जाए, जिसे उन्होंने व्यक्तिगत रूप से इजाद किया हो। इन लिमिटेड एडिशन किटों के साथ, हम जाह्नवी के चयन को सभी के लिए सुलभ बना देंगे, जो उनसे प्रेरणा लेकर अपने लुक को दिलकश बनाना चाहते हैं। नायका कॉस्मेटिक एड् जान्हवी कपूर लिमिटेड एडिशन किट नायका की पिंक फ्राइडे सेल में नायका.कॉम और ऐप पर उपलब्ध है।

# नप ने दी तीन करोड़ रुपये के विकास कार्यों को हरी झंडी

### नगर परिषद ने 21 वार्डों में तीन करोड़ रुपये के विकास कार्य कराने की दी हरी झंडी

### नगर में पिछले करीब छह माह से परिषद क्षेत्र में विकास कार्य हो गए थे ठप

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद प्रशासन ने तीन करोड़ रुपये के विकास कार्यों को हरीझंडी प्रदान कर दी है। तीन करोड़ की राशि से अलग-अलग वार्ड में कच्ची नालियों को पक्का करना, चौपाल निर्माण, सामुदायिक भवन आदि विकास के कार्य कराए जाएंगे।

नगर परिषद प्रशासन ने विकास कार्यों की गति की शुरुआत कर दी है। हाल ही में परिषद प्रशासन ने सभी 21 वार्ड में करीब 3 करोड़ रुपये के विकाय कार्य कराने की हरी झंडी दे दी है। वहीं ठेकेदारों को जल्द से जल्द दिए गए विकास कार्यों का निर्माण पूरा करने के निर्देश भी जारी किए है। जल्द ही नगर परिषद सदन की बैठक बुलाई जाएगी। जिसमें विकास के कार्यों को सदन की मंजूरी

> "जरूरत के अनुसार विकास कार्यों के समय पर पूरे कराएं जाएंगे। ठेकेदारों को निर्माण सामग्री में कोताही न बरतने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए है। निर्माण सामग्री की समय-समय पर जांच की जाती रहेगी।
>
> **विक्की सिंह (एक्सईएन नप)**

के बाद ठेके छोड़े जाएंगे। पिछले करीब छह माह से परिषद क्षेत्र में विकास कार्य ठप हो गए थे। जिनका कारण अधिकारियों का तबादले हो जाना रहा। लेकिन नवनियुक्त एक्सएइन विक्की सिंह ने बीच में रुके कार्यों का निर्माण शुरू करने की अनुमति उच्चाधिकारियों की मंजूरी के बाद दे दी है।

**कौन-कौने से होंगे विकास कार्य :** नगर परिषद द्वारा हाल ही में छोड़े गए ठेकों में सामुदायिक भवन, चौपाल, कच्चे रास्तों मे कंक्रीट की फर्श, बिना सीवर व पानी लाइन वाले रास्तों में ईंट की फर्श, टूटी नालियों की मरम्मत, राजकीय स्कूल में निर्माण कार्य (कमरों की मरम्मत, चार दीवारी की मरम्मत, शौचालय का निर्माण आदि कार्य) इसके अलावा अन्य सरकारी विभाग के भवन परिसर में निर्माण कार्य शामिल है।

# मैं कुछ वर्षों से रेरा अधिनियम में कमियों को उठा रहा हूं : खंडेलवाल

### हरेरा चेयरमैन ने उद्योग जगत से रेरा में बदलाव की मांग की

### रियल एस्टेट उद्योग के दिग्गज, नीति निर्माता और वरिष्ठ अफसरों ने मंथन किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नारेडको** हरियाणा रियल एस्टेट समिट 2022 और बायर-सेलर इंटरफेस में रियल एस्टेट उद्योग के दिग्गजों, नीति निर्माताओं और वरिष्ठ अधिकारियों ने एक ही मंच पर आकर मंथन किया। समिट का आयोजन नारेडको द्वारा किया गया था। यह एक शीर्ष रियल एस्टेट निकाय है, जो आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत कार्यरत है।

अपने संबोधन में हरियाणा एस्टेट नियामक प्राधिकरण (हरियाणा एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी-हरेरा) के चेयरमैन केके खंडेलवाल ने कहा कि वर्तमान रेरा अधिनियम में कुछ खामियां हैं। इन कमियों को दूर करने के बारे में बिना किसी निरंतरता के अलग-अलग तरीके से बात की गई है।


गुरुग्राम के एक होटल में नारेडको हरियाणा रियल एस्टेट समिट 2022 और बायर-सेलर इंटरफेस कार्यक्रम में बोलते हरेरा चेयरमैन केके खंडेलवाल।

श्रीखंडेलवाल ने कहा कि मैं पिछले कुछ वर्षों से रेरा अधिनियम में कमियों के मुद्दे को उठा रहा हूं, ताकि इंडस्ट्री को विभिन्न इंटरफेस के दौरान आवश्यक सुधारों के लिए प्रेरित किया जा सके। क्योंकि इंडस्ट्री लीडर्स ने नीति निर्माताओं के साथ इस मुद्दे का पालन नहीं किया। यही कारण है कि अधिनियम में अभी तक कोई बदलाव नहीं किया गया है।

उन्होंने इस समिट के दौरान इंडस्ट्री लीडर्स से कहा कि वे नारेडको के बैनर तले सरकार के सही नीति निर्माताओं में अपना प्रभाव डालें, ताकि रेरा में आवश्यक परिवर्तन प्रभावी हों और खरीदारों और विक्रेताओं दोनों को इससे कोई समस्या न हो। डेवलपर्स के प्रश्नों का जवाब देते हुए केके खंडेलवाल ने रियल एस्टेट डेवलपर्स और बिल्डरों को रियल एस्टेट अधिनियम में संशोधन और अप-ग्रेडेशन की मांग करने के लिए यूनिसॉम में एक साथ आने का आह्वान किया, ताकि सभी कमियों को दूर किया जा सके। इसमें यदि कोई सुधार किया जाता है और किफायती आवास सहित आवास के इंडस्ट्री लीडर्स और खरीदारों दोनों को काफी अधिक लाभ होगा।

श्रीखंडेलवाल ने कहा कि नारेडको को एक एक्सपर्ट और कोर समूह बनाना चाहिए और काफी गहनता से मौजूदा अधिनियम का अध्ययन करना चाहिए। यह पता लगाना चाहिए कि कानून में क्या सही है और क्या गलत है। सरकार की सहमति के लिए अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करें, ताकि सुधारात्मक बड़ी पहल की जा सके। अधिनियम सभी अंशधारकों की संतुष्टि कर सके। इसके साथ ही इसको और भी बेहतर तौर पर अपग्रेड किया जा सकेगा।

नारेडको चेयरमैन प्रवीण जैन ने कहा कि हमारा लक्ष्य मौजूदा नीतियों की प्रभावशीलता को अधिकतम करना है। हरियाणा रियल एस्टेट समिट 2022 हमें राज्य की परियोजनाओं और कार्यक्रमों की जांच करने और रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में अपनाई गई विभिन्न नीतियों के संभावित प्रभाव का आकलन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

# दवाओं से एचआईवी पॉजिटिव बच्चा हुआ पूरी तरह स्वस्थ्य

**कविता।** फरीदाबाद

### गर्भावस्था में एचआईवी पॉजिटिव होने से बच्चे को बचाना सम्भव : डॉ. शीला भगत

**एचआईवी** के प्रति विभाग द्वारा लोगों को लगातार जागरुक किया जा रहा है। इसी जागरूकता के कारण आज एक मासूम को एचआईवी जैसी भयानक बीमारी से बचाकर स्वास्थ्य विभाग ने एक नया जीवन दिया है। एचआईवी डिपार्टमेंट की इंचार्ज/डिप्टी सीएमओ डॉ. शीला भगत ने बताया कि एचआईवी पॉजिटिव एक परिवार के एक बच्चे को लगातार दवाईयों देकर एचआईवी से छुटकारा दिलाया गया है। 18 माह के बच्चे के माता-पिता समेत तीन परिजन पॉजिटिव हैं। नवजात शिशु की रिपोर्ट दो बार पॉजिटिव आई थी, लेकिन अब जांच में रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

**ऐसे आया सामने :** डॉ. शीला भगत ने बताया कि एक गर्भवती महिला की जांच में पता चला कि वह एचआईवी पॉजिटिव है। जांच करने पर पति भी एचआईवी ग्रस्त पाया गया। जन्म के बाद बच्चे के पॉजिटिव आने पर विभाग ने तीनों को दवाईयां देनी शुरू की। गर्भवती



की डिलीवरी 18 महीने पहले हुई, तो बच्चे की जन्म के तुरंत बाद ही एचआईवी से बचाव की दवा शुरू कर दी। लेकिन जब बच्चे की जांच की करने पर पता चला कि वह पॉजिटिव है। विभाग और अभिभावकों ने हार नहीं मानी और बच्चे की दवा व जांच चलती रही। दो बार पॉजिटिव आने के बाद एक



डॉ. शीला भगत।

बार फिर 18 माह की उम्र में जांच करने पर बच्चे की रिपोर्ट नेगेरिट आई है। जिसे देखते हुए विभाग की टीम खुश है कि एक बच्चे को एचआईवी से मुक्ति दिला सके। डॉ. शीला भगत ने कहा कि लोगों को जागरूक होकर बीमारी को जड़ से समाप्त करने में विभाग का सहयोग करना चाहिए। दवाओं से इसे काफी हद तक बढ़ने से रोका जा सकता है।

**26 महिलाओं की डिलीवरी:** डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. शीला भगत ने बताया कि जिले में बीते 14 वर्षो के आंकड़े देखे तो अब तक 156 गर्भवती महिलाएं एचआईवी ग्रस्त मिली हैं। जिसमें जनवरी से नवंबर 2022 में 26 गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। उन सभी की डिलीवरी हो चुकी है। अधिकतर गर्भवती महिलाएं अपने पति की लापरवाही के कारण एचआईवी की चपेट में आई हैं। उन्होंने बताया कि कम उम्र में शादी के बाद मां बनना और फिर एचआईवी से ग्रस्त पाया जाना काफी गंभीर मामला है।

**एचआईवी ग्रस्त गर्भवती महिलाओं का आंकड़ा**

| वर्ष | गर्भवती महिलाएं |
|---|---|
| 2009 | 09 |
| 2010 | 05 |
| 2011 | 06 |
| 2012 | 07 |
| 2013 | 06 |
| 2014 | 11 |
| 2015 | 06 |
| 2016 | 11 |
| 2017 | 13 |
| 2018 | 16 |
| 2019 | 15 |
| 2020 | 09 |
| 2021 | 16 |
| 2022 | 26 |

# एचटेट परीक्षा को लेकर तीन और चार को बंद रहेंगे शिक्षण संस्थान व कोचिंग सेन्टर

### हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए एसडीएम पंकज सेतिया को बनाया नोडल अधिकारी

### नेत्रहीन विद्यार्थियों को मिलेगा 20 मिनट का अतिरिक्त समय

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एडीसी** अपराजिता ने कहा कि 3 व 4 दिसम्बर को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसको लेकर एसडीएम पंकज सेतिया को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि नेत्रहिन विद्यार्थियों को 20 मिनट अतिरिक्त समय मिलेगा जबकि महिलाओं के लिए बिन्दी,मांग सिंदूर व मंगलसूत्र डालने की परीक्षा केन्द्रों पर छूट रहेगी।

परीक्षा को नकल रहित, पारदर्शी व व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न करवाने को लेकर 27 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षाओं के मद्देनजर परीक्षा केन्द्रों पर धारा -144 लागू होगी।



डीसी अपराजिता अधिकारियों के संग बैठक करते हुए।

जिला सभी प्रशिक्षण संस्थान/कोचिंग सैन्टर बन्द रहेंगे। तीन व चार दिसम्बर को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में सम्बन्धित विभागों, प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों की एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया जिसमें यह जानकारी दी गई।

अतिरिक्त उपायुक्त ने एचटेट परीक्षा को नकल रहित, पारदर्शी व व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए अधिकारियों की डयूटियां निर्धारित करते हुए एसडीएम बडखल पंकज सेतिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि तीन दिसम्बर को यह परीक्षा सायं तीन बजे से साढ़े पांच बजे तक तथा चार दिसम्बर को सुबह दस बजे से साढ़े 12 व सांय सत्र में तीन बजे से साढ़े पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्रा का आई स्केन किया जाएगा। बोर्ड की हिदायत अनुसार नेत्रहिन विद्यार्थियों को परीक्षा में 20 मिनट अतिरिक्त समय दिया जाए। महिलाओं को परीक्षा केन्द्र में मंगलसुत्र, मांग सिंदूर तथा बिंदियां लगाने की कोई पाबंधि नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे न केवल लगे होने चाहिए बल्कि प्रत्येक कैमरा चालू हालात में होना चाहिए। सभी परीक्षा केन्द्रों पर बायोमैट्रिक हाजिरी तथा जैमर की व्यवस्था रहेगी। इस परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तमाम प्रकार की तैयारियां पूर्ण की जा रही है। उन्होंने परीक्षा को लेकर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के सम्बन्ध में भी विस्तार से बताया और कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार हर नियम की पालना हर हाल में होनी चाहिए।अतिरिक्त उपायुक्त ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि परीक्षा को नकल रहित करवाने को लेकर सिक्योरिटी में कोई ढील बर्दास्त नही की जाएगी। इसको लेकर डयूटी पूरी मुस्तैदी व जिम्मेवारी के साथ निभाना सुनिश्चित करें।

अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बताया कि सायं के सत्र में परीक्षार्थी 12 बजकर 50 मिनट से दो बजे तक परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश कर सकते है। इसी प्रकार सुबह के सत्र में परीक्षार्थी 9 बजे तक परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश कर सकेंगे, वे अपने साथ मोबाईल फोन व अन्य किसी भी प्रकार का इलैक्ट्रोनिक डिवाइस लेकर नहीं जा सकते है। परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों के प्रवेश के दौरान वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी। इस बैठक में परीक्षा के नोडल अधिकारी एसडीएम बडखल पंकज सेतिया, एसडीएम बल्लबगढ़ त्रिलोक चंद, डीसीपी सतपाल सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी मुनेष चौधरी, प्रशिक्षण संस्थानओं के प्रतिनिधि तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# रबड़ फैक्ट्री में लगी आग में फंसे छह कर्मियों को पुलिस ने बचाया



**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लभगढ़

**साहूपुरा** गांव में मौजूद एक रबड़ की फैक्ट्री में बुधवार सुबह अचानक आग लग गई। आग के गुबार आसमान में उड़ते नजर आने से इलाके में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना किसी ने फायर बिग्रेड को दे दी। सूचना मिलते ही एक के बाद एक फायर ब्रिगेड की गड़िया दौड़ती नजर आईं। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। घंटों मशक्कत करने के बाद किसी तरह इस आग काबू पाया गया। इस भीषण आग में फैक्ट्री पूरी तरह जलकर राख हो गई।

गनीमत यह रही कि इस आग में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने फैक्ट्री में फंसे छह कर्मचारियों को सही सलामत बाहर निकाला। आग शॉर्ट सर्किट कारण लगी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार अन्य दिनों की तरह बुधवार सुबह भी कर्मचारी फैक्ट्री में काम कर रहे थे। सूत्रों की माने तो कुछ तारों से धुंआ उठा और फैक्ट्री में रखे रबड़ के स्टॉक में अचानक आग लग गई।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग इतनी भयंकर थी कि फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। कुछ कर्मचारी तो जान बचा कर बाहर निकल आए। लेकिन कुछ कर्मचारी आग के कारण अंदर ही फंस गए। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। थाना प्रभारी महेंद्र पाठक ने जान जोखिम में डाल कर फैक्ट्री में फंसे करीब छह कर्मचारियों को बाहर निकाला। इस दौरान फैक्ट्री पूरी तबाह हो गई। बताया जा रहा है कि आग लगने से कंपनी को काफी नुकसान हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अब सभी वर्गों के मेधावी छात्रों को मिलेगी छात्रवृति

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना वर्ष 2022-23 के लिए हरियाणा सरकार ने अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग के साथ-साथ अन्य वर्गों के छात्रों को भी शामिल कर डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र योजना में संशोधन किया है।

उन्होंने आगे बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना में अब अनुसूचित जाति एवं जन जाति, घुमंतु जाति व पिछड़े वर्ग के साथ-साथ अन्य सभी वर्गों के छात्रों को 10वीं कक्षा उपरांत छात्रवृति प्रदान की जाएगी। डीसी ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना वर्ष



डीसी विक्रम सिंह।

2022-23 के लिए चार लाख रुपये तक की पारिवारिक वार्षिक आय वाले पात्र विद्यार्थी एक दिसम्बर 2022 से 31जनवरी 2023 तक अपना आवेदन ऑनलाईन भर सकते है। ऐसे पात्र विद्यार्थी अपना आवेदन सरलहरियाना.जीओवी.इन पर ऑनलाइन कर सकते हैं। इसके अलावा वैबसाइट हरियानाएससीबीसी.जीओवी.इन व दूरभाष नम्बर 01722566219 तथा 2567009 पर सम्पर्क करें।

# मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने का आह्वान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए भागीदारी, समुदाय-आधारित दृष्टिकोण की आवश्यकता को किया रेखांकित

**मारीवाला** हेल्थ इनिशिएटिव (एमएचआई) ने आज मानसिक स्वास्थ्य और इसके अन्य मौजूदा सामाजिक-आर्थिक एवं पर्यावरणीय मुद्दों के साथ आंतरिक संबंध पर बातचीत को मुख्य धारा में शामिल करने के उद्देश्य के साथ एक उच्च स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया।

मानसिक स्वास्थ्य के लिए अधिकार-आधारित, मनोसामाजिक दृष्टिकोण की जरूरत पर प्रकाश डालते हुए, कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक संकीर्ण, जैव चिकित्सा पद्धति से अलग पद्धति अपनाने की आवश्यकता को रेखांकित किया, जो कि अधिक समावेशी और समग्र है। वक्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के लिए समुदाय-आधारित समाधानों के महत्व और कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक पारस्परिक दृष्टिकोण की जरूरत पर भी विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में कई स्वास्थ्य पेशेवरों, कार्यकर्ताओं और शिक्षाविदों ने भागीदारी की। मारीवाला हेल्थ इनिशिएटिव की ओर से राज मारीवाला, डायरेक्टर, प्रीति श्रीधर, सीईओ और अनाम मित्तल, लीड ऑफ न्यू इनिशिएटिव ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं के रूप में डॉ. अचल भगत, मनोचिकित्सक, अपोलो हॉस्पिटल, प्रिसिला गिरी, रिसर्चर, डीएलआर प्रेरणा, जो दार्जिलिंग का एक गैर सरकारी संगठन है, जो विभिन्न सामुदायिक पहलों पर काम करता है। मानसिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण को फिर से परिभाषित करने की जरूरत पर बोलते हुए, राज मारीवाला, डायरेक्टर, मारीवाला हेल्थ इनिशिएटिव ने कहा, मानसिक स्वास्थ्य एक लगातार विकसित होता मुद्दा है और इसे मौजूदा सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय परदृश्य से अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए।

# मनोज रूंगटा बने लघु उद्योग भारती के प्रदेश महासचिव

**फरीदाबाद।** लघु उद्योग भारती कार्यकारिणी की वर्चुअल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में शुभादेश मित्तल अंबाला को लघु उद्योग भारती हरियाणा प्रांतीय कार्यकारिणी का अध्यक्ष चुना गया वहीं फरीदाबाद के मनोज रूंगटा को प्रदेश महासचिव तथा यमुनानगर के रमन सलूजा को प्रदेश कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई।

नवनियुक्त तीनों पदाधिकारी जल्द ही अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे। विश्वास दिलाया कि वह लघु उद्योग भारती से जुड़े तमाम सदस्यों के हितों के लिए कार्य करेंगे और संगठन को मजबूत करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान का भरसक प्रयास करेंगे। बैठक में नई टीम से अपेक्षा की गई कि हरियाणा प्रान्त में संगठन कैसे मजबूत हो, हमारा कार्य विस्तार कैसे हो।

# प्रदूषण से निपटने को एफआईए ने किया सराहनीय प्रयास

### पिछले 25 दिनों से चलाया जा रहा है क्लीन से ग्रीन अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**वायु प्रदूषण** की मार झेल रहे दिल्ली एनसीआर के लोगो के ऊपर गंभीर बीमारी का खतरा मंडरा है वहीं, फरीदाबाद में भी जहरीली हवा होने के साथ ही एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 के पार है। प्रदूषण की गंभीर स्थिति से निपटने के लिए फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन पिछले 5 नवंबर से क्लीन से ग्रीन अभियान चला रहा है। अभियान के तहत फरीदाबाद के फैक्ट्रियों में लगे फायर सिस्टम में उपयोग हो रहे पानी से पेड़ो की धुलाई और सिंचाई कर रहे है।

एफआईए के प्रेजिडेंट नरेंद्र अग्रवाल ने बताया की एसोसिएशन के क्लीन और ग्रीन चैप्टर तहत प्रथम चरण में 30 दिन का अभियान क्लीन और ग्रीन चैप्टर के चेयरमैन



आरके फोर्ज के स्टाफ फायर एक्सटीनगुइशेर की मदद से पेड़ों पर पानी का छिड़काव करते हुए।

एस एस बांगा के देख रेख में चलाया जा रहा है। एसएस बांगा ने अभियान के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा की विभिन्न गतिविधियों के माधयम से प्रदूषण से निपटने का प्रयास किया जायेगा। पहले चरण में एफ आई ए के सभी सदस्य अपने अपने फैक्ट्री में लगे फायर एक्सटीनगुइशेर में जमा पानी से आस पास के एरिया में पेड़ों पौधे की धुलाई कर रहे हैं। जिससे फायर एक्सटीनगुइशेर की टेस्टिंग होने के साथ साथ पेड़ों पर जमे धूल मिटटी के हटने से एक्यूआई लेवल डाउन होगा। एसएस बांगा ने बताया कि अभियान के तहत इम्पीरियल ऑटो, महावीर डाई कास्टिंग, ओरिएंट इलेक्ट्रिक, शिवालिक प्रिंट, विक्टोरा इंडस्ट्रीज, विक्टोरा ऑटो, आर के फोर्ज, जीएमटी, प्रणव विकास, इको टेक, हरियाणा टेक्स्ट प्रिंट, इंडिया ऑटोटेक,अरविन्दो ऑटोमोटिव, इंडिया फैशन सहित अन्य कंपनियों ने इसमे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है. एस एस बांगा ने बताया की अभियान के दूसरे चरण में फरीदाबाद में अन्य इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, आरडब्ल्यूए और अन्य संस्थान जहाँ फायर एक्सटीनगुइशेर लगा है सभी लोगो को इस गतिविधि में जोड़ने का प्रयास किया जायेगा जिससे फरीदाबाद के प्रदूषण को कम किया जा सके।

# बीकेयू ने मनाया गया पांचवां स्थापना दिवस

**फरीदाबाद।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के प्रदेश मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड ने जानकारी देते हुए बताया कि गाँव पल्ला सेहतपुर आगरा देशी हट में आज फरीदाबाद में भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति का पांचवा स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सत्यभान चौहान ने बताया कि यह संगठन किसान और मजदूर वर्ग की सही मांगों की आवाज उठाकर पूरी कराने का कार्य करता है। उन्होंने कहा की सरकार किसान आयोग का गठन करे तभी समस्या हल होंगी। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के हरियाणा उपाध्यक्ष तुलसी चौहान ने कहा कि आज के समय में देश का किसान बहुत ही बुरी परिस्थिति में है, न तो किसान को डीएपी, यूरिया और रसायन सही समय पर नहीं मिल रहा जबकि इन सबकी कीमत भी अपने चरम पर और वजन में भी कटौती कर किसानों को सभी स्थितियों में परेशान किया जा रहा है।

# छात्राओं को बढ़ती उम्र के बदलाव से अवगत कराया



महिला रोग विशेषज्ञ छात्राओं को जागरूक करते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर** 16 ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में बढ़ती उम्र के साथ महिलाओं के होने वाले शारीरिक परिवर्तन एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर एक सत्र का आयोजन किया गया।

जिसमें महिला रोग विशेषज्ञ डा. ममता फोगाट ने छात्राओं के अनियमित माहवारी एवं अन्य बीमारियों के लक्षण तथा उनकी रोकथाम के लिए जरूरी टिप्स दिए। सत्र के अंत में सभी छात्राओं ने डॉ. ममता फोगाट से अपने प्रश्न पूछे और उन्होंने छात्राओं के सवालों का जवाब देते हुए स्वस्थ रहने के लिए खानपान पर ध्यान देने की बात कही।

प्राचार्य डा. नरेंद्र कुमार ने मुख्य वक्ता का आभार प्रकट किया तथा स्वस्थ रहने के लिए दवाइयों से अधिक स्वच्छता एवं पौष्टिक आहार के सेवन की बात कही। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापिका रितिका गुप्ता एवं अर्चना वर्मा ने भी छात्राओं के साथ अपने विचार सांझा किए। महिला प्रकोष्ठ की इंचार्ज डा. नेहा अग्रवाल ने मुख्य वक्ता का आभार प्रकट किया तथा छात्राओं को विशेषज्ञ द्वारा दी गई सलाह को अपने जीवन में अपनाने की बात कही। अवसर पर महिला प्रकोष्ठ के सदस्य नीलम रानी, दिवेश, प्रिया, डा.चंचल एवं शीतल आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिविर में विद्यार्थियों को दिया नशे से दूर रहने का संदेश



**फरीदाबाद।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की हरियाणा राज्य शाखा के सौजन्य से जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के अध्यक्ष एवं उपायुक्त विक्रम सिंह के निर्देशानुसार सचिव बिजेंद्र सौरोत के मार्गदर्शन में राजकीय आदर्श सीनियर सेकेंडरी विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में पांच दिवसीय जिला जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस पर प्रतिभागी सदस्यों रिसोर्स पर्सन पीसी गौड़ ने रेडक्रॉस प्रार्थना और मेडिटेशन के साथ शिविर के आज के कार्यकलापों का शुभारंभ किया। रिसोर्स पर्सन पुरुषोत्तम ने मोबाइल एडिक्शन एवम् मोबाइल के दुष्प्रभावों पर चर्चा की। विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि आज नशा मुक्त समाज निर्माण एवम मादक द्रव्यों के घातक परिणामों से अवगत कराते हुए ज्योति शर्मा ने कहा कि प्रारंभ में युवा स्वाद चखने के लिए नशे का सेवन करते हैं फिर धीरे धीरे नशे की बुरी आदत का शिकार हो जाते हैं तथा नशे के प्रभाव में फंसते ही चले जाते हैं। उचित परामर्श के अभाव में नशे के आदत से छुटकारा पाना कठिन हो जाता है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने प्रतिभागिता कर रहे बच्चों की प्रतियोगिता एवम अन्य गतिविधियों का अवलोकन किया। शिविर में विभिन्न विद्यालयों के 80 विद्यार्थी एवम रैडक्रॉस काउंसलर के रूप में सिही विद्यालय से प्रेम चंद, लक्कड़पुर विद्यालय रेडक्रॉस काउंसलर रेणु गिरधर, सराय ख्वाजा से गीता और रणदीप, ओल्ड फरीदाबाद से मनीष, तिलपत से नरेंद्र कुमार, अगवानपुर से सोनिया आहूजा सहित सभी अन्य काउंसलर ने भी रेडक्रॉस के शिविर में प्रतिभागिता की। डीटीओ इशांक कौशिक और प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने शिविर में प्रतिभागिता कर रहे जिला रेडक्रॉस के अधिकारियों, सभी जूनियर रेडक्रॉस सदस्यों, रिसोर्स पर्सन्स और अध्यापकों का प्रशिक्षण शिविर में विद्यालय आगमन के लिए स्वागत किया।

### साहित्य और भाषा विभाग के न्यूजलेटर का विमोचन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने साहित्य और भाषा विभाग के न्यूजलेटर सिमुलेक्रा के नवीनतम डिजिटल और प्रिंट संस्करण का विमोचन किया। न्यूजलेटर का नया संस्करण कला, भाषा, संस्कृति और साहित्य से संबंधित सामग्री को प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर डीन ऑफ फैकल्टी एंड मीडिया स्टडीज प्रो. अतुल मिश्रा, डीन (संस्थान) प्रो. संदीप ग्रोवर और विभाग के फैकल्टी सदस्य भी उपस्थित थे. प्रो. मिश्रा ने विभाग द्वारा की गई पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाचार पत्र विभागीय गतिविधियों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। अंग्रेजी की एसोसिएट प्रोफेसर और न्यूजलेटर के संपादक डॉ. दिव्यज्योति ने बताया कि सिमुलेक्रा कला और संस्कृति से संबंधित विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक समावेशी मंच है। यह सांस्कृतिक मूल्यों और लोकप्रिय विषयों पर ट्रांस-डिसिप्लिनरी और इंटर-यूनिवर्सिटी अकादमिक आदान-प्रदान के लिए एक प्रचार प्रदान करते हैं। सिमुलेक्रा फ्रांसीसी आलोचक जीन बौड्रिलार्ड द्वारा प्रस्तुत एक शब्द है, जिसने 1981 के दार्शनिक ग्रंथ में सिमुलेक्रा और सिमुलेशन की तुलना की थी जिसमें लेखक वास्तविकता, प्रतीकों और समाज के बीच संबंधों की जांच करता था।

### ब्लैकमेल कर महिला से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता की टीम ने दुष्कर्म तथा आईटी एक्ट के मुकदमें में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम हरीश है जो फरीदाबाद के पन्हेड़ा कला गांव का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ 18 अक्टूबर 2022 को महिला थाना सेंट्रल में दुष्कर्म तथा आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने एक महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने के पश्चात उसकी फोटो और वीडियो बना ली तथा उसके आधार पर महिला को ब्लैकमेल करके बार-बार उसके साथ दुष्कर्म करता रहा तथा बाद में उसकी वीडियो भी वायरल कर दी। महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म तथा आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। महिला थाना की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर रेड डाली और आरोपी को काबू कर लिया। इसके पश्चात आरोपी महिला को ब्लैकमेल करता रहा तथा वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ बार-बार दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। महिला ने आखिरकार तंग आकर उसका विरोध करना शुरू किया तो उसने महिला के वीडियो वायरल कर दी। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से वारदात में उपयोग मोबाइल फोन बरामद किया गया है। रिमांड पूरा होने के पश्चात आरोपी को अदालत में दोबारा पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### गीता महोत्सव: फूड कोर्ट एवं प्रदर्शनी स्थल का किया निरीक्षण

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि एचएसवीपी कंवेंशन हाल में बिजली पानी सहित तमाम मूलभूत सुविधाओं को तसल्ली से पूरा करके 02 से 04 दिसम्बर तक आयोजित जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार हवन स्थल, फूडकोट, प्रदर्शनी सहित महमानों और पत्रकारों के बैठने की व्यवस्था अलग से सुनिश्चित करें। उन्होंने बुधवार को अधिकारियों के साथ कंवेंशन हाल का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने अधिकारियों को कहा कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव 02 से 04 दिसंबर तक हर्ष और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाने के लिए जिला के सामाजिक-धार्मिक संगठनों की भागीदारी भी सुनिश्चित का जा रही है। जिला स्तरीय तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का मुख्य उद्देश्य विश्व में सबसे बड़े धार्मिक ग्रंथ गीता का संदेश हरियाणा की मिट्टी से ही निकला है का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करना है। ऐसे में जिला का प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में गीता के संदेश को धारण करे और नई पीढ़ी तक हम इन विचारों को पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव के दौरान हवन स्थल, फूडकोट और डीआरडीए, अक्षय उर्जा विभाग, नगर निगम, एचएसआई आईडीसी,आबकारी एवं कराधान, स्वास्थ्य, बिजली, आयुष, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बालविकास, समाज कल्याण, पशुपालन और प्रदूषण कंट्रोल विभाग और सभी विभाग अपने-अपने विभागों की विकासात्मक योजनाओं व परियोजनाओं तथा सामाजिक व धार्मिक संगठन अपनी-अपनी प्रदर्शनी बेहतरीन प्रदर्शन के लिए लगाए जाने वाले स्थानों का निरीक्षण भी किया और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों और समाज सेवी व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों से बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव का 02 दिसम्बर को हवन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का भव्य शुभारंभ होगा।

### चोरी के मुकदमे में दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने चोरी के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मोहित और सलमान का नाम शामिल है। आरोपी मोहित दिल्ली के बदरपुर तथा आरोपी सलमान मोलड़बंद के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहित को देसी कट्टे सहित फरीदाबाद के इस्माइलपुर चौक से काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। आरोपी को पल्ला थाना लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ शुरू की गई जिसमें पुलिस पूछताछ के दौरान सामने आया कि आरोपियों ने 20 दिन पहले पल्ला एरिया में एक मकान से सोने तथा चांदी के आभूषण चोरी किए थे।

## कश्मीर फाइल्स प्रकरण

### राजदूत का हस्तक्षेप

**कश्मीर** फाइल्स प्रकरण पर इस्राइल के राजदूत की टिप्पणी दोनों देशों के बीच संबंधों को देखते हुए उचित है, हालांकि इसके बावजूद फिल्म की गुणवत्ता पर सवाल बने रहेंगे। भारत में इस्राइल के राजदूत नोर गिलॉन की 'द कश्मीर फाइल्स' फिल्म पर की गई टिप्पणी फिल्मनिर्माता, सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी नेताओं के लिए आनन्ददायक है। कुछ लोगों का विचार है कि यह फिल्म एक सांस्कृतिक युद्ध का हिस्सा है जिसे हिंदुत्ववादी अवस्थापना ने शुरू किया है। विवेक अग्निहोत्री द्वारा लिखित व निर्देशित इस फिल्म का उद्देश्य प्रत्यक्ष रूप से कश्मीरी पंडितों के प्रति किए जघन्य अपराधों को उजागर करना है जिसने 'नस्ली सफाए' का रूप ले लिया था। लेकिन भाजपा-विरोधियों का मानना है कि इसका परोक्ष उद्देश्य भाजपा का एजेंडा आगे बढ़ाना है। उनका कहना है कि अग्निहोत्री इसके प्रचार में इतने व्यस्त थे कि संभवत: उन्होंने असली कहानी की ज्यादा चिन्ता नहीं की। कश्मीर में जनसंख्या के दशकों लंबे इस्लामीकरण के परिणामस्वरूप जारी प्रक्रिया ने अलगाववाद, जिहाद व पंडितों पर उन अत्याचारों की जमीन तैयार की जिनके चलते उनको यहां से पलायन करना पड़ा। फिल्म देखने वाले किसी व्यक्ति के मन में यह छवि बन सकती है कि 1980 व 1990 के दशक में मुसलमानों ने निंदनीय भूमिका अदा की जिनको धोखेबाज, कायर और क्रूर की तरह प्रस्तुत किया गया है। इसी कारण कुछ लोगों ने इस फिल्म को परंपरागत, भड़काऊ व भ्रामक बता कर इसकी निन्दा की। भारत में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, 2022 में संभवत: इसी कारण जूरी प्रमुख नदव लापिद ने कहा कि कश्मीर फाइल्स एक 'प्रचार'



की तरह है तथा यह 'भद्दी फिल्म' एक सम्मानित फिल्म फेस्टिवल में 'कलात्मक प्रतियोगी खंड के लिए अनुपयुक्त' है। जूरी सदस्य सुदीप्तो सेन ने स्पष्ट किया कि लापिद की कश्मीर फाइल्स के बारे में टिप्पणी 'पूरी तरह उनकी व्यक्तिगत राय है।' उन्होंने यह दावा भी किया कि जूरी सदस्यों ने उनकी पसंद या नापसंद के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि वे 'किसी प्रकार की राजनीतिक टिप्पणियों में शामिल नहीं हुए।'
ये शब्द भले ही अग्निहोत्री व उनके प्रशंसकों को संतोष देने योग्य हों, पर इसके बावजूद नुकसान हो गया है। इस्राइली राजदूत नोर गिलॉन का हस्तक्षेप निश्चित रूप से इस खराब कही जाने वाली फिल्म से पैदा विवाद से भारत-इस्राइल के बीच द्विपक्षीय संबंधों को अलग रखने का प्रयास है। अंग्रेजी में एक ट्वीट कर उन्होंने कहा, 'मैं चाहता था कि हमारे भारतीय भाई व बहनें इसे समझने में सक्षम होंगे।' उन्होंने लापिद की आलोचना करते हुए कहा कि 'उनको शर्म आनी चाहिए।' राजदूत ने यह भी कहा कि भारतीय संस्कृति में अतिथि के साथ देवता जैसा व्यवहार होता है। आपने जजों की समिति का अध्यक्ष बनाने के भारतीय आमंत्रण का लापिद ने सबसे बुरे तरीके से निरादर किया है। इसके अलावा उन्होंने अपने प्रति दिखाए विश्वास, सम्मान व आतिथ्य का भी अनादर किया है। भाजपा की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने इस प्रकरण पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यहूदियों के नरसंहार के संबंध में 'बहुत लंबे समय से लोगों ने शिंडलर्स लिस्ट को प्रचार बता कर नरसंहार से इनकार किया था। वे कश्मीर फाइल्स के साथ ऐसा ही व्यवहार कर रहे हैं।' हालांकि, पश्चिम में कुछ लोग यहूदियों के नरसंहार से इनकार करते हैं, पर उनकी संख्या बहुत ही कम है। कुछ लोग शायद शास्त्रीय फिल्म शिंडलर्स लिस्ट की तुलना हाल ही में बनी द कश्मीर फाइल्स से करना उचित न समझें। उनके विचार से प्रमुख मुद्दा संघ परिवार की यह इच्छा है कि उसके विचारों व आदर्शों को प्रस्तुत करने वाली एक सिनेमा धारा होनी चाहिए। इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि सिनेमा या कलात्मक अभिव्यक्ति की कोई भी शाखा केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता होने पर ही फल-फूल सकती है। भाजपा-विरोधियों का आरोप है कि हिंदुत्ववादी अपनी विचारधारा के अलावा अन्य पर लगाम लगाना चाहते हैं और कश्मीर फाइल्स इसी का नतीजा है।

# भारत की जी-20 अध्यक्षता की नई पारी

**आइए हम भारत की जी-20 अध्यक्षता को संरक्षण, सद्भाव और उम्मीद की अध्यक्षता बनाने के लिए एकजुट हों। आइए हम मानव-केंद्रित वैश्वीकरण के एक नए प्रतिमान को स्वरुप देने के लिए साथ मिलकर काम करें।**



**नरेंद्र मोदी**
(लेखक, भारत के प्रधानमंत्री हैं)




जी-20 की पिछली 17 अध्यक्षताओं के दौरान वृहद आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने, अंतरराष्ट्रीय कराधान को तर्कसंगत बनाने और विभिन्न देशों के सिर से कर्ज के बोझ को कम करने समेत कई महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए। हम इन उपलब्धियों से लाभान्वित होंगे तथा यहां से और आगे की ओर बढ़ेंगे।

अब, जबकि भारत ने इस महत्वपूर्ण पद को ग्रहण किया है, मैं अपने आपसे यह पूछता हूं- क्या जी20 अभी भी और आगे बढ़ सकता है? क्या हम समग्र मानवता के कल्याण के लिए मानसिकता में मूलभूत बदलाव को उत्प्रेरित कर सकते हैं?

मेरा विश्वास है कि हम ऐसा कर सकते हैं। हमारी परिस्थितियां ही हमारी मानसिकता को आकार देती हैं। पूरे इतिहास के दौरान, मानवता अभाव में रही। हम सीमित संसाधनों के लिए लड़े, क्योंकि हमारा अस्तित्व दूसरों को उन संसाधनों से वंचित कर देने पर निर्भर था। विभिन्न विचारों, विचारधाराओं और पहचानों के बीच, टकराव और प्रतिस्पर्धा आदर्श बन गए।

दुर्भाग्य से, हम आज भी उसी शून्य-योग की मानसिकता में अटके हुए हैं। हम इसे तब देखते हैं जब विभिन्न देश क्षेत्र या संसाधनों के लिए आपस में लड़ते हैं। हम इसे तब देखते हैं जब आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को हथियार बनाया जाता है। हम इसे तब देखते हैं जब कुछ लोगों द्वारा टीकों की जमाखोरी की जाती है, भले ही अरबों लोग बीमारियों से असुरक्षित हों।

कुछ लोग यह तर्क दे सकते हैं कि टकराव और लालच मानवीय स्वभाव है। मैं इससे असहमत हूं। अगर मनुष्य स्वाभाविक रूप से स्वार्थी है, तो हम सभी में मूलभूत एकात्मता की हिमायत करने वाली इतनी सारी आध्यात्मिक परंपराओं के स्थायी आकर्षण को कैसे समझा जाए?

भारत में प्रचलित ऐसी ही एक परंपरा है जो सभी जीवित प्राणियों और यहां तक कि निर्जीव चीजों को भी एक समान ही पांच मूल तत्वों - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के पंचतत्व से बना हुआ मानती है। इन तत्वों का सामंजस्य - हमारे भीतर और हमारे बीच भी- हमारे भौतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कल्याण के लिए आवश्यक है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता दुनिया में एकता की इस सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने की ओर काम करेगी। इसलिए हमारी थीम - 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है।

ये सिर्फ एक नारा नहीं है। ये मानवीय परिस्थितियों में उन हालिया बदलावों को ध्यान में रखता है, जिनकी सराहना करने में हम सामूहिक रूप से विफल रहे हैं। आज हमारे पास दुनिया के सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन करने के साधन हैं। आज, हमें अपने अस्तित्व के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है - हमारे युग को युद्ध का युग होने की जरूरत नहीं है। ऐसा बिलकुल नहीं होना चाहिए! आज हम जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है।

सौभाग्य से, आज की जो तकनीक है वह हमें मानवता के व्यापक पैमाने पर समस्याओं का समाधान करने का साधन भी प्रदान करती है। आज हम जिस विशाल वर्चुअल दुनिया में रहते हैं, वह डिजिटल प्रौद्योगिकियों की मापनीयता को प्रदर्शित करती है। भारत इस सकल विश्व का सूक्ष्म जगत है जहां विश्व की आबादी का छठवां हिस्सा रहता है और जहां भाषाओं, धर्मों, रीति-रिवाजों और विश्वासों की विशाल विविधता है। सामूहिक निर्णय लेने की सबसे पुरानी ज्ञात परंपराओं वाली सभ्यता होने के नाते भारत दुनिया में लोकतंत्र के मूलभूत डीएनए में योगदान देता है। लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की राष्ट्रीय सहमति किसी फरमान से नहीं, बल्कि करोड़ों स्वतंत्र आवाजों को एक सुरीले स्वर में मिला कर बनाई गई है।

आज, भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारे प्रतिभाशाली युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा का पोषण करते हुए, हमारा नागरिक-केंद्रित शासन मॉडल एकदम हाशिए पर पड़े नागरिकों का भी ख्याल रखता है। हमने राष्ट्रीय विकास को ऊपर से नीचे की ओर के शासन की कवायद नहीं, बल्कि एक नागरिक-नेतृत्व वाल 'जन आंदोलन' बनाने की कोशिश की है। हमने ऐसी डिजिटल जन उपयोगिताएं निर्मित करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है जो खुली, समावेशी और अंतर-संचालनीय हैं। इनके कारण सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान जैसे विविध क्षेत्रों में क्रांतिकारी प्रगति हुई है। इन सभी कारणों से भारत के अनुभव संभावित वैश्विक समाधानों के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं।

जी-20 अध्यक्षता के दौरान, हम भारत के अनुभव, ज्ञान और प्रारूप को दूसरों के लिए, विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए एक संभावित टेम्प्लेट के रूप में प्रस्तुत करेंगे। हमारी जी-20 प्राथमिकताओं को; न केवल हमारे जी-20 भागीदारों, बल्कि वैश्विक दक्षिण में हमारे साथ-चलने वाले देशों, जिनकी बातें अक्सर अनसुनी कर दी जाती है, के परामर्श से निर्धारित किया जाएगा। हमारी प्राथमिकताएं; हमारी %एक पृथ्वी% को संरक्षित करने, हमारे %एक परिवार% में सद्भाव पैदा करने और हमारे %एक भविष्य% को आशान्वित करने पर केंद्रित होंगी। अपने प्लेनेट को पोषित करने के लिए, हम भारत की प्रकृति की देख-भाल करने की परंपरा के आधार पर स्थायी और पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित करेंगे।

मानव परिवार के भीतर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए, हम खाद्य, उर्वरक और चिकित्सा उत्पादों की वैश्विक आपूर्ति को गैर-राजनीतिक बनाने की कोशिश करेंगे, ताकि भू-राजनीतिक तनाव मानवीय संकट का कारण न बनें। जैसा हमारे अपने परिवारों में होता है, जिनकी जरूरतें सबसे ज्यादा होती हैं, हमें उनकी चिंता सबसे पहले करनी चाहिए। हमारी आने वाली पीढ़ियों में उम्मीद जगाने के लिए; हम, बड़े पैमाने पर विनाश के हथियारों से पैदा होने वाली जोखिमों को कम करने और वैश्विक सुरक्षा बढ़ाने पर सर्वाधिक शक्तिशाली देशों के बीच एक ईमानदार बातचीत को प्रोत्साहन प्रदान करेंगे। भारत का जी-20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक होगा।

आइए हम भारत की जी-20 अध्यक्षता को संरक्षण, सद्भाव और उम्मीद की अध्यक्षता बनाने के लिए एकजुट हों। आइए हम मानव-केंद्रित वैश्वीकरण के एक नए प्रतिमान को स्वरुप देने के लिए साथ मिलकर काम करें।

# प्लास्टिक के प्रयोग पर अंकुश जरूरी

**"प्लास्टिक कचरा हानिकारक रसायनों से दूषित करने के अलावा जमीन, पानी और समुद्र में हजारों जानवरों की मौत के लिए भी जिम्मेदार है।"**



**साक्षी सेठी**
(लेखिका पेशे से अध्यापिका हैं)

प्लास्टिक सबसे अच्छे आविष्कारों में से एक है। हालांकि, मानव लालच अपने अत्यधिक उत्पादन में समाप्त हो गया, जिससे ढेर के ढेर बन गए, जिन्हें अब ठीक करने की आवश्यकता है। 1970 और 1980 के दशक में कचरे के बारे में चिंता बढ़ने से प्लास्टिक की प्रतिष्ठा गिर गई। प्लास्टिक कचरा जमीन, पानी और मिट्टी को हानिकारक रसायनों से दूषित करने के अलावा जमीन, पानी और समुद्र में हजारों जानवरों की मौत के लिए भी जिम्मेदार है। जिस तरह हाथीदांत को शैतानी बताया जा रहा है, उसी तरह प्लास्टिक प्रदूषण अब वन्यजीवों को नुकसान पहुंचा रहा है।

प्लास्टिक के आविष्कार की शुरुआत में कई लाभ पैदा करने की क्षमता के लिए प्रशंसा की गई थी, लेकिन समय के साथ सस्ता जैसे शब्द प्रतिस्थापन योग्य या फेंकने का पर्याय बन गए, जिसके परिणामस्वरूप प्लास्टिक की प्रतिष्ठा में गिरावट आई। प्लास्टिक पृथ्वी के हर कोने को प्रदूषित करता है, जिससे वन्यजीवों पर सीधा और घातक प्रभाव पड़ता है। प्लास्टिक की थैलियां और तिनके जितने बड़े होते हैं, समुद्री जीवन को चोक कर सकते हैं और भूखे रह सकते हैं, जबकि छोटे टुकड़े जानवरों में जिगर और जठरांत्र संबंधी क्षति का कारण बन सकते हैं जो अंतत: मानव जीवन को प्रभावित कर सकते हैं।

आज, हमें सुपरमार्केट और किराने की दुकानों को प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग बंद करने की आवश्यकता है, विशेष रूप से जिन्हें पैकेट खोलते ही निपटाना होता है। यह एकल उपयोग डिस्पोजेबल प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने वाले कार्यकर्ताओं के लिए एक लक्ष्य बन गया है।

दूसरी ओर कागज हल्का होने के साथ-साथ आकार देने में आसान होता है, लेकिन न तो मजबूत होता है और न ही यह लंबे समय तक टिकता है। इसमें बड़ी मात्रा में लकड़ी की खपत होती है जो पर्यावरण के



लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए, वैज्ञानिकों ने विभिन्न विकल्पों की तलाश शुरू कर दी, जो हल्का, मजबूत, टिकाऊ, सस्ता और पूरी तरह से प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर न हो।

प्लास्टिक शब्द का मूल अर्थ लचीला और आसानी से आकार देने वाला होता है। 1862 में, लंदन अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में दुनिया के पहले मानव निर्मित प्लास्टिक, पारकेसिन के निर्माता अलेक्जेंडर पार्क्स ने इसे वॉटरप्रूफिंग के लिए शैलैक के सिंथेटिक विकल्प के रूप में विकसित किया। सफलता के तुरंत बाद, सिंथेटिक पॉलिमर, जिन्हें बाद में प्लास्टिक के रूप में जाना गया, की खोज और विकास किया गया। प्लास्टिक मूल रूप से पृथ्वी पर प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता को बनाए रखने के लिए एक समाधान के रूप में बनाया गया था। प्लास्टिक एक बहुमुखी सामग्री है जिसने हमें स्वच्छ, स्वस्थ और कुशल जीवन शैली जीने में मदद करने के संबंध में कई लाभ प्रदान किए हैं। बेहतर सौंदर्य अपील और उत्कृष्ट थर्मल और इलेक्ट्रिकल इन्सुलेशन गुणों के अलावा, यह हल्का होने के लिए कई तरह से उपयोगी साबित हुआ है।

इसमें एडहेसिव, पेपर, एल्युमीनियम फॉयल जैसी अन्य सामग्रियों के साथ संयोजन करने की अनूठी क्षमता है, जबकि इसका उपयोग खाद्य पैकेजिंग के लिए भी किया जा रहा है, इसके अलावा इसकी उत्पादन लागत भी कम है। इसके अलावा, स्वास्थ्य और चिकित्सा जैसे कई क्षेत्रों में प्लास्टिक की आवश्यकता मौजूद है। गंभीर तंत्रिका संबंधी स्थितियों वाले रोगियों, या अपने मोटर कौशल को प्रशिक्षित करने के लिए सीखने वाले बच्चों, या आंदोलन की समस्याओं वाले बुजुर्गों को अपने दैनिक जीवन में एक लचीली, हल्की और टिकाऊ सामग्री की आवश्यकता होती है, जिसे केवल प्लास्टिक से ही पूरा किया जा सकता है। प्लास्टिक के पुनर्चक्रण का अर्थ है प्लास्टिक कचरे की मात्रा को कम करना। यह बदले में प्रदूषण को कम करता है और खाद्य श्रृंखला के लिए महत्वपूर्ण कई पशु प्रजातियों को बचाता है। अगर उद्योग जगत ने समस्या खड़ी की है तो उसका समाधान भी देना चाहिए। प्लास्टिक उद्योग ने समाधान के रूप में प्लास्टिक के पुनर्चक्रण की पेशकश की। 1980 में, प्लास्टिक उद्योग की शुरुआत एक अभियान के साथ हुई, जिसमें उन्होंने नगर पालिकाओं को अपने अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली के हिस्से के रूप में पुनर्चक्रण योग्य सामग्रियों को एकत्र करने और संसाधित करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही, प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के लिए अपशिष्ट प्रबंधन में तकनीकी प्रगति के साथ, परिदृश्य में धीरे-धीरे सुधार होने लगा।

बुद्धिमान डिजाइन और विचारशील विकास के साथ, लेने और बनाने की लालची मानसिकता को संबोधित करने का एक मौका है जो प्लास्टिक प्रदूषण को बढ़ावा देता है और एक चक्रीय अर्थव्यवस्था को लागू करता है। इतने बढ़ते अविश्वास के बावजूद, प्लास्टिक आधुनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना हुआ है।

## आप की बात

### बढ़ता प्रदूषण

**बढ़ता** धूल, धुंआ और ध्वनि प्रदूषण नई-नई बीमारियां उत्पन्न कर रहा है. पीएम मोदी के आह्वान पर पूरे देश में काफी समय से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस हेतु हर वर्ष बहुत से शहरों को पुरस्कृत करके प्रोत्साहित भी किया जा रहा है, फिर भी प्रदूषण पर सफलता पूरी तरह नहीं मिल पा रही है। केंद्र तो साफ़-सफाई हेतु सभी प्रदेशों और शहरों को जागरूक करने हेतु हर तरह के सहयोग देने हेतु प्रयत्नशील है। तब राज्य सरकारें और स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी होती है कि वह केंद्र के निर्देशों का पालन करे और कराये एवं नागरिकों को इसके प्रति जागरूक करे, तभी जल्द सफलता हांसिल की जा सकती है. धूल से मुक्ति के लिए सड़कों की सफाई, धुएं से राहत के लिए उद्योग धंधों से निकलते बेतहाशा धुएं पर नियंत्रण हेतु विशेष उपाय और ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए यातायात व पुलिस विभाग को सक्रिय होना पडेगा। क्योंकि सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों पर बेहिसाबी हार्न, शादी-ब्याह, रैली, उत्सव आदि में कानफोडू डीजे के उपयोग को पुलिस और यातायात विभाग ही नियंत्रित कर सकता है अगर राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन प्रदूषण रोकने हेतु सक्रिय रहें तो हर तरह के प्रदूषण से शहर और राज्य को मुक्ति मिल सकती है।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### चिकित्सा में सावधानियां

**इंडियन** काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने नई गाइडलाइंस जारी कर डॉक्टरों को सलाह दी है कि साधारण बुखार, खांसी में ऐंटीबायॉटिक दवाएं ना प्रिस्क्राइब करें। वैश्विक स्तर पर एंटीबायोटिक दवाएं अपने लिए रेजिडेंस पैदा करती जा रही है जिसके चलते लोग इसका डोज बढ़ाते जा रहे हैं वहीं भारत में सुदूर गांव तक झोलाछाप डॉक्टरों का जाल बिछा हुआ है यह डॉक्टर बिना किसी प्रकार के खून की जांच कराएं हर बीमारी के लिए सभी प्रकार के एंटीबायोटिक्स यहां तक की स्टेरॉयड तक देने से नहीं चूकते जो कि तत्काल रिलीफ तो दे देते हैं मगर भविष्य के लिए यह मनुष्य के शरीर में प्रतिरोधी क्षमता को कम कर देते हैं। मगर शहरी डॉक्टरों की तगड़ी फीस के कारण गरीब और ग्रामीण जन इन्हीं से इलाज करवा कर स्वस्थ होकर घर पर लौट जाते हैं मगर बाद में कभी फिर से बीमारी का अटैक होता है तो उन पर यह दवाएं असर नहीं करती तब मजबूर होकर उन्हें शहर के बड़े अस्पतालों में भर्ती होना पड़ता है जो कि बहुत ही महंगा पड़ता है और भारत में तो हालत यह है कि नए-नए इलाज और नई-नई तकनीकों की खोज की जानकारी तहसील स्तरीय तक पहुंचने में ही दो-तीन वर्ष लग जाते हैं।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### चीन में उथल-पुथल

**यह** पत्र चीन का घटनाक्रम से सम्बंधित है। चीन में जिस तरह के प्रदर्शन कोविड पालिसी के खिलाफ हो रहे हैं वह साधारण नहीं हैं , जबकि पूरा विश्व कोरोना से कैसे लड़ना है और इसको हवुआ नहीं बनाना है सीखा गया है ऐसे में चीन के इस तरह की कड़े नियमों से चीन वासियों को मुश्किल होना लाजमी ही है। चीन ने कभी भी वहां पर कोरोना से मरने वालों की असल संख्या विश्व को नहीं बताई और आज भी वह सच सामने नहीं ला रहे हैं , दुसरे सख्त लॉकडाउन का वहां की अर्थव्यस्था पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है और अर्थव्यस्था की जो गति चीन के अव्वल देशों में शुमार करती थी वह अब अतीत की चीज नजर आ रही है। आज जब कम्युनिस्ट पार्टी के सबसे कद्दावर नेता शी जिनपिंग के खिलाफ सड़कों पर लोग उतर आये हैं तो निसंदेह यह चीन के लिए अच्छे संकेत नहीं है और बेहतर होगा यदि वह अपने कोविड सम्बंधित अपने फैसले पर पुनर्विचार करके कुछ रियायत चीनी लोगों को दें।

– **बाल गोविंद**, सेक्टर 44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया





**मैं** आप सबके सामने एक लिखित पूर्वानुमान देना चाहता हूं कि आप गुजरात में सरकार बनाने जा रही है।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

**हमने** अभी इस बारे में कोई बातचीत नहीं की है कि मैं पुन: चुनाव में खड़ा हूंगा।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**भारत** में रहने वाले सभी लोग परिभाषा से हिंदू थे। देश की सांस्कृतिक सोच के कारण यहां विविधता फली-फूली है।

– **मोहन भागवत**
आरएसएस प्रमुख

# अपराधी व उनके संरक्षणदाता निवेश के सबसे बड़े दुश्मन

## गीडा के स्थापना दिवस पर सीएम ने 504 करोड़ की निवेश परियोजनाओं का किया उद्घाटन

● प्लास्टिक पार्क, रेडीमेड गारमेंट पार्क और फ्लैटेड फैक्ट्री की मिली सौगात

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपराधी और उनके संरक्षणदाता निवेश के सबसे बड़े दुश्मन होते हैं। प्रदेश में 2017 में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही अपराधियों और उनके संरक्षणदाताओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई। आज उत्तर प्रदेश में निवेशकों और उनकी पूंजी की सुरक्षा की गारंटी है। इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश निवेश का सबसे अच्छा गंतव्य है।

सीएम योगी बुधवार शाम गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में मुख्यमंत्री ने 504 करोड़ रुपये की 133 निवेश परियोजनाओं का उदघाटन व शिलान्यास, 260 करोड़ रुपये के 49 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करने के साथ 1200 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं के 24 निवेशकों को भूमि आवंटन प्रमाण पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में कोई आना नहीं चाहता था। यहां गुंडागर्दी, अराजकता व सत्ता संरक्षित अपराध का बोलबाला था जबकि आज सर्वाधिक सुरक्षित माहौल प्रदेश में है। अपराध पर नकेल कसने के साथ ही सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था से निवेशकों को सुविधा दी। निवेश मित्र पोर्टल के सिंगल विंडो से ऑटो मोड पर 340 से अधिक सेवाएं निवेशकों के लिए उपलब्ध है। यह देश का सबसे बड़ा सिंगल विंडो सिस्टम है। उन्होंने कहा कि सरकार ने निवेशकों के लिए 25 सेक्टर चिन्हित किए हैं। इन सेक्टरों से जुड़े इंसेंटिव भी पोर्टल के माध्यम से ऑटो मोड पर निवेशकों को प्राप्त होते रहेंगे। किसी भी कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इन सारी व्यवस्थाओं की निगरानी व समीक्षा मुख्यमंत्री कार्यालय स्वयं करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश इज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग में देश में नंबर दो के पायदान पर है और शीघ्र ही इसे नंबर एक पर लाने का अभियान भी शुरू कर दिया गया है। यूपी में पर्याप्त लैंड बैंक है तो एमएसएमई की इकाइयों को शुरुआती 1000 दिन तक एनओसी लेने की बाध्यता नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवाहन किया कि 10 से 12 फरवरी 2023 तक होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में गोरखपुर के निवेशक भी भागीदारी करें। उन्होंने कहा कि जो पूंजी रोजगार का सृजन करें वह निवेश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मनसा अगले 5 सालों में देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की है। इसके लिए उत्तर प्रदेश ग्रोथ इंजन की भूमिका में होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 5 वर्षों में गीडा की विकास यात्रा शानदार रही है। और अधिक प्रगति के लिए गीडा का लैंड बैंक बढ़ाया जाए। धुरियापार तक विस्तार करते हुए बेहतर कनेक्टिविटी दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों की दृष्टि से उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना भी होनी चाहिए। जब अपने ही क्षेत्र की फैक्ट्री में रोजगार मिलने लगेगा तो पूर्वी उत्तर प्रदेश के युवाओं को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

स्किल डेवलपमेंट सेंटर के लिए गीडा को स्वयं तथा उद्यमियों के साथ मिलकर प्रयास करना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि आज के दौर में किसी भी उत्पाद की डिजाइनिंग व पैकेजिंग का भी बड़ा महत्व है। अच्छी डिजाइनिंग व पैकेजिंग के बिना उत्पाद को अपेक्षित महत्ता नहीं मिल पाती है। उन्होंने गीडा को पैकेजिंग इंस्टिट्यूट खोलने की तैयारी करने का भी निर्देश दिया।

# कवाल का बवाल सपा और लोकदल की देन



● खतौली विधानसभा उपचुनाव में सीएम ने राजकुमारी सैनी के लिए मांगा वोट

**पायनियर समाचार सेवा।** खतौली, लखनऊ

**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मुजफ्फरनगर के खतौली विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार राजकुमारी सैनी के पक्ष में सभा को संबोधित कर जनसमर्थन मांगा। मुख्यमंत्री ने खतौली के मतदाताओं से अपील की कि 5 दिसंबर की सुबह लाइन में लग जाना जिससे 8 को जब परिणाम आए तो सिर्फ और सिर्फ कमल खिले। 17 और 22 को जोड़कर ब्याज के साथ भाजपा प्रत्याशी को राजकुमारी बना दीजिए। सीएम ने कहा कि कवाल का बवाल सपा का कलंक है। यह सपा और लोकदल के संयुक्त गठबंधन सरकार की देन थी जो क्रूर अत्याचार नौजवानों और स्थानीय लोगों पर किया गया। निर्दोष सचिन व गौरव की शहादत को कौन भूल सकता है। जिन्होंने इन पर कहर ढाया था, उनके साथ क्या हुआ। यह आप देख रहे हैं। विक्रम सिंह सैनी ने परिवार नहीं, यहां के सम्मान के लिए सदस्यता गंवाई है। बिना हिले, झुके व डिगे विक्रम सैनी कार्य करते रहे। सीएम ने कहा कि कवाल के बवाल के समय सपा के नेता नहीं आ सकते थे लेकिन लोकदल के नेता कहां थे। पहले कैराना व कांधला में गुंडा टैक्स वसूली होती थी। राहगीरों की हत्या करते थे। किसान खेत और बहन-बेटियां स्कूल व बाजार नहीं जा पाती थीं। हमने यूपी की कानून व्यवस्था को नजीर बनाया। भाजपा सरकार में व्यापारी फिर से कैराना और कांधला आए जिससे फिर से यहां रौनक दिख रही है। गुंडा टैक्स बंद हो गया। सपा और लोकदल की जोड़ी फिर से गुंडा टैक्स प्रारंभ करने की साजिश रच रही है। तालिबान जैसा शासन चाहते हैं लेकिन गारंटी देता हूं कि डबल इंजन की सरकार गुंडागर्दी को पनपने नहीं देगी। हमने विकास में कोई भेदभाव नहीं किया। सारी योजनाओं का लाभ पात्रों को मिल रहा है। सबका साथ, सबका विश्वास का नारा चरितार्थ हो रहा है।

सीएम ने कहा कि मुजफ्फरनगर की धरती को मां गंगा व यमुना का आशीर्वाद प्राप्त होता है। गंगनहर से खतौली विधानसभा क्षेत्र मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त करता है। यह धरती धर्म की है। यह शांति का संदेश देती है। जब.जब धर्म पर संकट आया तो तब-तब इस धरती ने क्रांति का संदेश भी दिया है। आज भी यहां का किसान मेहनत व पुरुषार्थ से गन्ने की मिठास से जन-जन को देता है। एशिया की सबसे बड़ी चीनी मिल इसी खतौली में है। सीएम ने कहा कि सपा अराजकता की सरकार थी। सत्ता प्रायोजित अपराध होते थे। सुरक्षा और आस्था से खिलवाड़ की छूट किसी को नहीं है। 2017 में मैंने कहा कि कांवड़ यात्रा होगी। सुरक्षा सरकार देगी। हमने गंगनहर की दोनों पटरियों को आवागमन के लिए निर्विघ्न रूप से बढ़ाने की योजना बनाई। भाजपा ही आस्था का सम्मान करती है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भाजपा ही करा रही है। मथुरा, वृंदावन सज संवर रहे हैं।

# ईज ऑफ डूइंग में यूपी की छवि को रखें निवेशकों के सम्मुख: शाही

● कृषि मंत्री ने मेक्सिको, सल्वाडोर तथा ब्राजील जा रहे प्रतिनिधि मंडल से की रणनीति विषयक चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि ईज ऑफ डूइंग में उत्तर प्रदेश की उन्नत स्थिति का संदेश निवेशकों तक पहुंचाना होगा। साथ ही ईज ऑफ डूइंग में यूपी की सुधरी छवि को निवेशकों के सम्मुख रखना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कृषि तथा कृषि संबंधित क्षेत्रों पशुपालन, डेयरी, गन्ना, मत्स्य पालन, पोल्ट्री, खाद्य प्रसंस्करण इत्यादि क्षेत्रों में विदेशी निवेश की अपार संभावनाएं हैं, आवश्यकता है निवेशकों को उसके संबंध में सही जानकारी उपलब्ध कराने की। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने यह बात बुधवार को सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए अमेरिका के विभिन्न देशों में भ्रमण पर जा रहे प्रतिनिधि मंडल के उच्चाधिकारियों से रणनीति विषयक चर्चा में कही। इस बैठक के तुरंत बाद उन्होंने उर्वरक तथा उसकी आपूर्ति से संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। सूर्य प्रताप शाही ने 7 दिसंबर को मैक्सिको, सल्वाडोर तथा साओपालो जा रहे उच्च स्तरीय दल के कुछ अधिकारियों के साथ रणनीति विषयक बैठक में कहा कि हमें अपने प्रदेश में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, वैल्यू एडिशन, पैकेजिंग, टेट्रा पैकिंग इथेनॉल जैसी संभावनाओं के लिए विदेशी निवेशकों को आकर्षित करना होगा। इसके लिए उनके समक्ष स्पष्ट और पारदर्शी रणनीति को प्रस्तुत करना आवश्यक है। श्री शाही ने उक्त बैठक के तुरंत बाद सहकारिता क्षेत्रों में उर्वरक की उपलब्धता एवम आपूर्ति के सन्दर्भ में समीक्षा बैठक की।

# किसी भी जिले में छुट्टा न घूमें गोवंश: सीएस

## वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी कमिश्नर व डीएम के साथ मुख्य सचिव ने समीक्षा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव ने मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को धान खरीद केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थायें मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की धान तौलाई में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होनी चाहिए। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए डिजिटल सिस्टम का प्रयोग किया जाए। मुख्य सचिव ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कृषि, नियोजन, पशुधन, स्वास्थ्य, खाद्य एवं रसद विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसी भी जनपद में कहीं भी गोवंश छुट्टा न घूमें। छुट्टा जानवरों से किसानों की फसल बचाने के लिये हर जनपद में तेजी से अभियान चलाकर छुट्टा गोवंश को पकड़कर गो-आश्रय स्थल में लाया जाए, जहां उनकी समुचित देखभाल की जाए। इसके अलावा जिन जनपदों में डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट की स्थापना नहीं हुई है वहां यूनिट की स्थापना शीघ्र करायी जाए। गोशालाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि विजन-2047 कानपुर की तर्ज पर हर एक जनपद को कैसे विकसित करना है, इस पर सभी वर्गों के साथ मंथन की जरुरत है। आज का दौर टेक्नोलॉजी का है, इस कार्य में टेक्नोलॉजी का भी उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डेंगू के केसेज में कमी आई है लेकिन निरंतर सावधानी बरतने की जरूरत है। चिन्हित किए गए हाई रिस्क क्षेत्रों में नगर विकास और पंचायती राज विभागों के सहयोग से सघन फॉगिंग एवं लारवीसाईडल स्प्रे कराया जाए। प्रदेश में दिमागी बुखार में विगत वर्ष की तुलना में रोगियों की संख्या तथा मृत्यु दर में कमी आई है लेकिन बस्ती, सिद्धार्थनगर, बहराइच और गोंडा जनपदों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

### शासन के सभी विशेष सचिवों को सुपर एक्टिव होने की जरूरत

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने विशेष सचिवों को प्रेरित करते हुए कहा कि जिस विभाग में तैनात हैं, उस विभाग में कुछ नया करने का लक्ष्य निर्धारित करें। विभाग को और बेहतर बनाने का प्रयास करें। अन्य राज्यों के बारे में अध्ययन कर उत्तर प्रदेश में क्या नया कर सकते हैं, इस पर विचार-विमर्श करने की जरूरत है। मुख्य सचिव बुधवार को योजना भवन में उत्तर प्रदेश सचिवालय में तैनात समस्त विशेष सचिवों के साथ बैठक कर रहे थे। मुख्य सचिव ने कहा कि यह नया उत्तर प्रदेश है। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को और बेहतर बनाने के लिए निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। इसमें सभी की भागीदारी महत्वपूर्ण हैं। आप सभी लोगों को सुपर एक्टिव होने की जरूरत है।

# होटल, रिजार्ट परियोजनाओं को आतिथ्य उद्योग का दर्जा देकर मिलेगी सब्सिडी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नई** पर्यटन नीति 2022 पर्यटन के क्षेत्र में उभरते नये रूझानों, पर्यटन संस्थाओं, व्यापारिक एवं वाणिज्यिक संगठनों सहित विभिन्न हितधारकों द्वारा दिए गए अभ्यावेदनों और अन्य विभागों से प्राप्त सुझाओं को ध्यान में रखते हुए बनायी गयी है। मुख्य रूप से प्रदेश के जिला पर्यटन व संस्कृति परिषदों और नीति कार्यान्वयन समितियों एवं अन्तरविभागीय समन्वय के माध्यम से तेजी से कार्यान्वयन और प्रदेश में पर्यटन उद्योग को सुदृढ़ करने के लिए तैयार की गई है। पर्यटन विभाग के अनुसार इस नीति से उत्तर प्रदेश में पर्यटन को उद्योग का दर्जा हासिल होगा तथा पर्यटन क्षेत्र के विविध आयामों का विकास संभव हो सकेगा। प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का सृजन होगा। इसके साथ ही प्रदेश की समेकित संस्कृति एवं परम्परा को बढ़ावा मिलेगा। नई पर्यटन नीति से पर्यटन क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास से घरेलू एवं विदेशी पर्यटन में बढ़ोत्तरी होगी। विविध पर्यटन आकर्षणों की दृष्टि से उत्तर प्रदेश देश का सबसे महत्वपूर्ण राज्य है। भारत में घरेलू पर्यटकों एवं विदेशी पर्यटकों के आगमन के दृष्टिकोण से यूपी का क्रमश: एवं तीसरा स्थान है। अपने गौरवशाली व ऐतिहासिक एवं धार्मिक विरासतों तथा समृद्ध प्राकृतिक व वनसंपदा के कारण प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित एवं विकसित औद्योगिक क्षेत्रों एवं अन्य प्राधिकरणों के अंतर्गत आवंटित औद्योगिक भूखण्डों पर होटल एवं रिजार्ट के निर्माण के लिए पर्यटन नीति 2022 के प्राविधानों के अन्तर्गत सुविधा प्रदान की जाएगी, उन्हें सब्सिडी मिलेगी। पर्यटन नीति 2022 के अंतर्गत पर्यटन विभाग के साथ पंजीकृत सभी स्टार कटेगरी होटल, रिजार्ट व परिभाषित पर्यटन परियोजनाओं को आतिथ्य उद्योग दर्जा देकर परियोजनाओं को प्रोत्साहन, सब्सिडी में छूट प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त पंजीकृत, वर्गीकृत होटलों से विद्युत शुल्क कामर्शियल रेट के स्थान पर औद्योगिक दरों पर लिए जायेंगे।

# सपा की गालियों का जवाब मैनुपरी की जनता कमल खिलाकर देगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव को सामंतवादी सोच का पोषक बताया। उन्होंने कहा कि इसी सामंतवादी सोच के चलते सपा की सरकार और संगठन दोनों मे ही चाचा भतीजा का ही राज चला। ये कुनबा पिछड़े, दलित, शोषित, वंचित और गरीब को आगे बढ़ते देखना पसंद नहीं करता। उन्होंने कहा कि आज शिवपाल सिंह यादव ने जिस अमर्यादित भाषा का प्रयोग रघुराज सिंह शाक्य के लिए किया है वह उनकी सामंतवादी सोच का परिचायक है।

श्री मौर्य ने कहा कि शिवपाल सिंह आप और आपके भतीजे सपा प्रमुख अखिलेश यादव की गालियों का जवाब मैनपुरी की जनता सपा की साईकिल पंचर कर और कमल खिलाकर रघुराज सिंह शाक्य को मैनपुरी का सांसद बनाकर देगी।केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव को पिछड़ा विरोधी बताते हुए कहा कि वे और उनका परिवार समाजवादी नहीं बल्कि पिछड़ों के विरोधी हैं। ये लोग अपने अलावा किसी अन्य पिछड़े, दलित और गरीब को आगे बढ़ते देखना नहीं चाहते। उन्होंने विधानसभा सत्र की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि एक पिछड़ा केशव प्रसाद मौर्य दूसरी बार प्रदेश का उपमुख्यमंत्री कैसे बन गया, इसकी पीड़ा सपा प्रमुख के अहंकार भरे शब्दों में सबके सामने आ गई थी। उन्होंने कहा कि एक मुख्यमंत्री का बेटा जो स्वयं भी मुख्यमंत्री रहा हो उसने जिस तरह की भाषा का प्रयोग किया उसका जवाब मै भी दे सकता था लेकिन मेरे संस्कार ऐसे नहीं है। श्री मौर्य ने कहा कि रघुराज सिंह शाक्य के बारे में जिस तरह के बोल शिवपाल सिंह यादव ने बोले हैं उसका जवाब जनता अपने मत के माध्यम से देगी। उन्होंने ने कहा कि सिर्फ अखिलेश यादव ही नहीं बल्कि उनके चाचा शिवपाल यादव, रामगोपाल यादव और पूरे परिवार की केवल एक ही सोच रही है कैसे सत्ता सरकार में बने रहकर भ्रष्टाचार, गुण्डागर्दी और अराजकता के बल पर आमजन में अपना खौफ और आतंक कायम रखा जाए। कौन नहीं जानता कि जमीनों पर कब्जे और अपराधियोंए गुण्डों को संरक्षण कौन देता था। कौन नहीं जानता कि इस परिवार के आतंक के साय में बूथों पर कब्जे हो जाते थे। गुंडे और अपराधी आमजनमानस में भय का माहौल बनाकर मतदान को प्रभावित करते थेए लेकिन अब ऐसे लोगों को समझ लेना चाहिए कि उनकी गुंण्डागर्दी अब नहीं चलने वाली है। उन्होंने कहा कि अब चुनावो में वोटों की लूट और बूथ कैप्चरिंग के बल पर चुनाव जीतने वाले लोगों का जमाना चला गया। जिस तरह से अखिलेश यादव और उनके परिवार के लोगों के द्वारा मैनपुरी में लोगों डरा धमकाकार वोट लेने की कोशिश की जा रही है इसमें वे कभी सफल नहीं होंगे।

# आमजन के प्रति सौम्य व्यवहार करे पुलिस

● सीएम ने रिकार्ड समय में डेढ़ लाख पुलिस जवानों का प्रशिक्षण पूरा करने पर खुशी जताई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में पुलिस कर्मियों को बेहतर एवं अद्यावधिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराये जाने की दिशा में शासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में डेढ़ लाख से अधिक चयनित पुलिस आरक्षियों का प्रशिक्षण कार्य रिकार्ड समय में सफ लतापूर्वक पूर्ण कराए जाने पर मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री कहा है कि पुलिस जहां एक ओर नवीनतम व गुणवत्तापरक जानकारी से प्रशिक्षित रहे वहीं आमजन के प्रति पुलिस का व्यवहार और अधिक सौम्य एवं सहयोगी के रूप में रहे। इसके लिए पुलिस की प्रशिक्षण क्षमता को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि प्रशिक्षण में इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि उसे समय पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए तथा प्रशिक्षण प्राप्त आरक्षी जनता के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करते हुए मित्र छवि का आदर्श प्रस्तुत करे। पुलिस की बेहतर छवि के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भी वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक जानकारियों सहित अधिक व्यावहारिक बनाए जाने पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों की प्रशिक्षण क्षमता को दोगुना किया गया है तथा इसमें और वृद्धि किए जाने का शासन द्वारा प्रस्ताव मांगा गया है। पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण से शासन की प्राथमिकताओं के क्रम में तथा पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों की प्रशिक्षण क्षमता में वृद्धि किए जाने के संबंध में प्रस्ताव शीघ्र मांगा गया है। संजय प्रसाद ने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में मुख्य आरक्षी से उपनिरीक्षक के पद पर प्रोन्नति प्राप्त 32 हजार से अधिक प्रशिक्षु भी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है। इसके अलावा मुख्य आरक्षी से प्रोन्नति प्राप्त नौ हजार से अधिक प्रशिक्षु उपनिरीक्षक का प्रशिक्षण प्रक्रियाधीन है। प्रमुख सचिव गृह ने यह भी बताया कि शासन द्वारा प्रदेश में पहले से स्थापित नौ पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों की प्रशिक्षण क्षमता को दोगुना किया गया है। पूर्व में इन प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित होने वाले प्रशिक्षुओं की कुल संख्या 5650 थी। इसे बढ़ाकर 11500 कर दिया गया है। शासन द्वारा दो नए प्रशिक्षण केन्द्र क्रमश: सुलतानपुर एवं जालौन (कालपी) में स्थापित किए गए हैं। जिसके फ लस्वरूप अब पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों की कुल संख्या 11 हो गई है। शासन द्वारा पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय मेरठ का नया नाम परिवर्तित कर 'धनसिंह गुर्जर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय' किया गया है तथा इसे अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया जा रहा है ताकि नवीनतम टेक्नोलॉजी की जानकारी प्रशिक्षुओं को उपलब्ध हो सके।

# पूरी तैयारी के साथ नगर निकाय चुनाव लड़ेंगे व जीतेंगे: कांग्रेस

● चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में हुई समीक्षा बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा है कि हम हर स्तर पर नगर निकाय चुनाव पूरी तैयारी के साथ लड़ेंग और जीतेंगे। दुबे बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में नगर निकाय चुनाव तथा भारत जोड़ो यात्रा की गंभीरता को देखते हुए विशेष तौर पर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में नकुल दुबे ने कहा कि उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार है तथा उत्तर प्रदेश में नगर निकाय में बीजेपी का प्रचंड बहुमत हासिल होने बावजूद भी राजधानी लखनऊ के कई इलाकों में डेंगू के भयानक प्रकोप होने की स्थिति में न तो बीजेपी के पार्षदों ने क्षेत्रों में न तो एंटी लार्वा का छिड़काव तथा फागिंग करवाया और न ही क्षेत्र की जनता का दुख दर्द साझा किया। उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस के लोग लोगों के घर-घर जाकर दनका दुर्ख दर्द साझा करेंगे तथा राहुल गांधी द्वारा चलाई जा रही भारत जोड़ो यात्रा के मूल उद्देश्य को उन तक पहुंचाएंगे। लोगों का आज भारतीय जनता पार्टी के प्रति विश्वास खत्म होता जा रहा वह आशा भरी निगाहों से देख रही है।

### विभिन्न संगठन के लोग कांग्रेस में शामिल हुए



**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी की नीतियों, विचारधारा और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर बुधवार को काफी संख्या में लोग कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से युवा समाज सेवी चन्द्र पाल सजन, नत्थू राम, अमन, पवन पाल शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, योगेश दीक्षित, अजय राय, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, अनिल यादव तथा मीडिया संयोजक अशोक सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## ओडीओएस के जरिए आबादी के अनुरूप खेलों में भी नंबर वन बनेगा यूपी

# ओडीओपी की तर्ज पर अब हर जिले का होगा अपना खेल

● संबंधित खेलों को केंद्र में रखकर ही खिलाड़ियों को मिलेगा प्रशिक्षण

● खेलों के गौरवशाली अतीत के साथ ही वर्तमान को भी समृद्ध बनाएगी योगी सरकार



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**खेलों** में यूपी का अतीत गौरवशाली रहा है पर सरकारी उपेक्षाओं के कारण बीच में इस पर अल्पविराम लग गया था। यूपी का युवा स्वस्थ, निरोग हो और उसकी प्रतिभा, ऊर्जा एक जनपद से निखरकर अंतरराष्ट्रीय फलक पर चमके। योगी सरकार ने ऐसी तैयारी कर ली है। 24 जनवरी 2018 को उत्तर प्रदेश के प्रथम स्थापना दिवस पर योगी सरकार ने ओडीओपी योजना लांच की थी। इसका मकसद उत्तर प्रदेश की बेहद संपन्न पारंपरिक कला, कौशल एवं सांस्कृतिक विरासत को नयी पहचान दिलाने के साथ इझससे जुड़े लोगों के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करना था। योजना को सफल बनाने के लिए सरकार ने इनसे जुड़े लोगों के प्रशिक्षण, वित्तपोषण, तकनीकी सहयोग, मांग के अनुरूप उत्पाद की डिजाइनिंग व पैकेजिंग आदि पर ध्यान दिया। नतीजतन ओडीओपी आज योगी सरकार की सफलतम योजनाओं में से है। वोकल फॉर लोकल के लिए की गई यह पहल अब लोकल से ग्लोबल हो चुकी है। हाल में ही इंडोनेशिया की राजदूत इना एच कृष्णमूर्ति ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर ओडीओपी को अपने यहां भी लागू करने के बारे में बताया था। ठीक इसी तरह प्रदेश की खेल की प्रतिभाओं को निखारने के लिए सरकार ने वन डिस्ट्रिक, वन स्पोर्ट्स ओडीओएस योजना भी शुरू की है। इसके तहत संबंधित जिले में कौन सा खेल लोकप्रिय है। उस खेल में जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वहां के खिलाड़ियों का प्रदर्शन कैसा रहा है इसे मानक बनाया गया है। केंद्र सरकार की सहमति से ओडीओएस योजना में शामिल करने के लिए 10 जिलों के खेल बदले भी गए हैं। इन सभी जिलों के खेलो इंडिया सेंटर में खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने का काम कुशल प्रशिक्षकों की देखरेख में जारी है। रही सही कसर शीघ्र आने वाली प्रदेश की नई खेल नीति से हो पूरी जाएगी। जिन 10 जिलों के खेल बदले गए हैं उनमें मथुरा में जूडो की जगह कुश्ती, बलिया, आंबेडकर नगर, कानपुर देहात एवं फतेहपुर में बैडमिंटन की जगह एथलेटिक्स, बहराइच में बैडमिंटन की जगह फुटबाल, श्रावस्ती में बैडमिंटन की जगह कबड्डी, झांसी, गोंडा एवं लखीमपुर खीरी में बैडमिंटन की जगह हॉकी को एक जिला एक खेल घोषित कर खेल प्रतिभाओं का चयन व प्रशिक्षण का काम जारी है। एसीएस खेल नवनीत सहगल ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को निखारने के एक यूनिवर्सल नियम है कैच डेम यंग, विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि अलग-अलग क्षेत्र में लोकप्रिय खेल से जुड़ी प्रतिभाओं की सही उम्र में पहचान कर उनका प्रदर्शन बढ़ाने के लिए क्रमश: उन्हें जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाय। ओडीओएस योजना का मकसद भी यही है। हमारा प्रयास होगा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप आने वाले कुछ वर्षों में आबादी के अनुरूप उत्तर प्रदेश खेलों में भी सिरमौर बने।

# यातायात माह समापन पर निकाली गई जागरूकता रैली

संवाददाता। सीतापुर

**● स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति**

**● छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट, स्काउट गाइड को यातायात नियमों के पालन की दिलाई शपथ, डीएम-एसपी ने छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत**

**● पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सेवानिवृत्ति कर्मियों को दी गई विदाई**

**बीओ- हमें** नियमों के पालन की शुरुआत अपने घर से करनी चाहिए। हमारे सभी बच्चे यातायात पुलिस का हिस्सा है। सभी बच्चों ने इसके लिए अपना हाथ भी ऊपर उठाया है। यातायात माह समापन अवसर पर डीएम अनुज सिंह के साथ यह संदेश एसपी सीतापुर घुले सुशील चंद्रभान ने पुलिस लाइन में दिया। इससे पूर्व विविध परिधानों से सुसज्जित स्कूली छात्र-छात्राओं ने यातायात संबंधी जागरूकता की अलख जगाई। स्कूली बच्चों और पुलिस बल के साथ यातायात माह के समापन अवसर पर यातायात पुलिस ने जागरूकता रैली निकाली। यह रैली सरोजनी वाटिका से चलकर तरणताल तिराहा, आंख तिराहा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तिराहा, लालबाग चौराहा और लालकपड़ा कोठी होते हुए पुलिस लाइन पहुंची यहां अलग-अलग स्कूलों से आए छात्र-छात्राओं कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रैली में स्टडी वेल पब्लिक स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंड्री स्कूल, आरएमपी इंटर कालेज, हिन्दू कन्या महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा स्काउट गाइड, एनसीसी कैडेटस व यातायात पुलिस के जवान शामिल हुए। मिलेट्री बैंट के साथ निकाली गई जागरूकता रैली के जरिए यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया गया। बच्चों को यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई गई। छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

यातायात माह के दौरान एक माह तक लगातार पुलिस द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान के दौरान समूचे जनपद में करीब 56 हजार चालान किए गए। समापन अवसर पर पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर सुशील सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात शोभित अत्री, यातायात प्रभारी फरीद अहमद, व्यापारी नेता भगवती गुप्ता, शोभित टंडन सहित विद्यालयों के शिक्षक व पुलिस बल मौजूद रहा। इसके बाद पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान ने सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को पुलिस कार्यालय में फूल माला पहनाकर विदाई दी और विभाग में उनके द्वारा दी गई, सेवाओं की सराहा। अनुभवों को साक्षा करते हुए महत्वपूर्ण योगदान की चर्चा की। इस मौके पर उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस प्रीतम सिंह, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस महेश तिवारी, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस हरिशंकर पाठक, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस सोमवीर सिंह, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस सहजराम, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस रामकिशोर, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस सतीश चन्द्र द्विवेदी, मुख्य आरक्षी चालक लाल बहादुर, मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस रामदत्त को विदाई दी गई।

# बिल्डिंग खाली कराने गए ईओ पूर्व सभासद के बीच हुई तीखी बहस!

संवाददाता। सीतापुर

**● गजानंद काम्प्लेक्स के पास बिल्डिंग से कब्जा हटवाने पहुंचे ईओ**

**● शहर कोतवाल टीपी सिंह के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्ष मौके से हटे**

**सीतापुर नगर** के गजानंद काम्प्लेक्स के पास स्थित एक बिल्डिंग को खाली कराने गए सीतापुर नगर पलिका परिषद के ईओ वैभव त्रिपाठी और भाजपा के पूर्व सभासद अवनेन्द्र विक्रम सिंह के बीच पुलिस की मौजूदगी में जमकर झड़प हुई। ईओ का कहना था कि वह हाईकोर्ट के आदेश पर अवैध कब्जेदारों को हटाने गए थे, जबकि पूर्व सभासद का कहना था कि दो मामले जिला न्यायालय में चल रहे है, जिसमें नगर पालिका खुद पार्टी है, कोई आदेश न होने के बावजूद खाली कराने यह कैसे पहुंचे। मौके पर दोनों के बीच गरमागर्म बहस हुई। शहर कोतवाल टीपी सिंह को हस्तक्षेप करना पड़ा और कहना पड़ा कि एसडीएम, एडीएम के पास दोनों लोग जाएं वहां जो तय हो, उसके बाद आएं। झड़प के बाद बुलडोजर समेत दलबल को मौके से वापस लौटना पड़ा।

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर अधिकारी दे रहे हैं गलत सूचना

**बरेली।** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक से पूर्व पार्षद दीपक सक्सेना ने महापौर उमेश गौतम को अवगत कराया कि वार्ड सैदपुर हॉकिंस में दो मुख्य सड़क लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व टेंडर लेकर स्वीकृत हो गई थी परंतु ठेकेदार एवं अधिकारियों की लापरवाही के कारण कार्य अभी तक नहीं हुआ है जिससे क्षेत्रीय जनता को असुविधा होती है एवं उनमें बहुत रोष व्याप्त है और नगर निगम की तथा मुख्यमंत्री जी की छवि धूमिल हो रही है।पार्षद दीपक सक्सेना ने बताया कि उन्होंने जनसुनवाई पोर्टल पर स्वयं एक शिकायत नवंबरी रोड से सैदपुर जूनियर हाई स्कूल सड़क सुधार कार्य बीच में छोड़े जाने की शिकायत की थी जिस के ठेकेदार श्री सिद्धार्थ सिंह है उसको निस्तारित करते हुए आख्यान में नगर निगम के अधिकारियों ने दूसरी सड़क का हवाला देते हुए लिखा कि उस अलग का आगणन कर लिया गया और पत्रावली तैयार की जा रही है जबकि शिकायत सड़क निर्माण कार्य बीच में छोड़े जाने की की थी इस पर महापौर उमेश गौतम ने नाराजगी जताते हुए चीफ इंजीनियर से तत्काल पत्रावली निरीक्षण कर ठेकेदार तथा संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया तथा लाजपत नगर कॉलोनी की सड़क सुधार कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने के लिए ठेकेदार जेपी भाटिया को नोटिस देने को कहा।

### नकली मोबिल आयल बनाते हुए पुलिस ने धरा, नकली तैयार व कच्चा माल सहित एक गिरफ्तार

**बरेली।** नकली मोबिल आयल बनाते हुए प्रेमनगर पुलिस ने एक अभियुक्त को धर दबोचा, जिसके पास से नकली मोबिल आयल बनाने के उपकरण व कच्चा माल तथा तैयार नकली माल बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफमुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया है। थाना प्रेमनगर पुलिस को सूचना मिली कि प्रेम नगर थाने की कोहाड़ापीर चौकी के अंतर्गत बर्कचावली गली में रहबर अली पुत्र अफसर अली निवासी नीम की मठिया सुरखा बानखाना थाना प्रेमनगर बरेली द्वारा नकली मोबिल आयल का निर्माण किया जा रहा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की तो वहां पर रहबर अली नकली मोबिल आयल का निर्माण कर रहा था। आरोपी के पास से ब्रांडेड कंपनी के खाली डिब्बों में नकली मोबिल आयल, अधबना मोबिल, मोबिल आयल बनाने के उपकरण, पैकिंग करने की मशीन तथा कच्चा माल बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफथाना प्रेमनगर में मुकदमा पंजीकृत किया है और उसे जेल भेज दिया है।

### सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुदेश कुमारी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**सीतापुर।** जिला कारागार के साप्ताहिक औचक निरीक्षण में सब कुछ दुरुस्त पाया गया। कहीं कोई खामी नजर नहीं आई। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक, किशोर बैरक सहित अन्य बैरकों व पाकशाला का निरीक्षण किया गया। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर कुलदीप कुमार द्वितीय के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुदेश कुमारी जिला कारागार पहुंची। यहां किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट, अनामिका सिंह, अपने मासिक औचक निरीक्षण पर पहले से मौजूद थी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुदेश कुमारी ने बताया कि सभी महिला बन्दियों से वार्ता की गयी। महिला बन्दियों ने बताया कि सभी के पास उनके अपने निजी अधिवक्ता उपलब्ध है। इसके पश्चात किशोर बैरक का भी निरीक्षण किया गया। जिला कारागार सीतापुर में स्थित पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया पाकशाला में साफसफाई सही पाई गयी।

# प्रत्येक आवेदक की स्थलीय जांच अवश्य कराई जाये: जिलाधिकारी

संवाददाता। बरेली

**जिलाधिकारी** शिवाकान्त द्विवेदी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट परिसर, सभागार में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद के नगर निगम, जिला पंचायत, खण्ड विकास अधिकारियोंध्अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषदध्नगर पंचायत के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया जनपद में नगर निगम बरेली को 100, जिला पंचायत को 100, प्रत्येक खण्ड विकास अधिकारी को 75, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषदध्नगर पंचायत को 10 का लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है। निदेशालय से लक्ष्य के सापेक्ष जनपद को वर्तमान में 1781 जोड़ों हेतु रू090831000ध- प्राप्त हो गया है। बैठक में माह 09 दिसम्बर 2022 को विवाह अधिक से अधिक सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिए गए।

उक्त योजनान्तर्गत प्रदान किए जाने वाली धनराशि से कन्या के खाते में धनराशि भेजना एवं सामग्री क्रय हेतु समिति के गठन के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक आवेदक की स्थलीय जांच अवश्य कराई जाये, जिससे अपात्रों का चयन न हो सके। योजना से अधिक से अधिक पात्रों को लाभान्वित कराये जाने हेतु इस योजना का प्रचार प्रसार कराया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री जग प्रवेश, अपर जिलाधिकारी नगर डा आर.डी.पाण्डेय, बीडीओ-मझगवा, क्यारा, फ्तेहगंज पश्चिमी, दमखोदा, भोजीपुरा एवं अधिशासी अधिकारी-बहेड़ी, रिछा, शेरगढ़, सेंथल, रिठौरा, सिरौली, फ्तेहगंज पश्चिमी, शाही, धौराटांडा, शीशगढ़, फरीदपुर, विशारतगंज, देवरनियां आदि लोग उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**बरेली।** रात में बारात घर मे ड्यूटी करने के बाद घर लौट रहे एक युवक की आज सुबह घर से कुछ ही दूरी पर रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रेम नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुर्खा बानखाना निवासी किशनलाल के 22 वर्षीय बेटे संजय की आज सुबह कुदेशिया फाटक रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि संजय प्रेम नगर थाना क्षेत्र में स्थित प्रभा पैलेस बारात घर में काम करता था और रात में ड्यूटी करने के बाद आज सुबह अपने घर वापस लौटने के लिए चला था लेकिन रास्ते में ही रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के अस्पताल भेजा लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# विद्युत कर्मचारियों ने की अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की घोषणा

**सीतापुर।** सावधान किन्ही कारणों से अगर विद्युत आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न होता है तो जल्द आपूर्ति बहाल की संभावना नहीं है। क्योंकि लंबित मांगों के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन कर रहे, विद्युत कर्मचारियों ने बुधवार को अनिश्चित कालीन पूर्ण कार्यबहिष्कार की घोषणा कर दी। विभाग के सभी अधिशासी अभियंता सहित एसडीओ और जूनियर इंजीनियर कार्य बहिष्कार पर चले गए। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी लंबित मांगों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में आपूर्ति में जहां भी अवरोध उत्पन्न होगा, उसे दूर नहीं किया जाएगा। यहां तक कि विभाग का कोई भी कर्मचारी फोन तक अटैंड नहीं करेगा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के बैनर तले कर्मचारियों ने पूर्ण कार्यबहिष्कार की घोषणा की है। सीतापुर में समिति के संयोजक हिमांशु पटेल ने बताया कि 15 सूत्रीय मांगों के समर्थन में मंगलवार को मशाल जुलूस निकाला गया था। इस मौके पर सह संयोजक रमेश सिंह, एसडीओ सिटी रवि गौतम, रवि कुमार गुप्ता, मोहित रस्तोगी, मुनेश तिवारी, राम कनौजिया, अनिल कुमार, एक्सईएन प्रथम रमेश कुमार, दिलीप कुमार गुप्ता, डीसी दीक्षित, धीरज यादव, जेई राजेश कुमार गुप्ता, अम्ब्रीश कुमार, अनिल सिंह, दुर्गा शंकर श्रीवास्तव, प्रखर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## बेहोशी की हालत में मिले अधेड़ की मौत

**बरेली।** बेहोशी की हालत में मिले अधेड़ की जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीबीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव महेशपुरा में जावेद पुत्र अब्दुल वहीद की दुकान के पास आज सुबह बेहोशी की हालत में मिले महाराष्ट्र के नासिक जिले के राज मणि थाने के गांव भुसारी देवाजी निवासी 48 वर्षीय प्रवीण श्रीवास्तव की जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई अस्पताल पहुंचते ही उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया बताया जाता है कि मृतक मानसिक रूप से बीमार था और सड़क पर इधर-उधर घूमता था जावेद ने उसे बेहोशी की हालत में देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजवाया।

# पेज एक का शेष

## गुजरात में...

चुनावों के दौरान राज्य में प्रतिबंधित सामग्री 9.03 करोड़ रुपये की जब्त की गई थी जबकि इस साल यह बढ़कर 57.24 करोड़ रुपये हो गई। राज्य में 12 नवंबर को मतदान संपन्न हो चुका है।

## पहले चरण...

भी मैदान में हैं। कुल 788 उम्मीदवारों में से 70 महिलाएं हैं, जिनमें भाजपा की नौ, कांग्रेस की छह और आप की पांच उम्मीदवार शामिल हैं। आप के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार इसुदान गढ़वी सौराष्ट्र क्षेत्र के देवभूमि द्वारका जिले की खंभालिया सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। आप की राज्य इकाई के अध्यक्ष गोपाल इटालिया सूरत के कटारगाम से चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में अन्य प्रमुख उम्मीदवारों में जामनगर (उत्तर) से चुनाव लड़ रहे क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रीवाबा जडेजा और भावनगर (ग्रामीण) से पांच बार के विधायक पुरुषोत्तम सोलंकी शामिल हैं। सौराष्ट्र क्षेत्र की सीटों से पहले चरण के उम्मीदवारों में ललित कगथारा, ललित वसोया, रुत्विक मकवाना और मोहम्मद जावेद पीरजादा जैसे मौजूदा कांग्रेसी विधायक हैं। सात बार के विधायक और दिग्गज आदिवासी नेता छोटू वसावा भरूच के झगड़िया से चुनाव लड़ रहे हैं।

## कश्मीर फाइल्स...

उजागर किया है। यह तो हमेशा ही एक तरीका रहा है कि एक विदेशी दुश्मन होता है और गद्दार भीतर से ही होते हैं। अपने साक्षात्कार में लापिड ने कहा कि जब वह फिल्म देख रहे थे, तो वह प्रोपेगैंडा, फासीवाद और अश्लीलता के बीच पारदर्शी संयोजन देखकर हैरान थे। उन्होंने वाईनेट को बताया कि मैं अगले डेढ़ या दो साल में इस तरह की एक इज़राइली फिल्म की कल्पना किए बिना नहीं रह सका। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें अपनी टिप्पणी पर इतनी कड़ी प्रतिक्रिया का अनुमान था, तो लापिड ने कहा कि वह आशंकित तो थे। यह एक आसान स्थिति नहीं है। आप एक अतिथि हैं, मैं यहां जूरी का अध्यक्ष हूं, आपके साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया जाता है और फिर आप आते हैं तथा पूरे आयोजन पर हमला बोल देते हैं। लापिद ने कहा कि अब इसे यहीं खत्म करते हैं। मैं अब हवाई अड्डे के लिए निकल गया हूं और बहुत खुश हूं। फिल्म निर्माता ने कहा कि यदि विदेशी जूरी के अध्यक्ष हमारे देश की फिल्म के बारे में आलोचनात्मक बात करेंगे तो उन्हें खुशी होगी। भले ही उनकी टिप्पणी सुखद न हो। लापिद ने कहा कि उन देशों में, जहां लोग तेजी से अपने मन की बात कहने या सच बोलने की क्षमता खो रहे हैं, वहां किसी को तो बोलना ही होगा। जब मैंने यह फिल्म देखी, तो खुद को इसके जैसी किसी इजरायली फिल्म की कल्पना करने से रोक नहीं सका। जो अभी नहीं बनी है, लेकिन निश्चित रूप से बन सकती है। इसलिए मुझे लगा कि इस बारे में मुझे ही बोलना पड़ेगा। इस बीच, भारत में एक निजी टेलीविजन चैनल को दिए विशेष साक्षात्कार में लापिद ने द कश्मीर फाइल्स पर अपनी टिप्पणियों से उठे विवाद के बारे में विस्तार से बात की।

## गुजरात में...

आप ने मोदी के गृह राज्य में आक्रामक प्रचार अभियान के जरिए कई इलाकों में मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस से मिल रही चुनौती पर शाह ने कहा, कांग्रेस अब भी मुख्य विपक्षी पार्टी है, लेकिन वह राष्ट्रीय स्तर पर संकट के दौर से गुजर रही है और इसका असर गुजरात में भी दिख रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में जारी भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पुछे जाने पर भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा राजनीति में सतत प्रयास आवश्यक है। उन्होंने कहा, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि नेताओं को परिश्रमी होना चाहिए और जब कोई परिश्रम करता है तो अच्छा लगता है। लेकिन राजनीति में सतत प्रयास से ही परिणाम मिलते हैं। इसलिए इंतजार करिए और देखिए कि क्या परिणाम आता है। शाह अपनी चुनावी जनसभाओं में राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों को भी जोरशोर से उठा रहे हैं। उनके मुताबिक यह ऐसा मुद्दा है जो हर चुनाव में महत्वपूर्ण है।हालांकि विपक्षी दल भाजपा पर आरोप लगाते रहे हैं कि वह शासन से जुड़े स्थानीय मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए राज्यों के चुनाव में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दे उठाती है। शाह ने उन्हें जवाब देते हुए कहा, गुजरात की सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है या नहीं है? गुजरात की सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा अलग-अलग मुद्दे नहीं हैं। और यदि देश सुरक्षित नहीं होगा तो गुजरात कैसे सुरक्षित रहेगा? इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा सभी राज्यों के चुनाव में महत्वपूर्ण है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, सीमावर्ती राज्य होने के चलते गुजरात के लोग राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर संवेदनशील हैं। देश के किसी भी कोने में हम राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित होने देने का खतरा नहीं उठा सकते। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के विपक्षी दलों के आरोपों पर शाह ने कहा कि देश में एक स्वतंत्र और तटस्थ न्यायपालिका है और यदि केंद्रीय एजेंसियों का कोई दुरुपयोग हो रहा है तो वे न्यायपालिका का रुख कर सकते हैं। चुनावी अभियान में कानून-व्यवस्था का मुद्दा जोरशोर से उठाने वाले शाह ने कहा कि गुजरात में कानून-व्यवस्था में सुधार करना भाजपा सरकार की उपलब्धियों में एक रही है। चुनावी घोषणा पत्र में कट्टरपंथ विरोधी प्रकोष्ठ गठित किए जाने के वादे को शाह ने अच्छी पहल करार दिया और कहा कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) जैसे संगठन यदि युवाओं को आतंकवाद की ओर धकेलें तो यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विस्तार से जांच व पड़ताल के बाद पीएफआई पर प्रतिबंध लगाया गया था और कई राज्यों ने भी केंद्र के समक्ष यह मांग उठाई थी। उन्होंने कहा, पीएफआई की राष्ट्र विरोधी और विशेषकर युवाओं को कट्टरपंथ के जरिए आतंकवाद की ओर धकेलने की गतिविधियों से जुड़ी बहुत सारी सूचनाएं एकत्रित करने और उनके प्रमाण मिलने के बाद मोदी सरकार ने इस संगठन को प्रतिबंधित करने का फैसला किया। उन्होंने कहा, और कई राज्यों ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी की थी। ऐसी गतिविधियों में लिप्त किसी भी संगठनों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह पूछे जाने पर कि क्या गुजरात में कट्टरपंथ विरोधी प्रकोष्ठ गठित किए जाने संबंधी घोषणा को अन्य राज्यों में भी लागू किया जाएगा, शाह ने कहा, यह एक अच्छी पहल है।

## बिल्कीस बानो...

भड़के दंगों के दौरान बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। उसके परिवार के जिन सात सदस्यों की हत्या की गई थी उसमें उसकी तीन साल की बेटी भी शामिल थी। गुजरात सरकार ने सजा से माफी की अपनी नीति के तहत मामले में 11 दोषियों की रिहाई को मंजूरी दे दी थी जिसके बाद 15 अगस्त को वे गोधरा उप-कारागार से रिहा हो गए थे। वे 15 साल से अधिक समय तक जेल में रहे थे।

## जीडीपी वृद्धि...

रुपए थी। कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन के कारण वित्त वर्ष 2020-21 की दूसरी तिमाही में जीडीपी में 6.6 प्रतिशत की गिरावट आई थी। आंकड़ों के अनुसार सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) इस साल जुलाई-सितंबर तिमाही में 5.6 प्रतिशत बढ़कर 35.05 लाख करोड़ रहा।

## टोयोटा किर्लोस्कर...

की दिग्गज हस्ती थे। भगवान उनके परिवार और मित्रों को इस दुख से उबरने की शक्ति दे। कर्नाटक के बड़े एवं मझोले उद्योग मंत्री मुरुगेश निरानी ने कहा, मैं अपने दोस्त और उद्योग के दिग्गज के निधन की खबर सुनकर काफी दुखी हूं। मैं इसको शब्दों में बयां नहीं कर सकता। आप बहुत याद आएंगे। भगवान उनके परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दें। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि पूरा वाहन उद्योग किर्लोस्कर के निधन से काफी दुखी हैं। किर्लोस्कर सियाम की यात्री वाहन सीईओ परिषद की अगुवाई कर रहे थे। अग्रवाल ने कहा, उन्होंने देश के वाहन उद्योग की वृद्धि में बड़ा योगदान दिया। वह हमेशा भारत को वाहन विनिर्माण केंद्र बनाने की बात करते थे। सीआईआई के अध्यक्ष संजीव बजाज ने कहा कि उनका निधन उद्योग के साथ-साथ उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने किर्लोस्कर के निधन पर दुख जताते हुए कहा है कि उन्हें हमेशा के देश के वाहन उद्योग में बदलाव लाने के लिए याद किया जाएगा। बेंगलुरु की बायोफार्मा कंपनी बायोकॉन की कार्यकारी चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ ने कहा कि विक्रम के असामयिक निधन की खबर से मुझे झटका लगा है। गीतांजलि, मानसी और परिवार के दुख की घड़ी में मैं उनके साथ हूं। कोटक महिंद्रा बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी उदय कोटक ने भी किर्लोस्कर के निधन पर दुख जताया है।

## भारत से...

के साथ उसके द्विपक्षीय संबंधों के अन्य क्षेत्रों को गतिरोध से होने वाले नुकसान से बचाना है। चीन की सैन्य निर्माण क्षमता पर कांग्रेस को दी गई अपनी हालिया रिपोर्ट में पेंटागन ने कहा कि चीनी गणराज्य (पीआरसी) तनाव कम करने की कोशिशों में जुटा है, ताकि भारत अमेरिका के और करीब नहीं जाए। पीआरसी के अधिकारियों ने अमेरिकी अधिकारियों को चेतावनी दी है कि वे भारत के साथ पीआरसी के संबंधों में हस्तक्षेप न करें। पेंटागन ने कहा कि वर्ष 2021 के दौरान पीएलए ने भारत-चीन सीमा के एक खंड पर सैन्य बलों की तैनाती बरकरार रखी और एलएसी के पास बुनियादी ढांचे का निर्माण भी जारी रखा। रिपोर्ट में कहा गया है कि गतिरोध के समाधान के लिए भारत और चीन के बीच वार्ता में न्यूनतम प्रगति हुई है, क्योंकि दोनों पक्ष सीमा पर अपने-अपने स्थान से हटने का विरोध करते हैं। पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद पांच मई 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध शुरू हुआ था। पेंटागन की रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों देश एक-दूसरे के सैन्य बलों की वापसी की मांग कर रहे हैं और गतिरोध पूर्व की स्थिति में लौटना चाहते हैं, लेकिन न तो चीन और न ही भारत उन शर्तों पर सहमत हैं, जिसके कारण टकराव जैसी स्थिति बनी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020 की गलवान घाटी की घटना पिछले 46 वर्षों में दोनों देशों के बीच संघर्ष की सबसे घातक घटना थी।

## ठग सुकेश...

रुपए के धनशोधन मामले में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को मंगलवार को यह कहते हुए नियमित जमानत दे दी कि आरोपी को जांच के दौरान गिरफ्तार नहीं किया गया था, इसलिए यह जमानत देने का मामला बनता है। ईओडब्ल्यू ने जबरन वसूली मामले में फर्नांडीज से सितंबर में पूछताछ की थी। फिलहाल जेल में बंद चंद्रशेखर पर फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रवर्तक शिविंदर मोहन सिंह की पत्नी अदिति सिंह जैसे हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों सहित कई लोगों को धोखा देने का आरोप है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चंद्रशेखर से जुड़े करोड़ों रुपए के धनशोधन मामले में फर्नांडीज को एक आरोपी के रूप में नामित करते हुए 17 अगस्त को आरोप पत्र दायर किया था। ईडी के मुताबिक, फर्नांडीज और एक अन्य बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही ने चंद्रशेखर से लग्जरी कार और अन्य महंगे उपहार प्राप्त किए थे।


**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने का कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनोज जितेंद्र सिंह/ उषा सिंह/ LBGHZ00005792456/ LBGHZ00005879912 | मकान नंबर 138, एचआईजी डुप्लेक्स नीति खंड 3, इंदिरापुरम गाजियाबाद/ नवंबर 25, 2022 | जुलाई 29, 2022 रु. 81,24,151/- | दिल्ली एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : दिसंबर 01, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने का कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सीमा शैली/ देवाशीष शैली/ LBDEL00002891453 | फ्लैट नंबर टी3-003, ग्राउंड फ्लोर, टी-3, प्लॉट नंबर-301, एमिनेंट हाइट्स, धर्मपुर, देहरादून, उत्तरांचल/ नवंबर 24, 2022 | जून 23, 2021 रु. 37,20,436/- | दिल्ली/ देहरादून |
| 2. | अमित कोहली/ विनोद कोहली LBGHZ00002473336 | फ्लैट नंबर-205, दूसरी मंज़िल, टावर टी3, एमिनेंट हाइट्स, देहरादून, उत्तरांचल/ नवंबर 24, 2022 | मार्च 25, 2021 रु. 39,95,068/- | दिल्ली/ एनसीआर देहरादून |
| 3. | अमित कोहली/ विनोद कोहली LBGHZ00002548751 | फ्लैट नंबर-204, दूसरी मंज़िल, टावर टी3, एमिनेंट हाइट्स, देहरादून, उत्तराखंड/ नवंबर 24, 2022 | मार्च 25, 2021 रु.40,07,578/- | दिल्ली/ एनसीआर देहरादून |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : दिसंबर 01, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है ।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है, उनका **भौतिक अधिग्रहण** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है", के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | संजीव लांबा (कर्ज़दार), मधु (सह- कर्ज़दार) LBDEL00002935333 | फ्लैट नंबर 1603, 16वीं मंजिल, टावर- ए2, पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच-01डी सेक्टर-16सी, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर 201301. सुपर बिल्टअप एरिया- 1185 वर्ग फीट | रु. 66,64, 963.81 (नवम्बर 23, 2022 तक) | रु. 32,00, 000/- / रु. 3,20,000/- | दिसम्बर 08, 2022 को दो. 02:00 बजे से दो. 04:00 बजे तक | दिसम्बर 23, 2022 सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी । बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **दिसम्बर 22, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में दिनांक- **दिसम्बर 22, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक **दिसम्बर 22, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **दिसम्बर 22, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं । बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9599281817/ 8584874809** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड**, इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे ।

तिथि : दिसम्बर 01, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# कांग्रेस ने भारतीय राजनीति में सबसे ज्यादा विश्वसनीयता का संकट पैदा किया : राजनाथ

भाषा। अहमदाबाद



**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस ने भारतीय राजनीति में विश्वसनीयता का संकट खड़ा किया है क्योंकि पार्टी द्वारा किए गए वादों और उनके क्रियान्वयन के बीच बहुत अंतर है। गुजरात में प्रथम चरण के लिए एक दिसंबर को होने वाले चुनाव से पहले यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि कांग्रेस जहां अपने अस्तित्व के लिए चुनाव लड़ रही है, आम आदमी पार्टी अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए मैदान में है। उन्होंने कहा, यह भाजपा ही है जो गुजरात में 182 सीटों में से दो-तिहाई से अधिक जीतेगी, जैसा कि कई राजनीतिक विश्लेषकों ने भविष्यवाणी की है। भाजपा में लोगों का भरोसा वर्षों से बढ़ा है और पार्टी (गुजरात में जीत के) पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ देगी और सत्ता बरकरार रखेगी। सिंह ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में रहते हुए लोगों से किए गए वादों को पूरा करती तो भारत कई साल पहले दुनिया का सबसे मजबूत देश बन गया होता।

भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, हर कोई जानता है कि अगर कोई राजनीतिक दल है जिसने भारतीय राजनीति में विश्वसनीयता का सबसे बड़ा संकट पैदा किया है, तो वह कांग्रेस है। उन्होंने अतीत में जो वादे किए और जो काम किया उसमें बहुत अंतर है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर भाजपा हमेशा अपनी बात पर कायम रही और अपने घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा किया। रक्षा मंत्री ने कहा, जब अन्य सभी दल विश्वसनीयता के संकट का सामना कर रहे हैं, तब भाजपा भारतीय राजनीति में विश्वसनीयता के प्रतीक के रूप में उभरी है। मोदी जी के 2014 में बागडोर संभालने के बाद, हमारे देश का कद दुनिया में बढ़ा है। गुजरात में फिर से चुने जाने पर समान नागरिक संहिता को लागू करने के भाजपा के चुनावी वादे पर सिंह ने कहा कि जनसंघ के गठन के दिनों से ही समान नागरिक संहिता के बारे में पार्टी की नीति बहुत स्पष्ट रही है। उन्होंने कहा, हम समय-समय पर अपना रुख नहीं बदलते हैं। कोई भी निर्णय लेते समय राजनीति और उसे लोग कैसे देखेंगे इसे ध्यान में नहीं रखा जाता। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गुजरात के लोग उन व्यक्तियों को करारा जवाब देंगे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया, जो गुजरात का सम्मान और गौरव हैं। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी और सरदार पटेल जहां 20वीं सदी में गुजरात के सम्मान और गौरव के प्रतीक थे, वहीं हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21वीं सदी में गुजरात के सम्मान और गौरव के रूप में उभरे हैं। और आज, हमारे प्रधानमंत्री के लिए कांग्रेस द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है।

गुजरात की 182 विधानसभा सीटों में से 89 पर बृहस्पतिवार को पहले चरण में मतदान होगा। सिंह ने कहा कि अन्य विपक्षी दल भी प्रधानमंत्री के खिलाफ निराधार आरोप लगाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल स्वस्थ लोकतंत्र को नहीं दर्शाता है। गुजरात में सोमवार को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री सभी चुनावों में लोगों से उनका चेहरा देखकर वोट करने के लिए कहते हैं। खरगे ने पूछा था, क्या आप रावण की तरह 100 सिर वाले हैं। खरगे की टिप्पणी को भाजपा ने गुजरात के लोगों का अपमान करार दिया था। सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री के लिए कांग्रेस अध्यक्ष ने जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया है, वह सिर्फ खड़गे की नहीं बल्कि पूरे कांग्रेस नेतृत्व की मानसिकता का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का पद एक संस्था होता है।

## प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक बयानबाजी कांग्रेस की हताशा को दर्शाता है: नड्डा



**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत बृहस्पतिवार को होने वाले मतदान से पहले भाजपा ने कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ रावण वाली टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर हमले तेज कर दिए और कहा कि प्रदेश की जनता विपक्षी पार्टी को करारा जवाब देगी। यहां एक रोड शो के दौरान भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि खरगे की टिप्पणी और एक अन्य कांग्रेस नेता मधुसूदन मिस्त्री के मोदी के खिलाफ औकात बता देने संबंधी बयान कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की हताशा को भी दर्शाता है क्योंकि कांग्रेस कहीं भी नहीं है और भाजपा को पूरे राज्य में जनता का समर्थन मिल रहा है। नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में अब तक स्वीकार नहीं कर सके हैं और इसीलिए अक्सर आपत्तिजनक टिप्पणी की जाती है। कांग्रेस के नेता उनके इशारों पर ही मोदी पर निशाना साधते हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, लोकतंत्र में कोई भी नेता ऐसी भाषा का इस्तेमाल करता है तो उसे शर्मिंदगी महसूस करनी चाहिए। भारत के लोग मोदी से प्यार करते हैं और उनपर विश्वास करते हैं।

## राज्यपाल को विवि के कुलाधिपति के पद से हटाने के लिए विधेयक पेश करेगी केरल सरकार

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने राज्यपाल को राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के पद से हटाने और उनकी जगह प्रख्यात शिक्षाविदों को नियुक्त करने को लेकर विधानसभा में एक विधेयक पेश करने का बुधवार को फैसला किया। केरल विधानसभा का सत्र पांच दिसम्बर से शुरू होगा। इस संबंध में एक मसौदा विधेयक को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दी गई।कैबिनेट का यह फैसला वामपंथी सरकार और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के बीच कुलपतियों की नियुक्ति सहित राज्य के विश्वविद्यालयों के कामकाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर जारी खींचतान के मद्देनजर आया है। हालांकि, हाल ही में केरल उच्च न्यायालय के कुछ आदेशों ने कुछ विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्तियों पर खान के रुख की पुष्टि की है।

# कांग्रेस ने आदिवासियों के लिए कुछ नहीं किया मोदी ने आदिवासी गौरव का संरक्षण किया: शाह



**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कांग्रेस पर आदिवासियों के समृद्ध इतिहास के संरक्षण के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिशा में ठोस कदम उठाए। शाह गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशियों के समर्थन में महीसागर जिले के कडाणा गांव में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जिले की विधानसभाओं में मतदान चुनाव के दूसरे चरण में पांच दिसंबर को होगा। शाह ने कहा, आजादी के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं जिन्होंने आदिवासियों के गौरव और विरासत के संरक्षण के लिए काम किया। प्रधानमंत्री मोदी ने ही 2021 में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि मुंडा और अन्य कई आदिवासी नेताओं ने स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई है लेकिन उन्हें कांग्रेस के शासन में उचित श्रेय नहीं मिला। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, जब तक कांग्रेस सत्ता में रही, उसने आदिवासियों के समृद्ध इतिहास को बचाने के लिए कुछ नहीं किया। जैसे ही मोदी प्रधानमंत्री बने, उन्होंने घोषणा की कि देशभर में 10 आदिवासी संग्रहालयों का निर्माण कराया जाएगा।

आदिवासी समुदाय से आने वालीं द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति के रूप में चुनाव का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस ने 65 साल के अपने शासन में कभी इस समुदाय से किसी को शीर्ष संवैधानिक पद पर बैठाने के बारे में नहीं सोचा। शाह ने कहा कि गुजरात में भाजपा सरकार ने नर्मदा जिले में बिरसा मुंडा जनजातीय विश्वविद्यालय और पंचमहल जिले के गोधरा में गोविंद गारू विश्वविद्यालय का निर्माण कराके आदिवासी नायकों को सच्ची श्रद्धांजलि दी है।

# गहलोत, पायलट का एकजुटता दिखाना कांग्रेस के अंदरूनी कलह का राजनीतिक विराम है: भाजपा

भाषा। जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनके पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की मौजूदगी में मंगलवार को एकजुटता के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कहा कि यह फिलहाल के लिए एक राजनीतिक विराम है और लोगों को फिर से गद्दार जैसे शब्द सुनने को मिलेंगे। भाजपा विधायक और प्रदेश प्रवक्ता राम लाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस में अंदरूनी कलह से जनता परेशान है। शर्मा ने एक वीडियो बयान में कहा, कांग्रेस की अंदरूनी सियासत का नजारा मंगलवार को एक बार फिर दिखा जब हाथ खड़ा करके राज्य की अवाम को यह विश्वास दिलाया गया कि कांग्रेस के अंदर सबकुछ ठीक है लेकिन मुझे लगता है कि यह एक राजनीतिक विराम है जो कुछ समय के लिए थमा है और एक बार फिर राज्य की जनता को वही सब सुनने को मिलेगा... नकारा, निकम्मा, गद्दार...। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की अंदरूनी कलह का नुकसान राजस्थान की जनता को हो रहा है... ना कांग्रेस के नेताओं और ना कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को कोई फिक्र है।

राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में आंदोलनों का दबाया जाता है। गहलोत ने जुलाई 2020 में राजनीतिक संकट के दौरान पायलट के खिलाफ नकारा , निकम्मा और गद्दार जैसे शब्दों का प्रयोग किया था। उस समय तत्कालीन उपमुख्यमंत्री और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट और 18 अन्य कांग्रेस विधायकों ने उनके (गहलोत) के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। पिछले सप्ताह भी गहलोत ने एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा था कि पायलट गद्दार हैं और उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया जा सकता क्योंकि उन्होंने 2020 में कांग्रेस के खिलाफ बगावत की थी और राज्य सरकार को गिराने की कोशिश की थी।

पायलट ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा था कि इस तरह कीचड़ उछालने से मदद नहीं मिलेगी। दोनों नेताओं ने मंगलवार को एकता का प्रदर्शन किया जब केसी वेणुगोपाल ने जयपुर में भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक की। उन्होंने बैठक के बाद संयुक्त रूप से मीडिया को जानकारी दी और मीडिया के सामने वेणुगोपाल ने दोनों नेताओं का हाथ पकड़कर कहा, यह राजस्थान कांग्रेस है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यहां पार्टी में सभी एकजुट हैं।

## कर्नाटक में चिकित्सकों ने मरीज के पेट से निकाले 187 सिक्के

भाषा। बागलकोट (कर्नाटक)

**कर्नाटक** में चिकित्सकों ने सिजोफ्रेनिया के 58 वर्षीय एक मरीज के पेट से 187 सिक्के निकाले हैं, जिन्हें वह हाल में मानसिक रूप से अस्थिर होने की अवस्था में निगल गया था। डॉक्टर ईश्वर कलबुर्गी ने बताया कि रायचूर जिला निवासी दयम्पा पेट में दर्द होने की शिकायत के साथ बागलकोट स्थित हंगल श्री कुमारेश्वर हॉस्पिटल ऐंड रिसर्च सेंटर आया था और जांच किए जाने पर पेट में सिक्के होने की जानकारी मिली। उन्होंने बताया, अगर एक सिक्का होता तो हम इंडोस्कॉपी के माध्यम से मरीज के शरीर से उसे निकाल देते, लेकिन इस मामले में कई सिक्के पेट के भीतर थे, जिसकी वजह से हमें ऑपरेशन करना पड़ा। डॉक्टर ने बताया कि मरीज की हालत अब स्थिर है और उनके करियर का यह अनोखा मामला था।

# आध्यात्मिक गतिविधियों को राजनीतिक स्वार्थ का जरिया न बनाएं: उषा ठाकुर

**इंदौर।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा दो शिव ज्योतिर्लिंगों के दर्शन किए जाने पर मध्य प्रदेश की संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर ने बुधवार को कहा कि आध्यात्मिक गतिविधियों को राजनीतिक स्वार्थ सिद्धि का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। राज्य से गुजर रही यात्रा के दौरान गांधी ने पिछले पांच दिनों के भीतर ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंगों के दर्शन किए हैं। इस बारे में पूछे जाने पर ठाकुर ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, मेरी प्रार्थना है कि किसी भी आध्यात्मिक गतिविधि को राजनीतिक स्वार्थों की सिद्धि का माध्यम नहीं बनाया जाए। ये गतिविधियां हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। ...इसलिए इन गतिविधियों के साथ कोई सौदा नहीं होना चाहिए। शिवराज सिंह चौहान के मंत्रिमंडल में शामिल ठाकुर के पास पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग भी हैं। आप (गांधी) मंदिरों में जाइए, इसका स्वागत है। लेकिन आप प्रभु की प्रार्थना और प्रभु के दर्शन का महत्व भी समझें। आपको इस धरती पर आए इतने साल हो गए, आप कोई प्रार्थना तो प्रभु को सुना दीजिए। ठाकुर ने जनेऊको लेकर गांधी के धार्मिक ज्ञान पर सवाल भी उठाए। आप (गांधी) जिस जनेऊको धारण करने की बात करते हैं, क्या आपको पता है कि वह किस कंधे पर पहना जाता है, किन परिस्थितियों में कान पर चढ़ाया जाता है और जनेऊके तीनों धागे किस बात के द्योतक होते हैं? यदि आपको इसकी जानकारी नहीं है, तो आप हिंदू समाज को भ्रमित करने के लिए जनेऊमत पहनिए। भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने 1947 में देश के बंटवारे और कश्मीर के एक हिस्से पर पाकिस्तान के कब्जे के घटनाक्रमों का जिक्र किया तथा कहा, मुझे हैरानी होती है कि आज वे लोग देश को जोड़ने की बात कर रहे हैं जिनकी पीढ़ियों ने देश को तोड़ा है। इन्होंने 65 साल तक जनता को भ्रमित किया और अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण की नीति के माध्यम से देश चलाया। उन्होंने गांधी का नाम लिए बगैर कहा, इनके पुरखों ने जो जघन्य पाप किए हैं, उनका प्रायश्चित इनसे इस जन्म में नहीं होने वाला।



उत्तराखण्ड के औली में भारत- अमेरिका के संयुक्त युद्ध अभ्यास में भाग लेते भारतीय सेना के जवान

## सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**मंडला।** मध्य प्रदेश में सुरक्षाबलों ने बुधवार को मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंडला जिले के मोती नाला थाना क्षेत्र और बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र के बीच सुपखार क्षेत्र में यह मुठभेड़ हुई। मंडला पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने कहा, आज सुबह चार से पांच बजे के बीच मंडला जिले के मोती नाला थाना क्षेत्र और बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र के बीच सुपखार क्षेत्र में हॉक फोर्स के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई, जिसमें दो नक्सली मारे गए। राजपूत ने कहा कि अभी मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। उन्होंने यह भी कहा कि हो सकता है कि मुठभेड़ में दो से अधिक नक्सली मारे गए हों। उन्होंने कहा कि नक्सलियों ने अपना प्रभाव जमाने के लिए दो दिन पहले क्षेत्र में पर्चे फेंके थे जिसके बाद क्षेत्र में अभियान तेज कर दिया गया था और इस दौरान बुधवार की सुबह पुलिस तथा नक्सलियों का आमना-सामना हुआ।

# राज्यपाल के विधेयकों को मंजूरी के लिए समय सीमा तय करने की याचिका पर विचार से इनकार

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने बुधवार को उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें यह घोषणा करने की मांग की गई थी कि राज्यपाल के पास राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को अनिश्चितकाल तक रोके रखने का अधिकार नहीं है। उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश एस मणिकुमार और न्यायमूर्ति शाजी पी शैली की पीठ ने उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए राष्ट्रपति या राज्यों के राज्यपालों के लिए निश्चित समय-सीमा निर्धारित करने को लेकर संविधान में संशोधन करने का केंद्र को निर्देश देने की भी मांग की गई थी। राष्ट्रपति और राज्यपालों को उनकी मंजूरी के लिए भेजे गए विधेयकों पर निर्णय लेना होता है।

याचिका खारिज करने के कारणों सहित विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं है। मंगलवार को दायर की गई जनहित याचिका में लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक और विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) विधेयक सहित छह विधेयकों को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा लंबे समय से रोके रखने को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति दुराग्रही, मनमाना, निरंकुश और विपरीत करार देने की भी मांग की गई थी। संविधान का अनुच्छेद 200 राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में राज्यपाल को विवेकाधीन शक्तियां प्रदान करता है।

याचिका में आरोप लगाया गया था कि खान ने उन विधेयकों को अपनी मंजूरी देने के संबंध में अभी तक अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन नहीं किया है। इसमें यह भी आरोप लगाया गया था कि (राज्यपाल द्वारा) निष्पक्षता से, जिम्मेदारी से और सावधानी पूर्वक कार्य करने के बजाय यह देखा जा रहा है कि राज्यपाल एक राजनीतिक एजेंडे के साथ कार्य कर रहे हैं।

## मंत्री ने कहा, शिक्षक का छात्र को कसाब कहना इतना गंभीर नहीं

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के स्कूल शिक्षा और साक्षरता मंत्री बी. सी. नागेश ने हाल ही में एक सहायक प्रोफेसर द्वारा एक छात्र को कसाब कहने के बाद हुए विवाद पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि यह इतना गंभीर नहीं है। यह भी जानना चाहा कि एक समुदाय विशेष का नाम राष्ट्रीय मुद्दा क्यों बन गया, जबकि रावण या शकुनि जैसे नाम जो आमतौर पर संदर्भित करने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं, उन्हें लेकर कोई मुद्दा नहीं बनता है। नागेश ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है, घटना नहीं होनी चाहिए थी, शिक्षक को उस नाम का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था। लेकिन मुझे यह भी लगता है कि यह उतनी गंभीर बात नहीं है, क्योंकि हम कई छात्रों के लिए कई बार रावण के नाम का उपयोग करते हैं, हम कई बार शकुनि के नाम का भी उपयोग करते हैं, लेकिन यह कोई मुद्दा नहीं बनता है। उन्होंने कहा, क्यों किसी समुदाय विशेष से आने वाला (एक व्यक्ति का) नाम मुद्दा बन जाता हैं, मुझे नहीं पता।

# पालतू हाथियों की डीएनए प्रोफाइलिंग शुरू करेगा बिहार

**पटना।** बिहार सरकार जंगली हाथियों के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए जल्द ही राज्य के सभी पालतू हाथियों की डीएनए प्रोफाइलिंग शुरू करेगी। बिहार के मुख्य वन्यजीव संरक्षक पी के गुप्ता ने पीटीआई-भाषा से कहा कि अगर सब कुछ ठीक रहा तो राज्य सरकार केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा समर्थित डीएनए प्रोफाइलिंग परियोजना को मध्य दिसंबर से शुरू कर देगी। इस परियोजना का मकसद राज्य के सभी पालतू हाथियों का व्यापक डेटाबेस तैयार करना है। डेटाबेस में हर पालतू हाथी की तस्वीर के साथ-साथ उसका आनुवंशिक (जेनेटिक) डेटा शामिल किए जाने की संभावना है। यह पहल जंगली हाथियों के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने में मददगार साबित होगी। डीएनए के नमूने जुटाने के लिए राज्य वन विभाग भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) द्वारा तैयार एक छेड़छाड़ रहित सैंपलिंग किट और एक विशेष मोबाइल अनुप्रयोग (ऐप्लिकेशन) उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य वन विभाग के अधिकारियों की सख्त निगरानी में योग्य पशु चिकित्सक डीएनए प्रोफाइलिंग के लिए हाथियों के खून और मल के नमूने एकत्रित करेंगे।

गुप्ता ने कहा, सभी चरणों में पशुओं की पर्याप्त देखभाल सुनिश्चित की जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पूरी प्रक्रिया के दौरान हाथियों को कम से कम असुविधा हो। प्रत्एक हाथी और उसके मालिक का रिकॉर्ड यह पता लगाने में मदद करेगा कि कहीं किसी हाथी की अवैध रूप से खरीद-फरोख्त तो नहीं की गई है। वर्ष 2002 में संशोधित वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के तहत ऐसे पालतू हाथियों की बिक्री पर प्रतिबंध है, जो राज्य वन विभाग में पंजीकृत नहीं हैं। वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी करने के लिए देखभाल और रखरखाव के उपयुक्त उपायों को अनिवार्य बनाता है।

# जम्मू क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा सुरक्षित : बीएसएफ महानिरीक्षक

**जम्मू।** बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को कहा कि बल ने इस साल सीमा पार से घुसपैठ की सभी कोशिशें नाकाम कर दी हैं और जम्मू क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा सुरक्षित एवं वारदात मुक्त है। बीएसएफ महानिरीक्षक (जम्मू फ्रंटियर) डी के बूरा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जम्मू में ड्रोन गतिविधियों में काफी कमी आई है और मानवरहति विमानों के जरिए गिराए गए ज्यादातर हथियारों एवं विस्फोटकों को जब्त कर लिया गया है। बूरा ने कहा, सुरक्षा बलों पर जबरदस्त दबाव और सीमा पार से घुसपैठ की कोशिशों के बावजूद अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कोई वारदात नहीं हुई। उन्होंने कहा, घुसपैठ की सभी कोशिशें नाकाम कर दी गई हैं। घुसपैठ की सात कोशिशें नाकाम की गईं और सभी घुसपैठियों एवं उन्हें रास्ता बताने वालों को मार गिराया गया।

उन्होंने बताया कि इस साल घुसपैठ की एक भी कोशिश कामयाब नहीं हुई। बूरा ने बताया कि चार एके राइफल, सात पिस्तौल और करीब 50 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई हैं। उन्होंने कहा, जम्मू में सीमा पूरी तरह सुरक्षित है। हम सालभर सुरक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहे। हम उम्मीद करते हैं कि 2023 में सीमा पार से घुसपैठ की कोई कोशिश नहीं होगी। बूरा ने सीमा पर आगामी दिनों में भी इस प्रकार की स्थिति बने रहने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा, हम वादा करते हैं कि सीमा रेखा पर सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि घुसपैठ की एक भी कोशिश नहीं हो।



बूरा ने सर्दी के महीनों में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास बलों पर दबाव होने का जिक्र करते हुए कहा, हमारा मकसद है कि घुसपैठ की एक भी घटना नहीं हो। भले ही सर्दी हो, गर्मी हो, कोहरा हो या बारिश हो। हमारा ध्यान इस बात पर केंद्रित है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके कोई न घुस सके। उन्होंने स्वीकार किया कि ड्रोन गतिविधियां एक समस्या है। उन्होंने कहा, इस समस्या के बढ़ने के साथ ही इससे निपटने के लिए उठाए जाने वाले कदमों को भी उन्नत बनाया गया है। बूरा ने कहा कि नए उपायों और उपकरणों को तैनात किए जाने से जम्मू में ड्रोन गतिविधियों में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि सभी 11 सीमाओं में से जम्मू ने सर्वश्रेष्ठ सीमा प्रबंधन के लिए पुरस्कार जीता था और 48वीं बटालियन ने वर्ष में सर्वश्रेष्ठ अभियानगत कार्य के लिए डीजी ट्रॉफी जीती है।

बूरा ने कहा, सीमा तीन घटकों से बनती है - सीमा, सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मी और सीमा पर रहने वाली आबादी। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि सीमा पर सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने के लिए तीनों घटकों के बीच समन्वय हो। बीएसएफ और सीमावर्ती आबादी के बीच पूर्ण समन्वय है। बल के जवान क्षेत्र में रहने वाले लोगों तक पहुंच रहे हैं और उन्हें हर तरह की सहायता प्रदान कर रहे हैं। बूरा ने कहा कि गोलीबारी के कारण अंतरराष्ट्रीय सीमा पर खेतीबाड़ी बंद करने वाले किसानों ने बीएसएफ के सहयोग से खेती फिर से शुरू कर दी है। देश में चीन निर्मित हथियारों की तस्करी के बारे में पूछे जाने पर बूरा ने कहा, यह हमारे लिए महत्वहीन है कि पाकिस्तान और आतंकवादी संगठन उन्हें कहां से प्राप्त करते हैं। हमारा उद्देश्य उन्हें जब्त करना है और किसी को भी उनका उपयोग नहीं करने देना है।

## पुंछ में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़, हथियार और विस्फोटक बरामद

**पुंछ/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में सुरक्षाबलों ने बुधवार को एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए वहां से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किया। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। आतंकवादी ठिकाने से बरामद हथियारों में दो एके राइफल, छह मैग्जीन, 69 कारतूस, एक पिस्तौल और पांच हथगोले शामिल हैं। सुरनकोट तहसील के नबना गांव में पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान इस आतंकवादी ठिकाने का पता चला। अभियान के दौरान किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

# आत्मघाती हमले में चार लोगों की मौत, 20 से अधिक घायल

भाषा। कराची



**पाकिस्तान के** अशांत बलूचिस्तान प्रांत में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा पोलियो टीम की सुरक्षा के लिए जा रहे पुलिस कर्मियों के ट्रक को निशाना बनाकर बुधवार को किए गए एक आत्मघाती हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, तथा 26 अन्य घायल हो गए जिनमें 23 पुलिस कर्मी हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, यह आत्मघाती हमला तब हुआ, जब पोलियो टीकाकरण अभियान में शामिल कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस कर्मियों को ले जा रहा ट्रक क्वेटा के बलेली इलाके से गुजर रहा था। क्वेटा के पुलिस उपमहानिरीक्षक गुलाम अजफर महेसर ने हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि धमाके की चपेट में कुल तीन वाहन आए हैं। उन्होंने कहा, घटनास्थल और ट्रक की हालत को देखते हुए, अनुमान है कि करीब 25 किलोग्राम विस्फोटकों का इस्तेमाल किया गया है। जियो न्यूज की खबर के मुताबिक क्वेटा में हुए हमले में मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि एक बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई है। खबर के मुताबिक, एक पुलिस कर्मी और बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई और 23 पुलिसकर्मियों सहित 26 लोग घायल हो गए। खबर में अस्पताल प्रशासन के हवाले से बताया गया कि घटना में घायल एक महिला और बच्चे की मौत होने की वजह से मृतकों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। इससे पहले अस्पताल ने बताया था कि घायलों में अधिकतर की हालत खतरे से बाहर है। प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी है। टीटीपी ने दो दिन पहले ही सरकार के साथ संघर्ष-विराम को वापस लेते हुए अपने लड़ाकों से देशभर में हमले करने का आह्वान किया था। टीटीपी ने कहा कि यह हमला अगस्त में अफगानिस्तान में उसके नेता अब्दुल वली उर्फ उमर खालिद खुरासनी की हत्या के प्रतिशोध में किया गया है। महेसर ने कहा कि यह एक आत्मघाती हमला था, क्योंकि मौके से एक आत्मघाती हमलावर के अवशेष बरामद हुए हैं और कम से कम तीन वाहन इसकी चपेट में आए। पुलिस की प्राथमिक जांच के मुताबिक पुलिस के ट्रक से एक रिक्शा टकराया था। अधिकारियों ने पीड़ितों के इलाज के लिए क्वेटा के अस्पतालों में आपातकाल की घोषणा कर दी है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस लक्षित हमले की निंदा करते हुए घटना की त्वरित जांच के निर्देश दिए हैं। शरीफ ने कहा, देश से पोलियो वायरस को खत्म करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक पोलियो को पूरी तरह से खत्म नहीं कर दिया जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान में पोलियो रोधी अभियान को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे बुरे तत्व हमेशा नाकाम होंगे। राष्ट्रपति डॉ.आरिफ अल्वी ने हमले की निंदा की और मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र ठीक होने के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि बच्चे पाकिस्तान के बहुमूल्य संपत्ति है और सरकार उन्हें पोलियो जैसी बीमारी से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान ने भी हमले में लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में हाल के दिनों में पोलियो के खिलाफ अभियान चलाने वाले कार्यकर्ताओं पर हमले बढ़े हैं।

# चीन ने अमेरिकी अधिकारियों को भारत के साथ उसके संबंधों में दखल न देने की चेतावनी दी : पेंटागन

भाषा। वाशिंगटन

**चीन ने** अमेरिकी अधिकारियों को चेतावनी दी है कि वे भारत के साथ उसके संबंधों में दखल न दें। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने कांग्रेस (संसद) में पेश एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

इस रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि मई 2020 से पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास कई इलाकों में भारतीय सेना और चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बीच गतिरोध पैदा हुआ है। पेंटागन ने मंगलवार को पेश रिपोर्ट में कहा है कि एलएसी पर भारत के साथ टकराव के बीच चीनी अधिकारियों ने संकट की गंभीरता को कमतर दिखाने की कोशिश की है और इस बात पर जोर दिया है कि चीन की मंशा सीमा पर स्थिरता कायम करना और भारत के साथ उसके द्विपक्षीय संबंधों के अन्य क्षेत्रों को गतिरोध से होने वाले नुकसान से बचाना है। चीन की सैन्य निर्माण क्षमता पर कांग्रेस को दी गई अपनी हालिया रिपोर्ट में पेंटागन ने कहा, चीनी गणराज्य (पीआरसी) तनाव कम करने की कोशिशों में जुटा है, ताकि भारत अमेरिका के और करीब नहीं जाए। पीआरसी के अधिकारियों ने अमेरिकी अधिकारियों को चेतावनी दी है कि वे भारत के साथ पीआरसी के संबंधों में हस्तक्षेप न करें।


**Public Notice**

This is to inform general public that Mrs. Harbans Kaur is the owner of Residential plot bearing no. 10/113 (part), Land area measuring 100 sq. yds., part of Khasra no. 764, situated at Village Chandrawali alias Shahdara in the abadi of Subhash Gali Main Viswas Road, Vishwas Nagar, Shahdara, Delhi vide sale deed dated 12.05.2009, Doc No. 5303. Above said owner has misplaced the 1. Original sale deed dated 24.09.1996 executed by Mr. Balram as GPA of Mrs. Phool Kali in favour of Mrs. Ram Chameli in respect of said property and Original Registered Family GPA dated 22.03.2004 executed by Mrs. Ram Chameli in favour of Mr. Surinder Singh in respect of said property. Anyone who find the above said documents shall handover the same to the Manager of M/s. Axis Finance Limited having its office at 6/45 W.E.A. 1st Flat Gurudwara Road Karol Bagh, New Delhi – 110005.Above said owner is intending to sell the said property to Mr. Satya Narain Bhutani and further Mr. Satya Narain Bhutani is availing loan on above said property from M/s. Axis Finance Limited by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mrs. Meera Devi** who is owner of the Residential Property Portion admeasuring 30 sq.yds. (15'x18') out of 60 sq. yds, Part of Plot no.51, Mustakil no. 31, Kila no. 7/1(2-13) & 8(8-0), situated at Mauja Sehatpur, Tehsil and District Faridabad, Haryana; having purchased the same from Mr. Mukesh Verma vide Sale Deed dated 03.09.2015, vide Document No.9559, registered with the office of Sub-Registrar-Faridabad, registered on 03.09.2015 and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Limited.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext. II, New Delhi-110049
Contact# 011-40046316


## क्विक न्यूज

### मतभेदों के बीच अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता में देरी हुई: रूस

**मास्को।** रूस ने यूक्रेन को लेकर राय में व्यापक अंतर और तनाव के चलते इस सप्ताह परमाणु हथियार नियंत्रण पर अमेरिका के साथ होने वाली कई बैठकों को टाल दिया है। रूस के एक वरिष्ठ राजनयिक ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा कि काहिरा में मंगलवार को शुरू होने वाली पूर्व निर्धारित वार्ता को टालने का निर्णय राजनीतिक स्तर पर किया गया। वार्ता का टलना अमेरिका-रूस के तनावपूर्ण रिश्ते का एक और उदाहरण है और इससे दोनों देशों के बीच शेष बचे परमाणु हथियार नियंत्रण संधि के भविष्य को लेकर चिंताएं बढ़ गई है।रयाबकोव ने मास्को में पत्रकारों से कहा, हम ऐसी स्थिति का सामना कर रहे हैं जहां हमारे अमेरिकी सहयोगियों ने न सिर्फ हमारे संकेतों को सुनने और हमारी प्राथमिकताओं को मानने में अपनी अनिच्छा दिखाई है, बल्कि इसके उलट काम भी किया है। रयाबकोव ने दावा किया कि अमेरिका सिर्फ नई स्टार्ट संधि के तहत निरीक्षण फिर से शुरू करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहता था और उसने रणनीतिक हथियार कटौती समझौते के तहत हथियारों की गिनती से संबंधित बारीकियों पर चर्चा करने के लिए मास्को के अनुरोध को भी टाल दिया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा था कि रूस ने काहिरा में होने वाली वार्ता को एकतरफा टालने का फैसला किया और वह नई तारीखों का प्रस्ताव देगा।

### अमेरिकी सीनेट में समलैंगिक विवाह से जुड़ा ऐतिहासिक विधेयक पारित

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने समलैंगिक शादियों को मान्यता देने से जुड़ा एक द्विदलीय विधेयक मंगलवार को पारित कर दिया। यह कदम इस मुद्दे पर राष्ट्रीय राजनीति में आए बदलाव का संकेत देता है। इससे उन हजारों समलैंगिक जोड़ों को राहत मिली है, जिन्होंने उच्चतम न्यायालय के 2015 के फैसले के बाद शादी की थी। इस फैसले के तहत देशभर में समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता दी गई थी। विधेयक को मंगलवार को 36 के मुकाबले 61 मतों से पारित कर दिया गया। रिपब्लिकन पार्टी के 12 सदस्यों ने भी इसका समर्थन किया। सीनेट में बहुसंख्यक नेता चुक शुमर ने कहा कि यह विधेयक लंबे समय से लंबित था और वृहद समानता की ओर अमेरिका की मुश्किल, लेकिन अडिग राह का हिस्सा है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने दोनों दलों के सदस्यों द्वारा विधेयक का समर्थन किए जाने की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अगर यह विधेयक प्रतिनिधि सभा में पारित हो जाता है तो वह इस पर तेजी से और गर्व के साथ हस्ताक्षर करेंगे। बाइडन ने कहा कि इससे सुनिश्चित होगा कि एलजीबीटीक्यू (समलैंगिक) समुदाय के लोग यह जानते हुए बड़े होंगे कि वे भी पूरी तरह से खुशहाल जिंदगी जी सकते हैं और अपना खुद का परिवार बसा सकते हैं।

### चीन के पूर्व राष्ट्रपति जियांग जेमिन का निधन

**बीजिंग।** चीन के पूर्व राष्ट्रपति जियांग जेमिन का निधन हो गया है। चीनी सरकारी टीवी की खबर में यह जानकारी दी गई है। सरकारी टीवी ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि वह 96 वर्ष के थे। जेमिन का निधन शंघाई में हुआ। जेमिन ने तियानमेन स्क्वायर में लोकतंत्र समर्थक विरोध प्रदर्शनों के बाद के दौर में देश का नेतृत्व किया था और आर्थिक सुधारों का समर्थन किया था। वर्ष 1989 के तियानमेन की कार्वाई के बाद विभाजित कम्युनिस्ट पार्टी का नेतृत्व करते हुए जेमिन ने चीन में बाजार उन्मुख सुधार किए। जेमिन के कार्यकाल में ही 1997 में ब्रिटिश शासन से हांगकांग की वापसी हुई और 2001 में चीन विश्व व्यापार संगठन में शामिल हुआ।जेमिन की सरकार ने देश में व्याप्त असंतोष को समाप्त कर दिया था। इस सरकार ने मानवाधिकार, श्रम और लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया और सत्ता पर कम्युनिस्ट पार्टी के एकाधिकार के लिए खतरे के रूप में देखी जाने वाली फालुन गोंग आध्यात्मिक पद्धति पर प्रतिबंध लगा दिया। जेमिन ने अपना सरकारी पद 2004 में छोड़ दिया था, लेकिन पर्दे के पीछे वह सक्रिय रहे, जिसके कारण वर्तमान राष्ट्रपति शी चिनफिंग का उदय हुआ, जिन्होंने 2012 में सत्ता संभाली थी। कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव के रूप में 13 वर्षों तक उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी में पूंजीपतियों का स्वागत करके और चीन के विश्व व्यापार संगठन में शामिल होने के बाद विदेशी निवेश लाकर चीन को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया।

### ओथ कीपर्स का संस्थापक रोड्स देशद्रोही साजिश का दोषी करार

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सरकार विरोधी मिलिशिया ओथ कीपर्स के संस्थापक स्टीवर्ट रोड्स को राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनावी परिणाम को पलटने के लिए देशद्रोही साजिश रचने का मंगलवार को दोषी करार दिया गया। यह छह जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद भवन परिसर में हुए विद्रोह की जांच में न्याय विभाग की बड़ी जीत है। वाशिंगटन डीसी की एक जूरी ने करीब दो महीने तक चले मुकदमे में रोड्स को देशद्रोह का दोषी ठहराया। रोड्स को षडयंत्र के दो अन्य आरोपों से बरी कर दिया गया था। यह फैसला न्याय विभाग के लिए काफी अहम है और इससे अभियोजकों का राजद्रोह के अन्य चरमपंथी आरोपियों के आगामी मुकदमों में पूरे जोरशोर से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। ओथ कीपर्स के फ्लोरिडा अध्याय के नेता केली मेग्स को भी देशद्रोह का दोषी ठहराया गया है जबकि रोड्स के तीन अन्य सह-आरोपियों को आरोप मुक्त कर दिया गया है। अदालत ने सभी पांच आरोपियों को बाइडन की चुनावी जीत पर कांग्रेस के सत्यापन की आधिकारिक प्रक्रिया में बाधा डालने का दोषी पाया गया। अभियोजकों के अनुसार, छह जनवरी को ओथ कीपर्स को कैमरे में लड़ाई की तैयारी के साथ अमेरिकी संसद परिसर तथा भीड़ के बीच घुसते देखा गया था। रोड्स किसी जनरल की तरह अपनी सेना को निर्देश देते हुए बाहर खड़ा था। दंगे के बाद रोड्स और ओथ कीपर्स के अन्य सदस्य जश्न मनाने के लिए ओलिव गार्डन रेस्त्रां में गए थे।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया मुक्त व्यापार समझौता 29 दिसंबर को लागू होगा

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) 29 दिसंबर से लागू होगा। ऑस्ट्रेलिया के व्यापार और पर्यटन मंत्री डॉन फैरेल ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कदम है जिससे पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 45-50 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। बयान में कहा गया है, (एंथनी) अल्बनीज सरकार इस पुष्टि का स्वागत करती है कि भारत सरकार ने ऑस्ट्रेलिया-भारत आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (ईसीटीए) के क्रियान्वयन के लिए अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह व्यापार समझौता 29 दिसंबर, 2022 से ऑस्ट्रेलिया की कंपनियों और उपभोक्ताओं नई बाजार पहुंच के अवसर उपलब्ध कराएगा। इस समझौते पर इस साल दो अप्रैल को हस्ताक्षर किए गए थे। समझौते के तहत ऑस्ट्रेलियाई बाजार में कपड़ा, चमड़ा, फर्नीचर, आभूषण और मशीनरी समेत 6,000 से अधिक व्यापक क्षेत्रों के भारतीय निर्यातकों को शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। इसके अलावा समझौते से श्रम केंद्रित क्षेत्रों मसलन कपड़ा और परिधान, कुछ कृषि और मछली उत्पाद, चमड़ा, जूते, फर्नीचर, खेल के सामान, आभूषण, मशीनरी और बिजली का सामान को लाभ होगा।

### अमेरिका ने कतर को एक अरब डॉलर के हथियारों की बिक्री की मंजूरी दी

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन ने मंगलवार को दोहा में ईरान और अमेरिका के बीच फुटबॉल विश्वकप के एक अहम मुकाबले के मध्यांतर के दौरान कतर को एक अरब डॉलर के हथियारों की बिक्री की मंजूरी दे दी। अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे चरण का मुकाबला शुरू होते ही अमेरिकी विदेश विभाग ने घोषणा की कि उसने कतर को 10 रक्षात्मक ड्रोन प्रणालियों, 200 इंटरसेप्टर और अन्य सैन्य उपकरणों की बिक्री के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

## अब कोविड-19 संबंधी गलत सूचनाओं को नही हटाएगा ट्विटर

**कैलिफोर्निया (अमेरिका)।** ट्विटर अब कोविड-19 से जुड़ी गलत सूचनाओं के खिलाफ अपनी नीति को लागू नहीं करेगा, जिससे जन स्वास्थ्य विशेषज्ञों के बीच चिंता पैदा हो गई है कि इस बदलाव के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। विशेषज्ञों को आशंका है कि इससे कोविड-19 टीकाकरण और संक्रमण से निपटने के अन्य प्रयास बाधित हो सकते हैं।ट्विटर उपयोगकर्ताओं ने सोमवार रात को माइक्रोब्लॉगिंग साइट के ऑनलाइन नियमों में एक वाक्य की सूचना को देखा, जिसमें कहा गया है, 23 नवंबर 2022 से ट्विटर कोविड-19 संबंधी भ्रामक सूचना देने के खिलाफ अपनी नीति को लागू नहीं करेगा। पेशे से चिकित्सक डॉ. सिमोन गोल्ड ने ट्वीट किया, इस नीति का इस्तेमाल वायरस और इलाज के विकल्पों को लेकर मीडिया की अवधारणा पर सवाल उठाने वाले दुनियाभर के लोगों को चुप कराने के लिए किया गया था।

## अंतरिक्ष में पहली बार एकत्रित हुए चीन के छह अंतरिक्ष यात्री



भाषा। बीजिंग

**चीन के** निर्माणाधीन अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले एक अंतरिक्ष यान में सवार तीन अंतरिक्ष यात्रियों ने बुधवार को वहां मौजूद अपने तीन सहकर्मियों से मुलाकात की। इसके साथ ही अंतरिक्ष में पहली बार देश के छह अंतरिक्ष यात्री इकट्ठा हुआ।चीन ने मंगलवार रात अपने निर्माणाधीन अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक अंतरिक्ष यान के जरिए तीन अंतरिक्ष यात्रियों- फी जुनलॉन्ग, डेंग किंगमिंग और झांग लू को रवाना किया था। चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) के अनुसार, शेनझोउ-15 अंतरिक्ष यान को उत्तर-पश्चिमी चीन स्थित जियुक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपित किया गया।

सरकारी शिन्हुआ समाचार एजेंसी की खबर के मुताबिक, अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद तीन लोगों ने तीन नए क्रू सदस्यों का गले लगाकर स्वागत किया।

## भारत, बांग्लादेश आतंकवाद का खात्मा करने के लिए मिलकर काम करेंगे

**ढाका।** बांग्लादेश में नवनियुक्त भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में आतंकवाद को रोकने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। वर्मा 1994 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने 27 अक्टूबर को राष्ट्रपति अब्दुल हामिद को अपना परिचय पत्र प्रस्तुत करने के एक महीने बाद हसीना से मुलाकात की।वर्मा ने उनके आधिकारिक गणभवन आवास पर प्रधानमंत्री हसीना से मुलाकात की।प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के एक प्रवक्ता ने वर्मा के हवाले से कहा, भारत की पड़ोसी देशों के लिए एक नीति है।


**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that **I, Sheela Bisht W/o Sh. K.S. Bisht R/o DDA Janta Flat No. P-5/A 6 ,Ground Floor,Pocket-P Dilshad Garden ,Delhi-110095 has applied for conversion of DDA Janta Flat No. P-5/A6, Ground Floor, Pocket-P Dilshad Garden, Delhi -110095** from lease hold to free hold in DDA. The original documents i.e.Demand-cum-Allotment Letter of the above flat has been lost. An FIR to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch in vide S.O. No.430/2014 LR No.381673/2022 dated 08.05.2022. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write /contact with above named person at above address/ phone No. 9911158194 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right,interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (LAB) H or Director (H)-1, D Block,3 rd Floor, Vikas Sadan,INA,New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, **SMT. KUDRAT JAHAN, W/o LATE ABDUL RASHID, R/o H.NO.BK-I/13,SHALIMAR BAGH, DELHI-110088** has applied for conversion of the aforesaid plot from lease hold to free hold vide **File No.F.16 (1568) 75/ LAB**®in DDA.The original documents i.e. Possession Letter of the above said plot has been lost. An NCR/LR NO.10265 32/2022 dated 28.11.2022 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi. Any person (s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/ Phone No. 8368196003 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property can personally inform or write to Deputy Director (Residential) or Director (Land), DDA, Vikas Sadan, New Delhi

**PUBLIC NOTICE**

It is general information that **RRM SERVICES** (Registration No:1186/2008 dated 07.05.2008) is situated at C-95, Karampura, Delhi 110015 informs that Dr. Ravinder Singh, Dr. Neetu Singh, Dr. Jitender Singh and Mrs. Megha Tyagi are renounced from the partnership firm and **RRM SERVICES** will not be responsible for their any acts and transactions in future and M/s HMDS Services Private Limited is joining to **RRM SERVICES** as new partner. All the changes are effective from 08.07.2022. If anybody, institution have any problems/ claim regarding these changes kindly contact given **Mobile No. +917042909986**

**Dr. Amit Tyagi**
**(Partner of RRM SERVICE)**
**Place at Delhi- 110027**

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जितेंदर सिंह पुत्र श्री कांति प्रसाद व श्री लक्ष्य कुमार पुत्र श्री कांति प्रसाद, संपत्ति Residential Plot area measuring 488 Sq. Yards., i.e. area measuring 408.02 Sq. Meters, comprised in Gata No. 539, Situated at Village Sanwali, Pargana & Tehsil Sikandrabad District Bulandsahar, Uttar Pradesh, मूल दाम विलेख दिनांक 06.09.2022 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 9122 के द्वारा मालिक हैं। उपरोक्त संपत्ति, मेरे मुवक्किल मैसर्स डी० ऍम० आई० हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज बिक्री विलेख दिनांक 02.11.1989 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 4057 कहीं खो गए हैं। इस सन्दर्भ में उ० प्र० पुलिस को सूचना दिनांक 30.11.2022 को एनसीआर एल०ऐ०आर० नंबर 20220000674922 को दर्ज करवाई गई है।
यदि मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमें इस नोटिस की तारीख से 15 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें! ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा।

राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +8076188328

**जन – सूचना**

मैसर्स बैम्बू होटल एंड ग्लोबल सेंटर दिल्ली प्राइवेट लिमिटेड, प्राधिकरण प्रसन्नता पूर्वक सूचित करते हैं "अपस्केल एंड मिड मार्केट होटल विथ लार्ज कॉन्फ्रेंसिंग फैसिलिटी (फोर्मेर्ली ए होटल काम्प्लेक्स एंड कन्वेंशन सेंटर) ऐट एसेट–13, हॉस्पिटैलिटी डिस्ट्रिक्ट, डायल., इंद्र गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, दिल्ली" को स्टेट लेवल एनवायरनमेंट इंपैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी (सेइआ), नई दिल्ली द्वारा एन्वायरमेंट क्लीयरेंस दिया गया था (एनवायर्नमेंटल क्लीयरेंस नो.- SEIAA-D/ C-408/ EC-363 /2022 दिनांक 22.09.2022
क्लीयरेंस पत्र की प्रतिलिपि मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरनमेंट फारेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज, नई दिल्ली के साथ उपलब्ध हैं और यह भी उनकी वेबसाइट पर देखा जा सकता
http://environmentclearance.nic.in

मैसर्स बैम्बू होटल एंड ग्लोबल सेंटर


# सेंसेक्स 418 अंक की छलांग के साथ पहली बार 63,000 के पार



भाषा। मुंबई

**वैश्विक बाजारों** के काफी हद तक सकारात्मक रहने और विदेशी निवेशकों का उत्साह बरकरार रहने से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार सातवें कारोबारी दिन तेजी का सिलसिला जारी रहा और मानक सूचकांक सेंसेक्स पहली बार 63,000 अंक से ऊपर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 417.81 अंक यानी 0.67 प्रतिशत चढ़कर 63,099.65 अंक पर बंद हुआ। यह सेंसेक्स का नया रिकॉर्ड स्तर है और पहली बार यह 63,000 अंक के पार बंद हुआ है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 621.17 अंक तक उछलकर 63,303.01 अंक तक पहुंच गया था जो इसका अबतक का उच्चतम स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सूचकांक निफ्टी ने भी तेजी के इस दौर में 140.30 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। निफ्टी कारोबार के अंत में 18,758.35 अंक पर बंद हुआ जो इसका नया रिकॉर्ड है।सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और टाइटन सर्वाधिक लाभ में रहीं।

इसके उलट इंडसइंड बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और आईटीसी के शेयर नुकसान में रहे। बीएसई का मिडकैप सूचकांक 1.06 प्रतिशत बढ़ा जबकि स्मॉलकैप सूचकांक में 0.61 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का निवेश आने से घरेलू बाजार में बढ़त जारी रही। हालांकि, बाजार की नजरें फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के संबोधन पर टिकी रहेंगी। अगर पावेल ब्याज दरों में बढ़ोतरी की रफ्तार सुस्त करने के संकेत देते हैं तो इस तेजी को और बल मिलेगा। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, एफआईआई की लिवाली के जोर पकड़ने से कारोबारी धारणा मजबूत रही और सूचकांक नई ऊंचाई पर पहुंच गए। दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े अनुकूल रहने की उम्मीद ने भी इसमें योगदान दिया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि जापान के सूचकांक निक्की में गिरावट रही। यूरोप के शेयर बाजारों में दोपहर के सत्र में बढ़त दर्ज की गई। अमेरिकी बाजारों में मंगलवार को मिला-जुला रुख रहा था।अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.83 प्रतिशत चढ़कर 84.55 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।इस बीच, विदेशी निवेशकों ने घरेलू बाजारों में खरीदारी का सिलसिला जारी रखा है। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, एफआईआई ने मंगलवार को।,241.57 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की।

## छह माह में वितरण कंपनियों का बकाया 24,689 करोड़ रुपए घटा

**नई दिल्ली।** बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) पर बिजली उत्पादकों, पारेषण कंपनियों और व्यापारियों का बकाया पिछले छह माह में 24,680 करोड़ रुपए घटकर।,13,269 करोड़ रुपए रह गया है। बिजली मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

बिजली मंत्रालय ने बयान में कहा कि बिजली (विलम्ब भुगतान अधिभार एवं संबद्ध मामले) नियम, 2022 के क्रियान्वयन के साथ डिस्कॉम के आपूर्तिकर्ताओं (बिजली उत्पादक, पारेषण कंपनियों और व्यापारियों) के बकाया में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है।

## अगले साल 15 अगस्त से पहले अद्यतन राष्ट्रीय डिजाइन नीति लाएंगे : डीपीआईआईटी सचिव

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार का** इरादा 15 अगस्त, 2023 से अद्यतन राष्ट्रीय डिजाइन नीति लाने का है। सरकार ने बुधवार को मौजूदा राष्ट्रीय डिजाइन नीति पर उद्योग से विचार मांगे हैं। सरकार ने राष्ट्रीय डिजाइन नीति को फरवरी, 2007 में मंजूरी दी थी। इस नीति का उद्देश्य बेहतर तरीके से परिभाषित और प्रबंधित नियामकीय व्यवस्था के जरिए भारतीय डिजाइन को प्रोत्साहन देना, संवर्द्धन एवं संस्थागत ढांचा बनाना और विभिन्न क्षेत्रों के लिए विशेष डिजाइन और नवोन्मेषण केंद्र बनाना है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) में सचिव अनुराग जैन ने कहा कि अद्यतन नीति देश के लिए अच्छी बात होगी।

### बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अक्टूबर में सुस्त

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अक्टूबर महीने में सुस्त पड़कर 0.1 प्रतिशत रही है। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, एक साल पहले इसी महीने में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 8.7 प्रतिशत थी। वहीं पिछले महीने सितंबर में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही थी। आठ बुनियादी उद्योगों...कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पादों, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली...की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर के दौरान 8.2 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 15.6 प्रतिशत थी।


**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS ISHAR KHAN, CS (COMM) NO. 2441/21 | Vehicle No. DL8CAF8216, Make and Model - RENAULT DUSTER, Manu Year -2014 |
| ICICI BANK LTD VS ATHRAV REAL BUILD PRIVATE LIMITED, CS SCJ No.2128/19 | Vehicle No. DL3CCK2226, Make and Model- HONDA AMAZE, Manu Year -2015 |
| ICICI BANK LTD VS SALEEM, CS No. 50/22 (DJ No. 1564/17 | Vehicle No. DL1ZA1981, Make and Model- HONDA AMAZE, Manu Year -2016 |
| ICICI BANK LTD VS SANCHIT, CS(Comm) -785/2019 | Vehicle No. UP14GT1840, Make and Model- MARUTI CELERIO, Manu Year- 2017 |
| ICICI BANK LTD VS KUSHANK SHARMA, CS (Comm) No. 3178/2021 | Vehicle No. DL8CAX0652, Make and Model- HYUNDAI MOTORS INDIA LTD GRAND I10, Manu Year -2019 |
| ICICI BANK LTD VS SARVJEET., CS (COMM) No. 959/2021 | Vehicle No. DL1ZC7097, Make and Model – HYUNDAI GRAND I10, Manu Year -2019 |

**Auction Date: December 09, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram - 122022
**Contact Person - Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS ASLAM KHA , CS(Comm) No.3444 of 2021 | Vehicle No. UP14HT7751, Make and Model- ASHOK LEYLAND LTD PARTNER, Manu Year -2019 |

Auction Date: **December 09, 2022** From 11:00 am to 2:00 pm.
Place of Auction: Mahakal Parking yard,Khasra No 527 Village Banthla Near Indane Gas Plant Loni Ghaziabad-UP, 201102
Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS DEV DUTT YADAV, CS No. 3207/17 | Vehicle No. UP14CX5126, Make and Model- MARUTI UDYOG LTD EECO, Manu Year -2016 |

**Auction Date: December 23, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec – 17, Sukhrali, Gurugram - 122022
**Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT.
The intending bidders may visit **ICICI Bank Ltd, Shal Towers, Plot No. 23, New Rohtak Road Karol BaghDelhi- 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम् सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाडी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL7SW7891, | DL7SAQ6286, | DL7SZ5407, |
| DL5SR6120, | HR51Q9428, | DL6SV1396, |
| DL4SAD0625, | DL13SA0306, | DII2322, |
| DL7SAT7210, | GJ6CH7539, | DL5SE4247, |
| DL5SV8334, | DL3SAQ8357, | DL5SW2112, |
| DBX4791, | HYU907, | DL7SAR4528, |
| DL5SV4702, | UP15F5373, | DL6SY5423, |
| BR1Q1979, | DL7SN6629, | DL7SAD5472, |
| DL7SAU6037, | DL5SS7289, | DL3ST3668, |
| DL5SV5416, | DL5SS2425, | DL7SX4010, |
| CHSNO43626 | DL7SAM3716, | DL8SAD9277, |
| DL7SAF1095, | DL5SF5887, | DL6SE7166, |
| DL5SM9637, | DL5SP7776, | DL6SL4641, |
| NOREG68, | DL8SJ2598, | DL6SS9229, |
| DL5SG8391, | DL7SAM4320, | DDE8217, |
| DL4SK0202, | DL7SW1245, | PB35D9319, |
| DL7SAE1812, | DL7SAD8221, | DL6SV9228, |
| DL10CF0472, | UP15Y4237, | DL6SY5774, |
| DL7SAX6805, | DL5SV6783, | DL7SAD7607, |
| DL5SU8806, | DL6SV5835, | DL3SAT0423, |
| DL3SAA2680, | DL5SR5565, | DL7SU1656, |
| UP11E4537, | DL5SV2762, | DL7SAQ3851, |
| DL5SS8444, | DL8SQ0630, | DL7SAN8343, |
| DL5SS0594, | GJ1BM6607, | DL5SW5473, |
| DL1SL0536, | MH20R8735, | DL7SG2154, |
| DL7SAX6680, | DL7SAG2568, | DL3SAZ5319, |
| CHSNO-02L21 | DL7SAG2395, | DL4SP3984, |
| C23182, | DL7SY5799, | DL7SAY0146, |
| DL5SR3448, | DL5SK6427, | DL6SJ0995, |
| DL7SAN9241, | DL5SP6222, | DL7SAD9894, |
| DL4SBJ0828, | DL3SW3476, | DL7SAD9082, |
| DL5ST6998, | DL7SAE7933, | DL8SAA1722, |
| DL3S0572, | DL5SV6090, | DL7SAP9868, |
| DL7SAT3976, | DIF3009, | DL7SAK5520, |
| DBW6949, | DL7SAE2264, | DL4SAB1539, |
| DL5SR6204, | DL7ST0581, | HR35A1028, |
| DL5SW3423, | DL5SL1572, | DL4SBE4226, |
| UP81S4732, | DL1SR2451, | DL4SBE4231, |
| DL5SR6197, | DL5SR7484, | DL4SAF1282, |
| DL5ST2520, | DL8SAE5626, | DL9SU3938, |
| DL4SAH5133, | DL7SAR6748, | RJ14SE8468, |
| GJ5EG2731, | DL7SA0523, | DL4SBA0475, |
| DL4SX1920, | DL8SK1720, | DL4SY2325, |
| DL3SZ1329, | DL8S7289, | DL4SW5650, |
| DL7SAD8849, | DL5SV7388, | DL4SAP1994, |
| DL4SBA0792, | DL5SX2607, | DL4SZ7663, |
| CHSNO-178282 | DL5SU0481, | DL4SZ5809, |
| | UP14AD3440, | DL1CL3949, |
| CHSNO-06FB | DL6SB0577, | DL7SW1629, |
| DL68463, | DL7SW0901, | DIZ1443, |
| DL5SS1237, | DI04189, | DL3SAK0870, |
| DL5SS9106, | DL7SF6823, | UP70AA2968, |
| DL5ST1666, | DL7SQ2090, | DL7SAY5125, |
| DL5SM7993, | DL7SZ3898, | UHT1521, |
| DL6SR8130, | DL7SX6874, | DL8SX3301, |
| CH03X7779, | DL7SR9418, | DL7SE7258, |
| DL4SAY3266, | DL7SG0239, | DL3SAK9365, |
| PB11K9893, | DL7SAB3468, | DL3SAZ5235, |
| PB11P2787, | NOREG71, | DL7SAD6347, |
| DL8SAC4248, | DL4CS6388, | DL7SZ9655, |
| DL7SAT0871, | DL6SD7390, | DL5SP0586, |
| DL5SM9281, | HR35A7674, | DL4SAQ1774, |
| UP13H4738, | NOREG72, | DL7SAD4769, |
| DL7SAK0569, | DL7ST9642, | DL4SAM1021, |
| HR26AJ6228, | UP85C2444, | DL8SAC1782, |
| DL7SY7630, | DL7SS6438, | DL6SY0848, |
| DL7SZ8994, | DL8SAC1606, | DL4SAX1959, |
| DDP4300, | DL7SAS7264, | DL7SBA1734, |
| DL7SW9415, | DL7SAK1496, | DL4SP4327, |
| DL7SAQ4281, | DL7SAJ9148, | DL7SAB4575, |
| DL7SAQ0984, | DL4SA3394, | DL7SAR8356, |
| DL9SS3002, | DL7SAB7890, | AP28AQ3703, |
| DL3SAT9965, | DL7SAU8280, | HR23F0070, |
| UP14AE7308, | DL7SAY4640, | HR70C6552, |
| NOREG69, | DL6SX7380, | DL4CAG9549, |
| CHS.NO-1052565, | ENGNODHG-BKH28897, | DL4CAG9028, |
| DL6SL3433, | DL9SP2436, | DL8CNA5917, |
| DL5SQ1468, | DL7SZ4097, | HR26BV1945, |
| DL2SG5240, | DL8SAJ0308, | DL7CH1154, |
| DL7SAD1123, | DIU9698, | DL4CAE6115, |

# सफल यातायात माह का एसपी ने किया समापन

## ● आगे भी यातायात पर जागरूकता अभियान पुलिस ट्रैफिक जारी रखे-एसपी

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



समापन के अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारी

**पुलिस अधीक्षक** सोनम कुमार द्वारा यातायात जागरूकता माह का रिजर्व पुलिस लाइन में समापन किया गया। हीरालाल इण्टर कालेज के एन0सी0सी0 व स्काउट गाइड तथा मौलाना आजाद इण्टर कालेज के स्काउट गाइड के छात्रों द्वारा यातायात जनजागरूकता पैदल रैली मेहदावल बाईपास से पुलिस लाइन तक निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। राज ग्लोबल एकेडमी के छात्रों द्वारा पुलिस लाइन में सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में पहुंचे छात्रों को संबोधन के दौरान पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यातायात जागरूकता माह के दृष्टिगत सम्पूर्ण माह में जनपद में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को यातायात से संबन्धित नियमों के बारें में जागरूक किया गया। माह नवम्बर में स्कल-कालेजों में छात्र-छात्राओं को जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कराकर लोगों को जागरूकता किया गया। शहर के विभिन्न चौराहों, तिराहों पर होल्डिंग, बैनर व पोस्टर आदि लगवाया गया एवम पम्पलेट वितरण की कार्यवाही की गई। वाहन चालकों को एकत्र कर यातायात संबन्धी नियमों की जानकारी दी गई एवं उसका पालन कराने हेतु उन्हे शपथ भी दिलाया गया। पुलिस अधीक्षक ने जनपद के क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी यातायात बृजेश यादव व यातायात के 27 पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। एनसीसी तथा स्काउट गाइड के छात्रों द्वारा किये गये यातायात जनजागरूकता रैली की सराहना करते हुए समस्त छात्रों को प्रतिभाग हेतु प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्रा, क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीश सिंह भदौरिया, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव, आरक्षी अजय कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

# गुरुद्वारह्य में सांसद ने टेका माथा, प्रसाद वितरित किये



**संतकबीरनगर।** हिन्द की चादर गुरु तेग बहादुर जी महाराज के शहीदी पर्व पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा खलीलाबाद में रखे हुए अखंठ पाठ साहिब के दूसरे दिन सरदार कालोनी के सामने गुरु का अटूट लंगर चलता रहा। लंगर वितरण में पधारे सांसद ई. प्रवीण निषाद ने लंगर का प्रसाद वितरण किया और श्री तेग बहादुर जी के चित्र पर सिर झुका कर उनको नमन किया और शाम कवि दरबार में लुधियाना पंजाब से आए रागी जत्था भाई बलप्रीत सिंह एवं उनके साथियों द्वारा गुरु के शबद गुरु तेग बहादुर सिमरिया घर नव निधि आवे धाय और बाह जिना दी पकड़िए सिर दीजे बाह ना छोड़िए सुनाकर वातावरण भक्ति मय कर दिया अरदास के बाद गुरु का अटूट लंगर देर रात तक चलता रहा गुरुद्वारा में सरदार प्रितपाल सिंह, अजीत सिंह, हरिभजन सिंह, नरेंद्र सिंह, मदन सिंह, जसविंदर सिंह, सनी हनी सिंह, गगनदीप सिंह, सुधांशु सिंह, मनिंदर सिंह, हरप्रीत सिंह, अमरजीत सिंह, आशु सिंह, हरविंदर सिंह, हरमहेंद्र पाल सिंह, रविंद्र पाल सिंह, दलजीत सिंह, मनजीत सिंह, कन्हैया वर्मा, जैकी बर्मा, गोलू वर्मा, अजय वर्मा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# फाइलेरिया की जांच के लिए जनपद को मिलीं 8100 किट

**फतेहपुर।** फाइलेरिया अभियान के तहत 8100 किट जिला स्वास्थ्य विभाग को सौंप दी गई है। इसके जरिए फाइलेरिया की जांच के लिए ब्लड सैंपल लिया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सुनील भारतीय ने बताया कि अब फाइलेरिया मरीजों की जांच और बेहतर तरीके से होगी। सर्वेक्षण के लिए विभागीय स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। फाइलेरिया रोग की रोकथाम के लिए हमारी टीम युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। समय-समय पर अभियान चलाकर भी लोगों को जागरूक किया रहा है। जिन ब्लाकों में ब्लड की जांच के दौरान माइक्रो फाइलेरिया नहीं आया है वहां पुनः किट से जांच की जायेगी। जनपद में आठ ब्लाक ऐसे हैं जहां माइक्रो फाइलेरिया की जांच की जायेगी। फाइलेरिया की जांच ब्लॉक स्तर पर चालू है। ब्लड सैंपल में एक प्रतिशत से कम केस मिलने पर माइक्रो फाइलेरिया रेट के तहत प्रीटांस कराया जाएगा। एक प्रतिशत से अधिक वाले इलाकों में दवा खिलाने का अभियान जल्द ही विभाग शुरू करेगा। वर्तमान में जिले में फाइलेरिया के 3693 रोगी मौजूद हैं। जिला मलेरिया अधिकारी सुजाता ठाकुर ने बताया कि फाइलेरिया अभियान के तहत 13 विकास खण्ड में नाइट सर्वेक्षण हुआ है। इस दौरान करीब चार हजार लोगों का ब्लड सैंपल लिया गया। हालांकि इसमें से लगभग 50 फाइलेरिया संक्रमित मरीज मिले है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोग की रोकथाम के लिए हमारी टीम युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। समय-समय पर अभियान चलाकर भी लोगों को जागरूक किया रहा है। जनपद में आठ ब्लाक ऐसे हैं जहां ब्लड सैंपल में 1 प्रतिशत से कम पाये जाने पर माइक्रो फाइलेरिया रेट के तहत प्रीटांस कराया जाएगा। जिन इलाकों में 1 प्रतिशत से अधिक मिलेगा।

# इलेक्ट्रिक बस चलाने के लिये वकीलों ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता।** कानपुर देहात


इलेक्ट्रिक बस सेवा के प्रबन्धक डीबी सिंह को ज्ञापन सौंपते अधिवक्तागण

**वाहन व्यवस्था** मानव की तरक्की का रास्ता खोलते हैं किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए आवागमन की जितनी अच्छी सुविधा होती है उस क्षेत्र की उतनी जल्दी तरक्की होती है उक्त विचार मुलायम सिंह यादव एडवोकेट पूर्व महामंत्री जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात ने इलेक्ट्रॉनिक बस सेवा को जनपद न्यायालय कानपुर देहात तक चलाने के लिए ज्ञापन श्री डी ण्बी ण्सिंह प्रबंधक इलेक्ट्रिकल बस सेवा कानपुर को देते वक्त कहीं एउन्होंने कहा कि देश इक्कीसवीं सदी में गुजर रहा है यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज की यात्रा कराने की सोचते हैं और जनपद न्यायालय कानपुर देहात वाहन के नाम पर टेंम्पोए ठेलाए ट्रैक्टर एजुगाड़ गाड़ी से जुगाड़ करके जनमानस आते जाते हैं ज्ञापन में मांग की गई कि ई ण्बस सेवा कानपुर नगर से जनपद न्यायालय एमुख्यालय एचिकित्सालय एविद्यालय एतहसील एपुलिस लाइन आदि से होते हुए बसों का संचालन किया जाए तथा माती से कस्बा पुखरायां भोगनीपुर राजपुर सिकंदरा एरूरा झींझक चौबेपुर शिवली रसूलाबाद एककवन आदि तक सीएनजी बसें चलाने की मांग की गई । डीवी सिंह ने कहा कि दिनांक 1.12.2022 से 5 नई सीएनजी बसें कानपुर देहात के लिए बढ़ाई जा रही हैं इलेक्ट्रिकल बस सेवा मार्च के बाद ही संभव है ज्ञापन देने वालों में सर्वश्री रमेश चंद्र सिंह गौरहरी कृष्ण गुप्ता यस पी पांडेय अरविंद सिंह यादव राम शंकर सिंह वीरेंद्र कुमार कटियार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एसडीएम का पहल 20 लाख 47 हजार 529 रूपये की हुई वसूली

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देशन में उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अजय कुमार त्रिपाठी/प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका खलीलाबाद द्वारा अभियान चलाकर नगर पालिका परिषद अंतर्गत व्यापक कर वसूली माह नवंबर में की गई, प्रभारी अधिशासी अधिकारी द्वारा सभी कर निरीक्षकों की कड़ी समीक्षा करते हुए उनको वसूली का लक्ष्य दिया था तथा पिछले 5 से 7 वर्षों की वसूली की समीक्षा तथा पर्यवेक्षण किया जिसके सापेक्ष नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत माह नवंबर में 20 लाख 47 हजार 529 रूपए की रिकॉर्ड तोड़ वसूली हुई। प्रभारी अधिशासी अधिकारी द्वारा नियमित रूप से बड़े बाकीदारों की समीक्षा की गई। जिसके फ्ल स्वरूप कर वसूली अभियान में अपार सफ्लता मिली। अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कर वसूली शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में से है तथा भविष्य में भी इसी तरह अभियान चलाकर नगरपालिका के बड़े बाकीदारों से वसूली की जाएगी।

# छत पर बंदरों को भगाने गए युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगी

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**घर की** छत पर बंदरों को भगाने गए युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गयी। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर महमूद निवासी गौतम सागर उर्फ विक्की पुत्र करन पाल दोपहर में अपनी छत पर बंदरों को भगाने के लिये गया था। उस समय परिजन नीचे घर में थे। उसी समय छत पर किसी के गिरने की आवाज़ हुई। आवाज सुनकर घरवाले छत पर पहुंचे तो देखा की गौतम सागर उर्फ विक्की लहूलुहान छत पर पड़ा तड़प रहा था। उसके पेट से खून बह रहा था। परिजनों द्वारा देखने पर पता चला कि विक्की के पेट में गोली लगी है जो पीठ के बाहर निकल गई। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन घायल को लेकर बाइक द्वारा शमशाबाद सीएचसी पहुंचेए जहां से घायल को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं घायल के पिता का आरोप है की उनके बेटे को गोली मारी गई है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक का गांव की ही एक युवती से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा थाए जिसकी जानकारी युवती और युवक के परिजनों को हो गई थी। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई थी। कहासुनी इतनी बढ़ गई थी कि मामला थाने तक पहुंच गया था। दो दिन पूर्व इस मामले में शमशाबाद पुलिस द्वारा समझौता करवा दिया गया था।

## समस्याओ के निस्तारण तक चलता रहेगा बेमियादी धरनाः बुद्धराज

**फतेहपुर।** वेतन, पमोशन व पेंशन आदि मांगो को लेकर बिजली कर्मियों द्वारा दिया जा रहा धरना जारी रहा। निगम की ओर से किसी तरह का कोई आश्वासन न मिलने पर विद्युत कर्मियों ने आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं व मांगों पूरी होने तक लेकर धरना प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा। विद्युत कर्मचारी सँयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में हाइडिल कालोनी में विद्युत कर्मियों का धरना अध्यक्ष बुद्धराज व संयोजक राकेश कुमार पाल की अगुवाई में बुधवार को दुसरे दिन भी जारी रहा। वेतन विसंगतियां, पेंशन आदि समस्याओं को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा धरना दिया जा रहा है। अध्यक्ष बुद्धराज ने कहाकि धरना प्रदर्शन के पश्चात मशाल जुलूस निकाल कर सगठन ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर ऊर्जा निगम को विद्युत कर्मियों की समस्याओं से अवगत करवा दिया गया है।

# जिले में आई गुरु तेग बहादुर प्रकाश यात्रा



**फतेहपुर।** श्री अकाल सहाय सेवा सोसायटी रजिस्टर्ड की ओर से श्री गुरु तेग बहादुर प्रकाश यात्रा श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के 400 साला प्रकाश पूर्व को समर्पित कर के धुबरी साहिब आसाम व उत्तर-पूर्व भारत के विभिन्न गुरुद्वारा साहिब के दर्शनों के लिए 27 नवंबर से 13 दिसंबर तक निकाली जा रही है। इस यात्रा में 200-300 संगतों का जत्था गुरू साहिब जी के ऐतिहासिक स्थानों पर जाएगा। यात्रा का मुख्य प्रयोजन भारत की ऐकता एवं अखण्डता बनाए रखना है। यह जत्था सभी धर्मों के लोगों को आपसी प्रेम, सद्भावना एवं भाई-चारा कायम रखने का संदेश देगा। पूरी यात्रा जत्थेदार सज्जन सिंह खालसा की अगुवाई में हुआ: श्री अकाल सहाय सेवा सोसायटी द्वारा निकली जा रही है गुरु तेग बहादुर जी की 400 वी प्रकाश यात्रा रविवार को खड़ग खंडा साहिब खरडीवा हरियाणा से सुबह सात बजे प्रारम्भ हुई थी जो मेरठ, खुर्जा, हाथरस, फिरोजाबाद, टूंडला, इटावा, कानपुर होंते हुए बुधवार को फ्तेहपुर पहुंची। यहां भव्य स्वागत के बाद जत्थे ने नगर कीर्तन आरम्भ किया। नगर कीर्तन वर्मा चौराहे से कलक्टरगंज, हरिहरगंज होते हुए रेल बाजार गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा पहुंची। यात्रा गुरुद्वारा सिंह सभा प्रधान पपिन्दर सिंह की अगुवाई में निकली गयी। इस मौके पर लाभ सिंह, जतिंदर पाल सिंह, सतपाल सिंह, कुलजीत सिंह, गुरमीत सिंह, तरन, हरमंगल सिंह, मंजीत सिंह, मनमीत सिंह, राजू, सोनी, रिंकू, महिलाओं में हरजीत कौर, सतनाम कौर, प्रीतम कौर, हरविंदर कौर, वरिंदर कौर, ज्योति मालिक आदि उपस्थित रहे। गुरुद्वारा प्रधान पपिन्दर सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों व बाकरगंज, ज्वालागंज, हरिहरगंज चौकी इंचार्ज का आभार व्यक्त किया।

# नियमों के उल्लंघन पर शस्त्र की तर्ज पर ड्राइविंग लाइसेंस भी होने चाहिए रद

**आलोक निगम।** बांदा



**बांदा** मंडल के पुलिस उपमहानिरीक्षक विपिन कुमार मिश्र ने कहा है कि जिस प्रकार से रोड एक्सीडेंट में मौतें बढ़ी है। ऐसे में जैसे अपराध में शस्त्र लाइसेंस के तर्ज पर नियमों के उल्लंघन ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करके उसे आयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा इसको लेकर तमाम अभियान चलाए जा रहे हैं लेकिन खुदद की जागरूकता सबसे जरूरी है।

डीआईजी चित्रकूट विपिन कुमार मिश्रा ने खास बातचीत में बताया कि यह माह सरकार के निर्देश पर यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। दीया जी चित्रकूट ने बताया कि परिवहन विभाग पुलिस विभाग और खास तौर पर ट्रैफिक पुलिस विभिन्न योजनाओं और तरीकों से हादसों को रोकने के प्रयास कर रहे हैं हमने अभी सरकार के निर्देश पर यातायात माह शुरू किया हुआ है। इसमें पिछले माह गलत तरीके से वाहन चलाने वाह वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करनेए हेलमेट ना पहनने सीट बेल्ट धारण ना करने, एकल दिशा का उल्लंघन करने जैसे बहुत सारे मामलों में प्रभावी कार्रवाई की है। इसके तहत पिछले माह लगभग 70,00000 की रिकवरी भी की गई है। डग्गामार वाहन वह जुगाड़ वाहन को भी सीज किया गया है जिनकी संख्या 16 है। इस माह भी रेंज के चारों जनपदों में यह कार्रवाई चल रही है साथ ही जनता को भी जागरूक किया जा रहा है। हमने बहुत सारे कॉलेजों में अपने प्रोग्राम आईडेंटिफाई किए हुए हैं। और बच्चों में यह संस्कार डालने की कोशिश हो रही है की यातायात नियमों का पालन करें उन के माध्यम से रैलियाँ निकलवाना। वाद विवाद प्रतियोगिता कराना वह भाषण करवाना। रैलियां निकालकर पैदल मार्च के माध्यम से लोगों से अपील कराना यह कार्य भी साथ.2 चल रहे हैं। कमलाकर सरकार की कोशिश है कि ट्रैफिक का एक संस्कार जनता में आए इस तरह की घटनाओं में हम लोग कमी ना सके।मण्डल के चारो जनपदों में चल रही ओवरलोडिंग को रोफकने के सवाल पर डीआईजी ने कहा कि लोडिंग को रोकने के लिए समय.समय पर अभियान चलता है और काफी मात्रा में वाहन सीज भी होते हैं। ओवरलोडिंग की समस्या परिवहन विभाग पुलिस वाहन इकाइयां भी इसमें शामिल होती है। तो इसके लिए भी कोशिश की जाती है कि इसको मिनिमाइज रखा जाए।

# यातायात माह में 22450 ई-चालान कर वसूला गया दो करोड़ से अधिक जुर्माना

**फ्तेहपुर।** आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए चलाये जा रहे यातायात माह नवंबर का बुधवार को समापन हो गया। यातायात समेत नागरिक पुलिस ने पूरे माह 22450 ई-चालान करके दो करोड़ से अधिक का जुर्माना वसूलने का काम किया। साथ ही पूरे माह आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का भी अभियान चलाया। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। जिसमें कई स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग कर प्रतियोगिता के जरिये जागरूकता का संदेश देने का काम किया। प्रतियोगिता के मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि एसपी राजेश कुमार सिंह ने शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

यातायात माह के समापन का कार्यक्रम रिजर्व पुलिस लाइन में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसपी राजेश कुमार सिंह के अलावा विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक अनिरूद्ध कुमार, पुलिस उपाधीक्षक नगर/यातायात वीर सिंह ने शिरकत की। सर्वप्रथम समापन पर पूरे माह का विवरण प्रस्तुत किया गया। बताया गया कि यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर जनपद पुलिस ने 22450 ई-चालान कर लगभग 20963700 रूपये जुर्माना किया है। यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक हरेंद्र सिंह ने पूरे वर्ष में 5030 ई-चालान कर प्रथम स्थान पर रहे। मुख्य आरक्षी प्रो चंद्रपाल सिंह ने 4058 ई-चालान कर द्वितीय स्थान हासिल किया। मुख्य आरक्षी मुरलीधर यादव ने 3820 ई-चालान कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसी के साथ ही उपनिरीक्षक यातायात मनोज सिंह को पुलिस अधीक्षक ने यातायात माह के संपूर्ण कार्य के निर्वहन के लिए प्रशस्ति पत्र दिया। इनके सहयोगी मुख्य आरक्षी अरविंद कुमार यादव, आरक्षी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, होमगार्ड पंकज तिवारी, पीआरडी जवान रामबाबू को एसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। थाना पुलिस के थाना प्रभारी धाता प्रवीण कुमार सिंह ने आम जनमानस में जागरूकता प्रचार प्रसार करने पर जनपद में प्रथम स्थान मिला। थाना खागा के चौकी मंझिलगांव प्रभारी उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने 551 चालान कर जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया। थाना खागा के उपनिरीक्षक उत्कर्ष कुमार मिश्र ने 381 चालान कर द्वितीय स्थान, थाना थरियांव चौकी हसवा प्रभारी मुकेश सिंह ने 251 चालान कर तृतीय स्थान हासिल किया। सभी को एसपी ने उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। यातायात प्रचार प्रसार के लिए पेंटिंग, पोस्टर, रंगोली प्रतियोगिताएं कराई गई। जिसमें स्कूल कॉलेजों के प्रथम छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र ठाकुर जुगराज सिंह पीजी कॉलेज की छात्रा रितिका, चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल की अंशिका व श्रेया, प्ले वे स्कूल की आयुषी राणा, जय मां सरस्वती ज्ञान मंदिर की छात्रा अनुप्रिया सिंह तथा साधना ग्रुप ऑफ एजुकेशन सेंटर छात्रा कृतिका देवी शामिल रहीं।

## क्विक न्यूज

### 22 उर्वरक के दूकानों की हुई जांच, एक को किया सील

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वर सिंह एवं जिला कृषि अधिकारी पीसी विश्वकर्मा द्वारा संयुक्त टीम के साथ तहसील मेहदावल, खलीलाबाद, धनघटा में बीज बिक्री केंद्रों पर आवश्यक छापा की कार्रवाई की गयी। जिसमें 19 बीज के नमूने ग्रहण किए एवं 22 दुकानों पर छापा की कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान एक प्रतिष्ठान को सील करते हुए दो बिक्री केंद्रों को चेतावनी निर्गत की गई। मेहदावल तहसील क्षेत्र में जिला कृषि अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी मेंहदावल द्वारा सर्वप्रथम प्रवीण बीज भंडार बेलहर कला का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के समय बीज बिक्री प्राधिकार पत्र नहीं दिखाए जाने के कारण प्रतिष्ठान सील कर दी गई, इसी क्रम में एग्री जंक्शन बेलहर कला के उर्वरक बिक्री केंद्रों पर पी ओ एस मशीन में उर्वरक स्टॉक जांच करने पर पाया गया कि यूरिया 45 बोरी है जबकि मौके पर मात्र 8 बोरी यूरिया मिली जिससे उर्वरक का लाइसेंस निलंबित कर बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई।

### सात अभियुक्तों को अपर जिला मजिस्ट्रेट ने किया जिला बदर

**संतकबीरनगर।** जनपद में शांति व्यवस्था मद्देनजर अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय ने आदेश जारी करते हुए जनपद के 7 अभियुक्तों को जिला बदर किया है। न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट संतकबीरनगर द्वारा जारी आदेश में जनपद के दुधारा थाना क्षेत्र के साफियाबाद निवासी एकलाख, दानोकुईया निवासी समीम, सालेहपुर निवासी शेर अली, दशांवा निवासी महेन्द्र, पचपोखरी निवासी नसीर खान उर्फनसीर अहमद, थाना बेलहर के करनजोत निवासी फिरोज व धनघटा थाना क्षेत्र के बराव निवासी धर्मेन्द्र उर्फरिंकू राय को जिला बदर किया गया है।

### चिकित्सकों को विशेष ध्यान दिये जाने के दिये निर्देश

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक सुनीति द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती छात्र छात्राओं को वहां पहुंचकर उनकी हालत का जायजा लिया। यह घटना तहसील डेरापुर के थनवापुर गांव के पास की है जहां पी डी निगम कॉन्वेंट स्कूल की तेज रफ्तार स्कूली वैन अनियंत्रित होकर पलटीए हादसे में 7 बच्चे हुए घायलए 2 की हालत नाजुक कानपुर रेफर किया गया। इस हादसे में हर्ष तिवारीए विष्णुए प्रियलए हिमांशुए इच्छा तिवारीए उमंग सिंह व गणेश कुमार इस घटना में घायल हुएए जिनका उपचार जिला अस्पताल में किया का रहा है व गंभीर रूप से घायल बच्चों को कानपुर रेफर किया गया है।

### मुख्य विकास अधिकारी ने विधायक निधि/सांसद निधि के अंतर्गत चल रहे अपूर्ण कार्यों की समीक्षा

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में विधायक निधिध्सांसद निधि के अन्तर्गत अपूर्ण चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक समस्त कार्यदायी विभागों की उपस्थिति में की गयी उन्होंने समस्त कार्यदायी विभागों के विभगाध्यक्ष को निर्देश दिए गए कि समस्त कार्यदायी विभाग सांसद निधिध्विधायक निधि योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्यो को जारी गाइड लाइन के अनुसार ही कराये आज ही अनारम्भ चल रहे कार्यो को शीघ्र प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें साथ ही जिन कार्यों पर जारी प्रथम किश्त का उपभोग कर लिया गया है उन पर द्वितीय किश्त की मांग पत्र शीघ्र प्रेषित की जाये। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों पर धनराशि का उपभोग कर लिया गया है तथा कार्य पूर्ण हो गया उनका उपभोग प्रमाण पत्रध्कार्यपूर्ति उपलब्ध करा लिया जाये। उन्होंने विभागाध्यक्षों को सख्त हिदायत देते हुए निर्देश दिए कि जिन कार्यदायी विभाग के पास काफी समय से कार्य अपूर्णध्लम्बित चल रहे हैं तथा विभाग द्वारा कार्य पूर्ण कराने में कोई रूचि नहीं ली जा रही है ऐसे विभागो के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज करा दी जाये यदि विभागाध्यक्षों द्वारा कार्यों में निरंतर लापरवाही बरती जाती है उनके विरुद्ध कार्यवाही किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती जायेगी।

### सीरीज कल होगी लांच

लखनऊ। अमेज़न की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा अमेज़न मिनी टीवी ने आज क्रश्ड के दूसरे सीज़न का ट्रेलर रिलीज़ किया। ट्रेलर हमें आध्याए प्रतीक और जैस्मीन के जीवन के उतार.चढ़ाव की झलक दिखाता है, क्योंकि उन्हें नई चुनौतियों और अचरज में डाल देने वाली परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। 2 दिसंबर को इस सीरीज़ को लॉन्च किया जाएगा।

### शादी का झांसा देकर युवक करता रहा दुष्कर्म

**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम आलमपुर गेरिया की रहने वाली दुष्कर्म पीड़िता किशोरी अपनी मां के साथ एसपी कार्यालय पहुंची। जहां उसने एक शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि उसके पिता का देहांत हो चुका है। गांव के ही शिव नारायण उर्फनन्हू पुत्र चंद्रशेखर कुम्हार ने शादी का झांसा देकर उससे कई बार शारीरिक संबंध बनाये। एक माह से वह उससे शादी करने की बात कह रही थी। जिस पर वह हीलाहवाली कर रहा था। 27 नवंबर की शाम करीब तीन बजे वह शिव नारायण के ट्यूबवेल पर पानी पीने गयी थी तभी शिव नारायण व उसके छोटे भाई पवन कुमार ने उसे पकड़ लिया और ट्यूबवेल के अंदर ले जाकर बलात्कार का प्रयास किया। शोर मचाने पर खेत में काम कर रही मां आ गई। मौके पर शिवनारायण का पिता चंद्रशेखर भी आ गया। तीनों लोगों ने मिलकर उसे बेदर्दी से मारापीटा। वह अपनी मां के घर आ गई और अगले दिन खखरेरू थाने पहुंचकर तहरीर दी तीन-चार दिन का समय बीत जाने के बावजूद पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया और न ही उसकी डाक्टरी करवाई। अभियुक्त लगातार उसे जान-माल की धमकी दे रहे हैं।

### ट्रेंड्स अब कौड़ीराम में

गोरखपुर। रिलायंस रिटेल की स्पेशलिटी चेनए ट्रेंड्स ने उत्तरप्रदेश राज्य के गोरखपुर जिले में कौड़ीराम शहर में अपने स्टोर के लांच की घोषणा की। ट्रेंड्स ने भारत में मेट्रोए मिनीमेट्रोए टियर 1ए 2 शहरों और छोटे.छोटे कस्बों में ग्राहकों तक अपनी पहुंच और संपर्क को मजबूत कर फैशन का घर.घर पहुंचाया है और यह भारत की मनपसंद फैशन की जगह है। कौड़ीराम में ट्रेंड्स स्टोर को आधुनिक शैली से बनाया गया है और इसका माहौल भी शानदार है। यहां आपको बढ़िया क्वालिटी और फैशन का सामान किफायती दामों पर मिलेगा।

### एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य बने अपर्ण

**फतेहपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में सर्वसम्मति से जनपद निवासी अर्पण पटेल को राष्ट्रीय कार्यकारणी में सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। संगठन के शीर्ष नेतृत्व में स्थान मिलना जनपद के लिये गौरव का विषय है। उक्त बातें एबीवीपी के जिला संयोजक राजन अवस्थी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। बुधवार को तेलियानी ब्लाक स्थित ब्लाक प्रमुख कक्ष में पत्रकारों से वार्ता करते हुए जिला संयोजक राजन अवस्थी ने बताया कि राजस्थान प्रान्त के जयपुर में सगठन के 68 वें राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान नई राष्ट्रीय कार्यकारणी की घोषणा की गई। जिसमें नवमनोनीत राष्ट्रीय अध्यक्ष राजशरण शाही, महामंत्री वल्वक्य शुक्ला समेत संगठन के अन्य नेताओं ने अधिवेशन को सम्बोधित किया।

### गुलाबी गैंग लोक ने जिला अस्पताल का किया घेराव

**फतेहपुर।** बुधवार को गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में पहुंची सैकड़ों महिलाओं ने जिला अस्पताल का घेराव कर जिला अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार अवैध वसूली व शिथिल कार्यशैली के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए समस्याओं के अतिशीघ्र निवारण हेतु आवाज बुलंद की तत्पश्चात जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन मुख्य चिकित्साधिकारी को प्रेषित कर समस्याओं के अतिशीघ्र निराकरण हेतु पुरजोर मांग की गई। ज्ञापन में मांग की गई कि थाना ललौली की किशोरी द्वारा जन्मे बच्चे व माँ का उपचार न करके जिला अस्पताल द्वारा वापस कर दिया गया। जिसके कारण पुलिस को निजी अस्पताल में इलाज करवाना पड़ा। प्रदर्शन के बाद अंततः संगठन नें सफ्लता पायी। पीड़िता व उसके बच्चे को एडमिट कराया।

### बीमा पहुंच बढ़ाने के लिए निर्णायक कदम

कानपुर। देश में बीमा की पैठ बढ़ाने के मद्देनजर हाल ही में इरडाई ने प्रत्येक बीमा कंपनी को अलग राज्यों को जिम्मेदारी दी है और इसके तहत बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस को यूपी और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख की जिम्मेदारी देकर वहां बीमा का प्रचार प्रसार करने को कहा है। इस सिलसिले में बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ तपन सिंघल ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात में उन्होंने इस बात पर विस्तार से चर्चा की कि कंपनी राज्य में बीमा पैठ बढ़ाने और यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य में योगदान देने के लिए यूपी सरकार के साथ मिलकर किस तरह से काम कर सकती है। सिंघल ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा से भी मुलाकात की।

### सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक को दी गई विदाई

फ्तेहपुर। जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय में आज विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुशवाहा की मौजूदगी में आज सेवानिवृत्त हुए श्याम नारायण तिवारी वरिष्ठ लिपिक का कार्यालय परिसर में कर्मचारियों ने फूल माला सॉल व मेंमंटो देकर विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन विजय त्रिपाठी ने किया। सभी खंड शिक्षा अधिकारी और शिक्षकों ने श्याम लाल तिवारी को फूल माला पहना कर विदाई दी। इस अवसर पर यूपी एजुकेशनल के अध्यक्ष अनिल सिंह, महामंत्री सुशील शुक्ला, राजेश कटियार,, मोहम्मद आसिफ, राजीव कुमार पांडे, लेखा अधिकारी राजेश पांडे, दीपक कुमार, संजय गुप्ता, राकेश त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक बुधराज सरोज एवं समस्त स्टाफमौजूद रहा।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 1 दिसंबर, 2022



# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-3 से हराकर किया बड़ा उलटफेर

**भाषा।** एडीलेड



**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में दुनिया की नंबर एक टीम ऑस्ट्रेलिया को बुधवार को यहां 4-3 से हराकर उलटफेर किया।

भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नियमित समय में 13 मैच के बाद यह पहली जीत है। भारत ने नियमित समय में पिछली बार 29 नवंबर 2016 को विक्टोरिया के बेंडिगो में दो मैचों के द्विपक्षीय टेस्ट दौरे के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया था। इसके बाद से दोनों टीमों ने 13 मैच खेले हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने नियमित समय में 10 मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि दो मैचों का फैसला पेनल्टी शूटआउट से निकला है। इसमें से एक मैच भारत ने जीता था। दोनों टीमों के बीच एक मुकाबला (2017 में भुवनेश्वर में पुरुष हॉकी विश्व लीग फाइनल) 1-1 से ड्रॉ रहा और उस समय शूटआउट का नियम लागू नहीं था। शुरुआती दोनों मैचों में जीत दर्ज करने में नाकाम रहा भारत इस अप्रत्याशित सफलता के साथ श्रृंखला को जीवंत रखने में कामयाब रहा। इस जीत के बाद भारत श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ रहा है। मेहमान टीम को पहले दो टेस्ट मैच में 4-5 और 4-7 से हार का सामना करना पड़ा था। टीम के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (12वें मिनट), अभिषेक (47वें मिनट), शमशेर सिंह (57वें मिनट) और आकाशदीप सिंह (60वें मिनट) ने गोल किए। ऑस्ट्रेलिया के लिए जैक वेल्च (25वें), कप्तान एरान जालेवस्की (32वें) और नाथन इफ्राम्स (59वें) ने गोल दागे। श्रृंखला का चौथा मैच शनिवार और आखिरी मैच रविवार को खेला जाएगा। इस मैच में दोनों टीमों ने धैर्यपूर्वक शुरुआत की और जवाबी हमले की जगह विरोधी टीम को मौका देने से बचने की कोशिश की। ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि सातवें मिनट मैच का पहला मौका बनाया लेकिन उसके खिलाड़ी भारतीय रक्षापंक्ति को चकमा देने के बाद गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक की सजगता से पार नहीं पा सके। इसके पांच मिनट के बाद भारतीय कप्तान ने पेनल्टी कॉर्नर पर ताकत का इस्तेमाल करने की जगह प्लेसमेंट पर ध्यान देते हुए ऑस्ट्रेलिया के गोलकीपर जोहान डर्स्ट की दाहिनी ओर गोल कर भारत को बढ़त दिला दी। इसके तुरंत बाद युवा खिलाड़ी सुखजीत सिंह ने अपने कौशल का शानदार परिचय दिया लेकिन उनका प्रयास गोल में नहीं बदल सका। मैच के दूसरे हाफ में 20वें मिनट में भारत के अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश गोल करने के दो और प्रयास को विफल कर दिए।

# बारिश के कारण तीसरा वनडे रद्द

## ● भारत ने 0-1 से श्रृंखला गंवाई

**भाषा।** क्राइस्टचर्च



**बारिश** के कारण बुधवार को यहां तीसरा और अंतिम वनडे रद्द हो गया और भारतीय टीम ने अपने लचर प्रदर्शन से न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला 0-1 से गंवा दी। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारतीय टीम बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण 47.3 ओवर में 219 रन पर सिमट गई। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने 18 ओवर में एक विकेट गंवाकर 104 रन बना लिए थे कि बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। वह डकवर्थ लुईस पद्धति के पार स्कोर के हिसाब से 50 रन से आगे थी। टीम के लिए फिन एलेन (57 रन) ने चौथा वनडे अर्धशतक जड़ा। कप्तान केन विलियमसन की टीम को जीत के लिए 32 ओवर में 116 रन की दरकार थी लेकिन उन्हें बिना नतीजे के संतोष करना पड़ा क्योंकि मैच को डकवर्थ लुईस पद्धति से तकनीकी रूप से पूरा करने के लिए दो ओवर की दरकार थी।

# इंग्लैंड विश्व कप के राउंड 16 में

**फीफा विश्व कप**

## ● इंग्लैंड ने मार्कस रशफोर्ड के दो और फिल फोडेन के एक गोल की मदद से वेल्स को 3-0 से हराया

**एपी।** अल रेयान (कतर)



**इंग्लैंड** ने मार्कस रशफोर्ड के दो और फिल फोडेन के एक गोल की मदद से वेल्स पर 3-0 की जीत से फीफा विश्व कप के राउंड 16 में प्रवेश किया। इंग्लैंड के कोच गेरेथ साउथगेट ने ग्रुप बी में टीम के अंतिम मैच में दोनों खिलाड़ियों को शुरूआती लाइनअप मे रखने का फैसला किया। इन दोनों ने भी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए मिलकर तीन गोल दागे। रशफोर्ड ने 50वें और 68वें मिनट में दो जबकि फोडेन ने 51वें मिनट में गोल किया।

ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली इंग्लैंड की टीम अब रविवार को राउंड 16 में सेनेगल से भिड़ेगी। वेल्स की टीम ग्रुप में अंतिम स्थान पर रहकर बाहर हो गई जो 64 साल में पहले विश्व कप में खेल रही थी। अमेरिका ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहा जो अब नीदरलैंड से भिड़ेगा जबकि ईरान तीसरे स्थान पर रहकर बाहर हुआ। रशफोर्ड गोल करने के बाद घुटने के बल बैठकर आसमान की ओर देखने लगे, उनके जश्न का तरीका अपने दोस्त को श्रृद्धांजलि देने के लिए था जिनका कैंसर से जूझने के बाद हाल में निधन हो गया था। रशफोर्ड ने टूर्नामेंट में अपने पहले मैच में शुरूआत की, उन्होंने कहा, इसी तरह के क्षण के लिए मैं फुटबॉल खेलता हूं। बड़े पल, सर्वश्रेष्ठ पल। खुश हूं कि टीम अगले दौर में पहुंची क्योंकि टीम के लिए हमारी काफी महत्वकांक्षाएं हैं और मुझे लगता है कि हम आज से कहीं बेहतर खेल सकते हैं। रशफोर्ड अहमद बिन अली स्टेडियम में दो गोल करने के बाद तीन गोल की बदौलत इस विश्व कप में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ियों के साथ शामिल हो गए हैं जिसमें फ्रांस के स्ट्राइकर किलियान एमबापे और दो अन्य खिलाड़ी मौजूद हैं। रशफोर्ड को ईरान के खिलाफ मिली 6-2 की जीत में स्थानापन्न के तौर पर उतारा गया था जिसमें उन्होंने एक गोल भी दागा था।

## कैमरून के गोलकीपर आंद्रे ओनाना अनुशासनात्मक कारणों से बाहर

**अल रेयान (कतर) (एपी)।** कैमरून के गोलकीपर आंद्रे ओनाना को कोच रिगोबर्ट सोंग के साथ हुए मतभेद के बाद अनुशासनात्मक कारणों से फीफा विश्व कप से स्वदेश भेज दिया गया। कैमरून फुटबॉल महासंघ ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इंटर मिलान के गोलकीपर को टीम से अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया और यह निलंबन कतर में पूरे टूर्नामेंट के दौरान जारी रहेगा। महासंघ ने कहा कि उसने ओनाना की मिलान के लिए उड़ान का इंतजाम कर दिया है।

# स्पेन की भिड़ंत जापान से, दोनों टीमों की नजरें नॉकआउट पर

दोहा, 30 नवंबर (एपी) जर्मनी के खिलाफ अंतिम लम्हों में गोल गंवाने के कारण जीत से चूकी स्पेन की टीम गुरुवार को यहां जापान के खिलाफ फुटबॉल विश्व कप नॉकआउट में अपनी जगह पक्की करने के इरादे से उतरेगी। स्पेन की टीम अगर मुकाबला ड्रॉ भी करा लेती है जो नॉकआउट में जगह सुनिश्चित कर लेगी। टीम के पास हारने की स्थिति में भी अंतिम 16 में जगह बनाने का मौका होगा लेकिन इसके लिए उसे जर्मनी और कोस्टा रिका के बीच होने वाले ग्रुप ई के एक अन्य मैच का नतीजा अपने पक्ष में होने की उम्मीद करनी होगी। जापान की राह भी आसान नहीं है। टीम अगर जीत दर्ज करती है तो लगातार दूसरी बार नॉकआउट में उसकी जगह पक्की हो जाएगी। यह पहली बार होगा जब जापान की टीम लगातार दो टूर्नामेंट के नॉकआउट में जगह बनाएगी। जापान की टीम हालांकि अगर हार जाती है तो टूर्नामेंट में उसका सफर यहीं समाप्त हो जाएगा। जापान ने अपने अभियान की शुरुआत चार बार के चैंपियन जर्मनी के खिलाफ हैरानी भरी जीत के साथ ही लेकिन अगले मैच में उसे कोस्टा रिका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

## कोस्टा रिका के खिलाफ जर्मनी को जीत की जरूरत

**दोहा (एपी)।** विश्व कप फुटबॉल के अपने शुरूआती मैच में जापान के खिलाफ उलटफेर का शिकार होने के बाद स्पेन जैसी मजबूत टीम को बराबरी पर रोकने वाली जर्मनी की टीम गुरुवार को यहां कोस्टा रिका के खिलाफ ग्रुप ई के मैच के लिए मैदान में उतरेगी तो उसे नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए जीत के अलावा किस्मत के साथ की जरूरत होगी। जापान से हार के बाद लगा था कि 2014 की चैम्पियन जर्मनी की टीम का सफर 2018 की तरह इस बार भी ग्रुप चरण में खत्म हो जाएगा लेकिन स्पेन से 0-7 से हारने वाली कोस्टा रिका की टीम ने जापान को 1-0 से हराकर ग्रुप ई की तालिका को रोमांचक बना दिया।

## पहली महिला रैफरी के रूप में इतिहास रचेंगी फ्रेपार्ट

**दोहा (एपी)।** फ्रांस की रैफरी स्टेफनी फ्रेपार्ट कतर में गुरुवार को जर्मनी और कोस्टा रिका के बीच मुकाबले के साथ पुरुष विश्व कप में रैफरी की भूमिका निभाने वाली पहली महिला बनेंगी। फीफा ने फ्रेपार्ट के सहायक के रूप में भी दो महिलाओं को चुना है जो ब्राजील की नुएजा बैक और मैक्सिको की कारेन डियाज मेडिना हैं। इस तरह इस मुकाबले में मैदानी अधिकारी की भूमिका में तीनों महिलाएं होंगी। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा द्वारा चुनी गई चौथी महिला मैच अधिकारी अमेरिका की कैथरीन नेसबिट भी अल बायत स्टेडियम में वीडियो समीक्षा टीम के साथ ऑफ साइड विशेषज्ञ की भूमिका निभाएंगी। दो अन्य महिलाएं रवांडा की सलीमा मुकानसांगा और जापान की योशिमी योमाशिता भी कतर में मुकाबलों में रैफरी की भूमिका निभाने वालों की फीफा सूची में शामिल हैं।

# पुलिसिच के गोल से ईरान को 1-0 से हराकर अमेरिका नॉकआउट में



**एपी।** दोहा

**क्रिस्टियन** पुलिसिच के 38वें मिनट में किए गए गोल की मदद से अमेरिका ने ईरान पर 1-0 की जीत से फीफा विश्व कप के नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया। अमेरिका के लिए मंगलवार रात को यह मुकाबला करो या मरो का था, उसने आक्रामक शुरूआत की और गोल में कई हमले किए। पर सफलता 38वें मिनट में मिली जब सर्गिनो डेस्ट ने पुलिसिच को बेहतरीन पास दिया और इस फुटबॉलर ने भी इसे गोल में पहुंचा दिया। हालांकि इस दौरान पुलिसिच का सिर गोलकीपर से टकराया और वह तीन मिनट तक गोल में लेटे रहे। अमेरिकी टीम के स्टाफ ने उनका उपचार किया जिससे उन्होंने कुछ देर तक मैच में रहने की कोशिश की लेकिन दूसरे हाफ के शुरू में उनकी जगह अन्य खिलाड़ी को उतारा गया। इसके बाद उन्हें अस्पताल में ले जाया गया और मैच खत्म होने के एक घंटे बाद उन्होंने साथी खिलाड़ियों से फेस टाइम के जरिए जीत का जश्न मनाया। मिडफील्डर वेस्टन मैकेनी ने कहा, हर खिलाड़ी इस टीम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अपना सर्वस्व देने को तैयार है। अमेरिकी टीम रूस में 2018 विश्व कप में क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। उसने वेल्स और इंग्लैंड के खिलाफ ड्रा खेला था जिससे उसे राउंड 16 में जगह बनाने के लिए जीत की दरकार थी। अमेरिकी टीम ग्रुप बी में इंग्लैंड से दो अंक पीछे पांच अंक से दूसरे स्थान पर रही।

## मोरक्को की निगाहें अगले दौर में पहुंचने पर

**दोहा (एपी)।** मोरक्को की टीम गुरूवार को यहां होने वाले फीफा विश्व कप मुकाबले में कनाडा को हराकर 1986 के बाद पहली बार नॉकआउट चरण में प्रवेश करना चाहेगी। वहीं कनाडा की टीम पहले ही बाहर हो चुकी है, लेकिन उसकी कोशिश होगी कि पहली जीत के साथ कतर से जाए। मोरक्को की टीम गुरूवार की रात जीत या ड्रा से भी अगले दौर में पहुंच जाएगी। इसके अलावा वह हार के बावजूद भी नॉकआउट में पहुंच सकती है लेकिन यह बेल्जियम के क्रोएशिया के खिलाफ मैच के नतीजे पर निर्भर करेगा। मोरक्को ने क्रोएशिया के खिलाफ गोलरहित ड्रा से शुरूआत की थी जिसके बाद उसने रोमेन साइस और जकारिया अबूखलाल के गोल की मदद से दूसरी रैंकिंग की बेल्जियम को 2-0 से हराकर उलटफेर किया।

# शरत कमल को खेल रत्न से सम्मानित किया गया



**भाषा।** नई दिल्ली

**टेबल** टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी अचंता शरत कमल को बुधवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित किया।

शरत खेल रत्न हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे जबकि बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय, महिला मुक्केबाज निकहत जरीन, ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों एल्धोस पॉल और अविनाश साबले सहित 25 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एक विशेष समारोह में पिछले कुछ वर्षों में भारतीय खेलों के शीर्ष खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। यह आयोजन पारंपरिक रूप से हर साल 29 अगस्त को हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है लेकिन पिछले साल भी यह कार्यक्रम किसी अन्य तारीख पर आयोजित किया गया था। समारोह का मुख्य आकर्षण शरत थे जिन्होंने दरबार हॉल में मौजूद चुनिंदा गणमान्य व्यक्तियों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अपना खेल रत्न पुरस्कार प्राप्त किया। खेल रत्न पिछले चार वर्षों की अवधि में एक खिलाड़ी को शानदार और सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। इसमें 25 लाख रुपए का नकद पुरस्कार, एक पदक और सम्मान पत्र दिया जाता है।

## राष्ट्रीय खेल पुरस्कार विजेता

मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2022: अचंता शरत कमल।

**अर्जुन पुरस्कार:** सीमा पूनिया (एथलेटिक्स), एल्धोज पॉल (एथलेटिक्स), अविनाश मुकुंद साबले (एथलेटिक्स), लक्ष्य सेन (बैडमिंटन), एचएस प्रणय (बैडमिंटन), अमित (मुक्केबाजी), निकहत जरीन (मुक्केबाजी), भक्ति प्रदीप कुलकर्णी (शतरंज), आर प्रज्ञानानंदा (शतरंज), दीप ग्रेस एक्का (हॉकी), सुशीला देवी (जूडो), साक्षी कुमारी (कबड्डी), नयन मोनी सैकिया (लॉन बाउल), सागर कैलास ओवलकर (मल्लखंब), इलावेनिल वलारिवान (निशानेबाजी), ओमप्रकाश मिथरवाल (निशानेबाजी), श्रीजा अकुला (टेबल टेनिस), विकास ठाकुर (भारोत्तोलन), अंशु (कुश्ती), सरिता (कुश्ती), परवीन (वुशु), मानसी गिरीशचंद्र जोशी (पैरा बैडमिंटन), तरुण ढिल्लो (पैरा बैडमिंटन), स्वप्निल संजय पाटिल (पैरा तैराकी), जर्लिन अनिका जे (बधिर बैडमिंटन)।

**द्रोणाचार्य पुरस्कार 2022 नियमित श्रेणी:** जीवनजोत सिंह तेजा (तीरंदाजी), मोहम्मद अली कमर (मुक्केबाजी), सुमा सिद्धार्थ शिरूर (पैरा निशानेबाजी), सुजीत मान (कुश्ती)।

द्रोणाचार्य पुरस्कार लाइफटाइम अचीवमेंट श्रेणी: दिनेश जवाहर लाड (क्रिकेट), बिमल प्रफुल्ल घोष (फुटबॉल), राज सिंह (कुश्ती)।

**लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए ध्यानचंद पुरस्कार 2022:** अश्विनी अकुंजी सी (एथलेटिक्स), धर्मवीर सिंह (हॉकी), बीसी सुरेश (कबड्डी), नीर बहादुर गुरुंग (पैरा एथलेटिक्स)।

**राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार 2022:** ट्रांसस्टेडिया एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी, लद्दाख स्की एंड स्नोबोर्ड संघ।

**मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी 2022:** गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर।

**तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार:** नैना धाकड़ (थल साहस), शुभम धनंजय वनमाली (जल साहस), ग्रुप कैप्टन कुंवर भवानी सिंह सम्याल (लाइफ टाइम अचीवमेंट)।




GALGOTIAS
INSTITUTE OF MANAGEMENT & TECHNOLOGY
(Approved by AICTE, Ministry of Education, Govt. of India & Affiliated to AKTU)

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION AGAINST VACANT SEATS FOR FOLLOWING PROGRAMS (2022-23)

**MBA** — Duration: 2 Years full time

**Eligibility:** Passed Bachelor Degree of minimum 3 years duration from any recognized Indian University; or its equivalent, recognized by A.I.U, securing minimum marks as prescribed by AICTE in the qualifying Examination.

**Applications are invited as per the following schedule:**
a) Last date for submitting the Application Form is **6th December, 2022.**
b) Date of publication of Merit List is **8th December, 2022.**
c) Last date for Admission to the candidate offered seat as per the Merit List is **12th December, 2022.**

For registration, submit a Demand Draft (DD) of Rs. 25000/- in favor of **"Galgotias Institute of Management & Technology"** payable at Delhi/Noida/Greater Noida.
- Admission strictly on merit as per AKTU norms.
- For successful candidates, Rs. 25000/- will be adjusted in their academic fee and for unsuccessful candidates, Rs. 1000/- will be deducted as registration fee and balance of Rs. 24000/- will be refunded.

**Note:** Pre-Registration for direct admission in Management / against Vacant seats on **'https://aktu.ac.in'** is mandatory.

For registration at campus, please contact
**Ms. Shilpi Chandra** - Director Admission.
GALGOTIAS INSTITUTE OF MANAGEMENT & TECHNOLOGY
1, Knowledge Park, Phase-II, Greater Noida,
Gautam Budh Nagar, UP-201310.
**Contact No:** 91-7303382054, 7303382055, 7303382056
www.galgotiacollege.edu — Ragging is Strictly Prohibited

GALGOTIAS
COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Approved by AICTE, Ministry of Education, Govt. of India & Affiliated to AKTU)

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION AGAINST VACANT SEATS FOR FOLLOWING PROGRAMS (2022-23)

**B.TECH.** — Duration: 4 Years
- Computer Science and Engineering *
- Computer Science and Engineering (Data Science)
- Computer Science and Engineering (Artificial Intelligence)
- Computer Science and Engineering (Artificial Intelligence and Machine Learning)
- Artificial Intelligence and Machine Learning
- Artificial Intelligence (AI) and Data Science
- Computer Science and Design
- Information Technology*
- Electronics & Communication Engineering*
- Mechanical Engineering*
- Civil Engineering*
- Electrical Engineering*
- Electrical and Electronics Engineering*

**Eligibility:** Passed 10+2 examination with Physics and Mathematics as compulsory subjects along with one of the Chemistry/Bio-Technology/Biology/Technical Vocational subject, securing minimum marks as prescribed by AICTE.

**Eligibility for Lateral Entry in B. Tech. 2nd Year:** Passed Minimum Three years / Two years (Lateral Entry) engineering diploma in the above branches recognized by Board of Technical Education/B.Sc. degree and passed 10+2 standard with mathematics as one of the subjects from any recognized university, securing minimum marks as prescribed by AICTE.

NBA *NBA Accredited Course; Students who graduate in the accredited courses during the validity period of accredition will be deemed to have graduated with an NBA degree.

**MBA** — Duration: 2 Years

**Eligibility:** Passed Bachelor Degree of minimum 3 years duration from any recognized Indian University; or its equivalent, recognized by A.I.U, securing minimum marks as prescribed by AICTE in the qualifying Examination.

**MCA** — Duration: 2 Years

**Eligibility:** Passed BCA / B.Sc. (Computer Science) / B.Sc. (IT) or graduation degree (e.g.: B.Sc. / B.Com. / B.A. / B. Voc. / etc.) with Mathematics at 10+2 level or at Graduation level, securing minimum marks as prescribed by AICTE in the qualifying Examination.

**Applications are invited as per the following schedule:**
a) Last date for submitting the Application Form is **6th December, 2022.**
b) Date of publication of Merit List is **8th December, 2022.**
c) Last date for Admission to the candidate offered seat as per the Merit List is **12th December, 2022.**

For registration, submit a Demand Draft (DD) of Rs. 25000/- in favor of **"Galgotias College of Engineering & Technology"** payable at Delhi / Noida / Greater Noida.
- Admission strictly on merit as per AKTU norms.
- For successful candidates, Rs. 25000/- will be adjusted in their academic fee and for unsuccessful candidates, Rs. 1000/- will be deducted as registration fee and balance of Rs. 24000/- will be refunded.

**Note:** Pre-Registration for direct admission in Management / against Vacant seats on **'https://aktu.ac.in'** is mandatory.

For registration at campus, please contact
**Ms. Shilpi Chandra** - Director Admission.
GALGOTIAS COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
1, Knowledge Park, Phase-II, Greater Noida,
Gautam Budh Nagar, UP-201310.
**Contact No:** 91-7303382054, 7303382055, 7303382056
www.galgotiacollege.edu — Ragging is Strictly Prohibited

GALGOTIAS
COLLEGE OF PHARMACY
(Approved by PCI, Ministry of Education, Govt. of India & Affiliated to AKTU/BTE)

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION AGAINST VACANT SEATS FOR FOLLOWING PROGRAMS (2022-23)

**B. Pharm.** — Duration: 4 Years

**Eligibility:** Passed 10+2 examination or its equivalent with Physics and Chemistry as compulsory subjects along with one of the Mathematics/Biology subjects.

**Eligibility for Lateral Entry in B. Pharm. 2nd Year:** Passed 2/3 years Diploma in Pharmacy from an Institution located in U.P. with minimum 45% marks (40% for SC/ST)' OR whose parents are domicile of U.P. are eligible for admission to second year of B. Pharm.

**D. Pharm.** — Duration: 2 Years

**Eligibility:** Passed 10+2 examinations (science stream) with Physics, Chemistry and Biology or Mathematics or equivalent approved by the Pharmacy Council of India

**Applications are invited as per the following schedule:**
a) Last date for submitting the Application Form is **6th December, 2022.**
b) Date of publication of Merit List is **8th December, 2022.**
c) Last date for Admission to the candidate offered seat as per the Merit List is **12th December, 2022.**

For registration, submit a Demand Draft (DD) of Rs. 25000/- in favor of **"Galgotias College of Pharmacy"** payable at Delhi / Noida / Greater Noida.
- Admission strictly on merit as per AKTU norms.
- For successful candidates, Rs. 25000/- will be adjusted in their academic fee and for unsuccessful candidates, Rs. 1000/- will be deducted as registration fee and balance of Rs. 24000/- will be refunded.

**Note:** Pre-Registration for direct admission in Management / against Vacant seats on **'https://aktu.ac.in'** is mandatory

For registration at campus, please contact
**Ms. Shilpi Chandra** - Director Admission.
GALGOTIAS COLLEGE OF PHARMACY
1, Knowledge Park, Phase-II, Greater Noida,
Gautam Budh Nagar, UP-201310.
**Contact No:** 91-7303382054, 7303382055, 7303382056
www.galgotiacollege.edu — Ragging is Strictly Prohibited